सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
01.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 138
पेज 12 : सैम बहादुर की स्पेशल स्क्रीनिंग रेखा ने जीता सबका दिल

# एमपी-राजस्थान में भाजपा, छग-तेलांगना में कांग्रेस को बढ़त

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का दौर गुरुवार को तेलंगाना में वोटिंग के साथ संपन्न हो गया। इसके साथ ही एग्जिट पोल के नतीजे सामने आये हैं। ज्यादातर एग्जिट पोल में छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में कांग्रेस को बढ़त मिलने की भविष्यवाणी की गयी है। वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा को फायदा होने का अनुमान लगाया गया है। सर्वेक्षणकर्ताओं ने यह भी संकेत दिया कि मिजोरम में, जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के साथ करीबी मुकाबले में था और कांग्रेस और भाजपा पिछड़ रही है। 230 सदस्यीय एमपी विधानसभा में भाजपा सत्ता में है। कांग्रेस राजस्थान (199) और छत्तीसगढ़ (90) में शासन कर रही है। तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) 10 साल से सत्ता में है और मिजोरम में एमएनएफ सरकार में है। पांचों विधानसभा चुनावों के नतीजे 3 दिसंबर को घोषित होंगे।

### पांच राज्य में कहां बनेगी किसकी सरकार

### छत्तीसगढ़ विधानसभा

90 सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए एक्सिस माय इंडिया के सर्वे के मुताबिक कांग्रेस को 40 से 50 सीटें और भाजपा को 36 से 46 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य को एक से पांच सीटें मिल सकती हैं। जन की बात' के सर्वे में भाजपा को 34 से 45, कांग्रेस को 42 से 53 सीटें मिलने का अनुमान है। चाणक्य के सर्वे में भाजपा के 33 से आठ सीटें ज्यादा या कम मिलने का अनुमान जताया गया है। इसी तरह कांग्रेस को 57 से आठ सीटें ज्यादा या कम मिल सकती हैं। सी वोटर के सर्वे में कांग्रेस को 41 से 53, भाजपा को 36 से 48 और अन्य को चार सीटें जाने का अनुमान जताया गया है।

### मध्य प्रदेश विधानसभा

230सीटों वाली एमपी विधानसभा के एग्जिट पोल में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। जन की बात के सर्वे के मुताबिक भाजपा को 100 से 123 सीटें, कांग्रेस को 102 से 105 मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में पांच सीटे जा सकती हैं। रिपब्लिक के सर्वे के मुताबिक भाजपा को 118 से 130, कांग्रेस को 97 से 107, अन्य को दो सीटें मिलने का अनुमान है। एक्सिस के सर्वे में एमपी में भाजपा को 140 से 162, कांग्रेस 68 से 90 और अन्य को तीन सीटें मिलने का अनुमान जताया है। पोलस्ट्रॉट के सर्वे के मुताबिक भाजपा को 106 से 116 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को 111 से 121 सीटें मिलती दिखाई दे रही हैं। वहीं अन्य के खाते में छह सीटें जा सकती हैं।




### राजस्थान विधानसभा

199 सीटों वाली राजस्थान विधानसभा में जन की बात के सर्वे में भाजपा को 100 से 122 सीटें और कांग्रेस को 62 से 85 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 14 से 15 सीटें जा सकती हैं। पोलस्ट्रॉट के सर्वे के मुताबिक भाजपा को 100 से 110, कांग्रेस को 90 से 100, अन्य को 5 से 15 सीटें मिलने का अनुमान है। एक्सिस माय इंडिया के सर्वे में कांग्रेस को 86 से 106 सीटें, भाजपा को 80 से 100 सीटें और अन्य को 9 से 18 सीटें मिलने का अनुमान है।

### तेलंगाना विधानसभा

119 सीटों वाली तेलंगाना विधानसभा में जन की बात के सर्वे में कांग्रेस को 48 से 64 सीटें, बीआरएस को 40 से 45 सीटें, भाजपा को सात से 13, एआईएमआईएम को चार से सात सीटें मिलने का अनुमान है। सीएनएन के सर्वे के मुताबिक कांग्रेस को 56, बीआरएस को 48, भाजपा को 10, एआईएमआईएम को पांच सीटें मिलने का अनुमान है। (शेष पेज 11 पर)

देवघर में देश के 10,000वें जन औषधि केंद्र का उदघाटन

## बाबा की भूमि से शुभारंभ का मौका मिला : मोदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**नयी दिल्ली, रांची।** पीएम मोदी ने भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और भारत के गरीब परिवार को विकसित भारत का चार अमृत स्तंभ बताया। साथ ही कहा कि मेरे लिए ये चारों ही बड़ी 'जातियां' हैं। इनके उत्थान से ही भारत विकसित होगा। इस मौके पर पीएम ने एम्स, देवघर में ऐतिहासिक 10,000वें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि बाबा की भूमि से मुझे उद्घाटन करने का अवसर मिला। उन्होंने इस मौके पर देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने का कार्यक्रम भी लांच किया। गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और सांसद निशिकांत दूबे भी देवघर से पीएम के साथ जुड़े रहे। पीएम मोदी ने झारखंड के कई जन औषधि केंद्र के लाभुकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की।

**बीमारी से बचें, पैसा भी बचे :** पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि बाबा की भूमि से मुझे उद्घाटन करने का अवसर मिला। अब गांव के लोगों को सस्ती दवा मिलेगी। (शेष पेज 11 पर)

# 50 हजार युवाओं की नियुक्ति शीघ्र

## विपक्ष पर बरसे हेमंत, कहा- जुमलेबाजों को जवाब देना जरूरी

### गढ़वा में सरकार आपके द्वार

- अंतिम व्यक्ति तक को लाभ देने का सरकार कर रही काम, योजनाओं को धरातल पर उतारने का हो रहा प्रयास, झारखंड के नवनिर्माण में ताकत से जुटी सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची/गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि शीघ्र ही राज्य में 50 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दी जायेगी। श्री सोरेन शुक्रवार को गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तीसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं आपके दरवाजे पर इंतजार कर रही है। इस दौरान सीएम ने विपक्ष को फिर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अब गरीब-गुरबा को दस रुपये में धोती साड़ी मिलता है, लेकिन इनका बस चले तो तन ढकने का कपड़ा भी छीन लें। उन्होंने कहा कि जुमलेबाजों को पहचानकर मुंहतोड़ जवाब देना है। उनलोगों को जनता ने मौका दिया, पर राज्यहित में काम नहीं किया। राज्य को पीछे धकेल दिया।

सीएम ने कहा कि गांव मजबूत होगा तभी झारखंड मजबूत होगा। उन्होंने मंच से लोगों से पूछा कि हमारे बूढ़ा-बुजुर्ग को पेंशन मिलता है कि नहीं, हमारी विधवा महिलाओं को पेंशन मिलता है कि नहीं। सीएम ने कहा कि हम गांव के लिए गांव और शहर के लिए शहर की जरुरत वाली योजना पर काम कर रहे हैं। उनकी सरकार झारखंड के नवनिर्माण के लिए पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए झारखंड सरकार प्रतिबद्ध है। आप इन योजनाओं से जुड़कर खुद को सशक्त और स्वावलंबी बनायें। (शेष पेज 11 पर)

### पढाई में युवाओं को पैसे की चिंता नहीं

सीएम ने कहा कि राज्य के बच्चों को अब पढ़ाई के लिए पैसे की चिंता नहीं करनी होगी। गरीब बच्चों को भी अब अच्छी और बेहतर शिक्षा देने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। बच्चियों के लिए किशोरी बाई सावित्री फूले योजना है। बच्चों को परीक्षाओं की तैयारियों से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों के साथ निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रहे हैं।

## आज रांची पहुंचेंगे झारखंड के सभी मजदूर

### सीएम के निर्देश पर एयरलिफ्ट कर लाया जा रहा है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर टनल से बाहर निकाले गये झारखंड के सभी 15 मजदूरों और मिलने गये 12 परिजनों को इंडिगो एयरलाइंस से वापस लाया जायेगा। उनकी सकुशल वापसी के लिए सीएम के निर्देश पर जैप आइटी सीइओ भुवनेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के दो पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है। वे उत्तराखंड से दिल्ली पहुंचेंगे और शुक्रवार को दिल्ली से रांची लेकर आयेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### बड़े घर के बच्चे होते तो घंटे में निकाल लेते: हेमंत

गुरुवार को पलामू में सीएम हेमंत सोरेन ने टनल हादसे को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में मजदूर फंसे थे, बड़े घर के बच्चे रहते तो कुछ ही घंटे में उन्हें बाहर निकाल दिया जाता। सीएम यहां पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। सीएम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव के तैयारी के बारे में टिप्स भी दिये। उन्होंने कहा, आज केंद्र से बड़े-बड़े दिग्गज झारखंड पहुंच रहे हैं और ये मंत्र फूंक रहे हैं। यह चतुर किस्म के लोग हैं जो राज्य में संप्रदायवाद को बढ़ाने के साथ-साथ यह अगड़ों पिछड़ों को भी लड़ा रहे हैं।

## दोषी करार दंपती बेलाल और अफसाना को ताउम्र कैद की सजा

### सोफिया हत्याकांड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सोफिया हत्याकांड में दोषी करार दंपति शेख बेलाल और अफसाना खातून उर्फ साबो खातून को अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को तउम्र कैद की सजा सुनायी। साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि इन दोनों दोषियों को अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा। इससे पूर्व अदालत ने दोनों को हत्या के आरोप में 25 नवंबर को दोषी ठहराया था। ओरमांझी से तीन जनवरी, 2021 को महिला का सिर कटा शव बरामद किया गया था। उसकी गला रेत कर हत्या की गयी थी।

**फांसी की मांग की गयी :** सजा के बिंदु के सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से इस जघन्य हत्याकांड कड़ी से कड़ी सजा के तहत फांसी की मांग की गयी। इसका इस बचाव पक्ष की अधिवक्ता ने कम से कम उम्र कैद देने की वकालत कीह। अदालत ने दोनों की बहस सुनने के बाद ताउम्र कैद की सजा सुनायी। (शेष पेज 11 पर)

## केमिकल फैक्ट्री में आग, 7 की मौत

**एजेंसी**

**सूरत।** गुजरात में सूरत जिले के सचिन इलाके में स्थित केमिकल बनाने वाली कंपनी एथर इंडस्ट्री में लगी भीषण आग से सात मजदूरों की मौत हो गयी। आग में कंपनी के 27 कर्मचारी झुलस गये। मृतकों के कंकालों को पोस्टमार्टम के लिए न्यू सिविल अस्पताल भेज दिया गया। मामले की जांच के लिए पुलिस समेत आला अधिकारियों का काफिला मौके पहुंच गया। अचानक हुई इस घटना से एथर कंपनी लोगों में चर्चा का विषय बन गयी है। दक्षिण गुजरात टेक्सटाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष जीतू भाई वखारिया ने कहा कि एथर कंपनी ने मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों को 25 लाख रुपये की सहायता दी जायेगी। एथर कंपनी ने मृतकों के परिवारों की जिम्मेदारी ली है। कंपनी मृतकों के बच्चों की पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी भी उठायेगी। जिस मृतक के परिवार में केवल माता-पिता हैं, उनके जीवन-यापन की भी जिम्मेदारी उठायेगी। इस कंपनी की सूरत शहर में दो फैक्ट्रियां हैं। इसके पास लगभग 25 विभिन्न रासायनिक उत्पादों का पोर्टफोलियो भी है, जिनका उपयोग कृषि रसायन, तेल और दवा उद्योगों में किया जाता है।

### न्यूज डायरी

### बीएसएफ के समारोह में भाग लेने शाह हजारीबाग पहुंचे

**रांची।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को हजारीबाग पहुंचे। नयी दिल ली से श्री शाहविशेष विमान से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से हेलीकॉप्टर से हजारीबाग स्थित बीएसएफ कैंप पहुंचे। बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, एजी सोनाली मिश्रा, रवि गांधी, केएस वनियाल और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने अमित शाह का स्वागत किया।

### मंत्री ने किया नैनो खाद प्लांट का निरीक्षण

**देवघर/रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को देवघर जिले के जसीडीह के औद्योगिक क्षेत्र स्थित इफको नैनो फर्टिलाइजर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह नैनो फर्टिलाइजर प्लांट संथाल परगना क्षेत्र के लिए एक वरदान साबित होगा। ना सिर्फ किसानों को उन्नत बनायेगी, बल्कि यहां के स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार का साधन भी मुहैया करायेगी। इस कड़ी में गुरुवार को ड्रोन के माध्यम से खेती की उन्नत तकनीक का भी शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि भारत के किसान उन्नत होंगे तभी भारत विकसित हो पायेगा। इफको द्वारा स्थापित किया जा रहे नैनो उर्वरक संयंत्र जल्द ही बनकर तैयार होगा।

### बागेश्वर धाम दरबार मामले में सात को सुनवाई

**रांची।** बाबा बागेश्वर के पलामू में प्रस्तावित कार्यक्रम के मामले हाई कोर्ट में सुनवाई अब सात दिसंबर को होगी। आयोजन की अनुमति को लेकर श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति हाई कोर्ट गयी थी। हाई कोर्ट ने आयोजन समिति को संशोधित याचिका दायर करने की मंजूरी दी। बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पलामू में 10 से 12 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित होना है। अनुमति रद्द होने से पहले ही आयोजन समिति कोर्ट गयी थी। पलामू जिला प्रशासन ने अनुमति को रद्द कर दिया था।

### रामगढ़ में बस -ट्रेलर में टक्कर, 6 यात्री घायल

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार पुल के समीप गुरुवार रांची से धनबाद जा रही एक बस को एक ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में बैठे छह घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### राजभवन में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आज

**रांची।** झारखंड राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राजभवन से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम एक दिसंबर को नागालैंड राज्य स्थापना दिवस पर होगा। इसके तहत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख






# राज्य के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर पहुंचे अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर राज्य भर में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए सघन अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में ऐसे वयोवृद्ध मतदाताओं के पास जाकर उनके मतदाता पंजीकरण संबंधी मामलों को सुना गया। कहीं कहीं जरूरत अनुसार उनके प्रपत्र भी भरवाये गए। साथ ही उनको पुष्प गुच्छ, शाल आदि देकर सम्मानित करते हुए लोकतंत्र में उनकी अब तक निभाई गई भूमिका के लिए कृतज्ञता ज्ञापित किया गया।

इस दौरान इन बुजुर्ग मतदाताओं की ओर से राज्य के युवा मतदाताओं के लिए अपील भी करवाई गई। अपील के वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के लिए राज्य भर में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सीनियर वोटर्स वॉइस के नाम से सोशल मीडिया हैशटैग अभियान चलाया गया।

विभागीय निर्देश पर इस सोशल मीडिया विशेष अभियान के नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने भी भरनो, सिसई, गुमला में इस अभियान के तहत बुजुर्ग मतदाताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। उक्त अभियान राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चलाया गया जिसमें ईआरओ, एईआरओ, पर्यवेक्षक तथा बीएलओ ने हिस्सा लिया।

सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक के इस विशेष अभियान के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि हमारे देश की अब तक की लोकतांत्रिक यात्रा में हमारे इन बुजुर्ग मतदाताओं की बड़ी भूमिका रही है। आज के इस अभियान के कारण हमारे 'बुजुर्ग मार्गदर्शक' न केवल मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपने आप को सहभागी महसूस करेंगे, बल्कि उनकी अपील और उनके विचारों से नई पीढ़ी के मतदाता भी प्रेरित होंगे। भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि किसी भी वर्ग और श्रेणी का कोई भी पात्र मतदाता छूटने ना पाए।



### जमशेदपुर से किया अभियान का शुभारंभ

दिन भर चले इस अभियान का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जमशेदपुर में बुजुर्गों को गुलाब फूल देकर तथा शाल ओढ़ाकर किया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों के साथ ही सुबह का भोजन किया। जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों सह उपायुक्तों ने भी सुबह-सुबह इस अभियान के तहत अपने क्षेत्र के बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान कर अभियान को अपनी निगरानी में चलवाया।

## रोजगार मेला में झारखंड सहित देशभर के 51 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सांकेतिक रूप से 31 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हर साल देश के 10 लाख युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी देने के अभियान के तहत गुरुवार 30 नवंबर को रांची सहित देश भर के विभिन्न स्थानों में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। राजधानी रांची के सीसीएल सभागार में आयोजित रोजगार मेला के दरमियान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा स्थानीय रांची सांसद संजय सेठ के अलावा कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर झारखंड सहित देशभर के 51 हजार 156 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया, जिसमें झारखंड के 161 अभ्यर्थी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सांकेतिक रूप से 31 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया, जो केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में पदस्थापित किये जायेंगे।

इस मौके पर नियुक्ति पत्र अपने पाने वाले युवाओं की खुशी देखते ही बनी। देवघर एम्स के लिए नियुक्ति पत्र पाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहीं डॉ दीपदत्त सेनगुप्ता कहती हैं कि उनकी यह पहली नौकरी है, जिससे वो बेहद ही खुश हैं। प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में आत्मविश्वास जगता है और लोग सरकारी नौकरी पाने के लिए प्रेरित होते हैं। पलामू की प्रिया दुबे कई वर्षों से बैंकिंग की तैयारी कर रही थीं आखिरकार उन्हें सफलता मिली और आज जैसे ही नियुक्ति पत्र मिला उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यूनियन बैंक में बतौर क्लर्क काम करने के लिए तैयार प्रिया कहती हैं कि आज के दिन का उन्हें लंबे समय से इंतजार था, आखिरकार सफलता उन्हें मिल गयी। बहरहाल केंद्र सरकार के द्वारा शुरू की गई इस अभियान के तहत अब तक लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुका है और आने वाले समय में संभावना यह जताई जा रही है की नियुक्ति पत्र मिलने में और तेजी आएगी।




> आपका परिश्रम और प्रतिभा का नतीजा है जो यह नियुक्ति पत्र मिल रहा है। मैं आपको और आपके परिवार के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। सरकारी सेवा में आने के बाद आपको भी ऐसी ही नेक नीयत से, ऐसे ही समर्पण भाव और निष्ठा से अपने आपको जनता जनार्दन की सेवा के लिए तत्पर रहना है।
>
> **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**झारखंड सहित देशभर के 51 हजार 156 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया**

### मिशन कर्मयोगी के तहत चल रहा अभियान

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रोजगार मेला के जरिए प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों पर नियुक्ति किए जाने के इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यह दृढ़निश्चयी सोच की वजह से हर महीने रोजगार मेला आयोजित कर नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। ये मिशन कर्मयोगी के तहत अपने भविष्य को उज्जवल करने के साथ-साथ देश के भी विकास में भूमिका निभाने की युवाओं को प्रेरित की जा रही है।

# रिम्स में येलो फीवर वैक्सीनेशन की शुरूआत

### सप्ताह में दो दिन मिलेगा टीका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अफ्रीका व दक्षिण अमेरिकी देशों की उड़ान भरने वालों लोगों को राहत मिलेगी। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स में येलो फीवर(पित ज्वार) टीके की शुरूआत हो गई है। टीका लेने के लिए ऑनलाइन और ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन सुबह 8:30 से 11:30 तक किया जाएगा। वहीं सप्ताह में 2 दिन गुरुवार और शनिवार को टीकाकरण किया जाएगा। टीका के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा है। बता दें कि सामुदायिक चिकित्सा वैक्सीन सेंटर के नोडल पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार को बनाया गया है।




### टीका लेने के बाद जारी किया जाएगा प्रमाण पत्र

येलो फीवर (पीत ज्वर) की समस्या कर्क व मकर रेखाओं के बीच स्थित देशों में पाई जाती है। येलो फीवर इन देशों में संक्रामक रोग माना जाता है, जो तीव्र गति से लोगों में फैलता है। इससे बचने के लिए सरकार ने इन देशों की यात्रा से पहले वैक्सीनेशन अनिवार्य कर दिया है। सेंटर पर वैक्सीन लगाने के बाद यात्री को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## तेतरियांखाड़ कोयला परियोजना में सफेदपोशो का वर्चस्व

# अवैध क्रियाकलापों को नियमित दे रहे है अंजाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा संचालित तेतरियांखाड़ कोयला परियोजना में बृहत पैमाने पर चल रहा है गड़बड़ झाला। इस परियोजना में यूनियन के नाम पर तथकथित नेता अपनी मनमर्जी चलाने में कोई कोताही नहीं बरत रहे है। प्रबंधन भी ऐसे नेताओं के क्रियाकलापों पर रोक लगाने में विफल साबित हो रही है।

ज्ञात हो कि इस परियोजना के अंदर समाज के कथित सफेदपोश व राष्ट्रीय मजदूर यूनियन के नाम पर राजनीति की दुकान चलानेवाले भयमुक्त होकर अवैध कार्यकलापों को नियमित अंजाम दे रहें हैं। तेतरियांखाड़ कोयला परियोजना इन दोनों विवाद के कारण सुर्खियों के केंद्र बिंदु में है। कभी ट्रकों के प्रवेश, कभी विस्थापितों को नौकरी से हटाने व कभी वर्चस्व को लेकर मारपीट की घटनाएं आम होती जा रही है। आरोप- प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है।

### क्या लिखा है पत्र में---



इस परियोजना में नेताओं के बढ़ते मनोबल से वहां के आम और खास व्यक्ति भी परेशान है। इस संबंध में वहां के एक स्थानीय व्यक्ति प्रदीप यादव ने संबंधित थाना में अपनी शिकायत दर्ज करायी है। उन्होंने आवेदन देकर एक राष्ट्रीय मजदूर यूनियन के कथित विस्थापित नेता गिरधारी यादव पर 20 प्रतिशत रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। प्रदीप यादव ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि अडानी पावर ग्रुप पावर प्लांट का कोयला तेतरियांखाड़ से बालूमाथ कोल साइडिंग जाना है, इसके उठाव (लिफ्टिंग) का कार्य मुझे और मेरे साझेदार मनोज यादव को प्राप्त हुआ है। गत 24 अक्टूबर को आपसी सहमति बनी थी कि यह कोयला ट्रकों से परिवहन किया जाएगा। न लाभ न हानि फामूर्ले पर कार्य होगा। उक्त तिथि को स्वयं कथित राष्ट्रीय मजदूर संघ के नाम पर राजनीति करने वाले गिरधारी यादव ने हमें अपने यहां बुलाया और कहा कि सभी डीओ होल्डर हमें 50 प्रतिशत बतौर रंगदारी देते हैं, आप लोग मेरे अपने आदमी हो इसलिए 20 प्रतिशत हमें यह अवैध राशि रंगदारी के रूप में देने होंगे। यादव को रंगदारी नहीं देने पर वह कुछ लोगों के साथ मिलकर मेरे कार्य में व्यवधान डाल रहे हैं, और नित्य प्रतिदिन भाड़े के लोगों के साथ धरना प्रदर्शन का आयोजन कर अनर्गल बयान बाजी भी कर रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र से पूछे जाने पर उन्होंने जानकारी दी कि शिकायतकर्ता प्रदीप यादव का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के उपरांत दोषि व्यक्तियों के उपर कार्रवाई होगी।

# रेल,कोयला और खान राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने किया हजारीबाग का दौरा

**रांची।** रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने गुरुवार को हजारीबाग का दौरा किया। कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद सहित सीसीएल के निदेशकगणों ने रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। अपने एक दिवसीय दौरा के दौरान श्री पाटिल ने हजारीबाग में 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम' को प्रदर्शित करते हुए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने हजारीबाग लेक का भी दर्शन किया।

इसके पूर्व उन्होंने सीआईएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल के निदेशकगणों तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं हितधारकों से मिलकर कोयला उत्पादन एवं प्रेषण से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सीसीएल प्रबंधन द्वारा कंपनी के कार्यनिष्पादन, योजनाओं, उपलब्धियों एवं चुनौतियों से उन्हें अवगत कराया गया। उन्होंने सीसीएल के कार्य निष्पादन का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये ताकि देश की ऊर्जा आवश्यकता की निर्बाध पूर्ति हो सके।



## खबर एक नजर में

### 24 साल बाद एसीबी कोर्ट ने आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज की

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने गुरुवार 24 साल पुराने भ्रष्टाचार के साथ धोड़ाधड़ी मामले के आरोपी तत्कालीन तीन इंजीनियरों शिव चंद्र प्रसाद, श्याम सुंदर सिंह एवं ललन सिंह की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है। इससे तीनों को झटका लगा है। अदालत ने 25 नवंबर को अर्जी पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। तीन आरोपी इंजीनियर भवन निर्माण विभाग रांची में कार्यरत रहते हुए सरकारी भवन निर्माण में घोटाला किया था। इससे राज्य सरकार को उस समय 19 लाख रुपए राजस्व की क्षति हुई थी। घोटाले के लेकर निगरानी थाना में 26 सितंबर 1999 को आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपियों ने मामले से अपने आप को आरोप मुक्त करने को लेकर 26 जुलाई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामले में अब आरोपियों पर आरोप गठन किया जायेगा।

### नहीं रहे जैन समाज के स्तंभ धर्मचंद जैन रारा



**रांची।** झारखंड में समाज सेवा के क्षेत्र में अपना विशिष्ठ स्थान बनाने वाले धर्मचंद जैन रारा का गुरूवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। न केवल जैन समाज के प्रति समर्पित थे बल्कि वह कई जैनेत्तर संस्थाओं से भी जुड़े हुए थे। उन्होंने अपने जीवन में कई सामाजिक संस्थाओं जुड़े रहे । वह अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के संरक्षक मंडली के सदस्य थे तो अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया। जैन समाज मधुबन के अध्यक्ष सत्येन्द्र जैन ने इन्कें निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह काफी मिलनसार और समाज के मुख्य स्तंभ जैसे थे। सभी की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद सर्वमान्य निर्णय की नीति ही उनके स्वभाव में थी। उनके जाने से समाज ने एक मार्गदर्शक और संरक्षक को खो दिया है।

### राष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में 28 राज्यों की टीम के साथ साथ रेलवे एवम सर्विसेस की टीमों ने भी लिया भाग

**रांची।** भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम झारखंड साइकलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम खेलगांव में गुरूवार को 75वां सीनियर महिला एवम पुरुष ,52वा जूनियर ,38वा सब जूनियर बालक एवम बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विजय हांसदा सांसद एवम विशिष्ट अतिथि साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल सरदार मनिंदर सिंह पाल, नीरज तंवर, सुदीश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। इस राष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में 28 राज्यों की टीम के साथ साथ रेलवे एवम सर्विसेस की टीमों भी भाग ले रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन झारखंड साइकलिंग संघ के उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, रणवीर, दिवाकर, राजेश, दिलीप, जीतेंद्र, सलिल, चंद्र बहादुर, राजकुमार,सोमित्रों बोराल, सतविंदर, अनीता, मो0 दानिश, प्रदीप रजक, आदि का योगदान रहा।

# नक्सल अभियान में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को मिली सहायता राशि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नक्सल अभियान में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को मुआवजा मिला है। गुरुवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने चाईबासा जिले में बीते 14 अगस्त को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और कांस्टेबल गौतम कुमार के परिजनों को 25 लाख और 15 लाख रुपये इंश्योरेंस के रूप में प्रदान किये। बता दें कि फोर्थ ग्रेड कर्मचारी से लेकर डीजीपी तक करीब 66 हजार पुलिसकर्मियों को भारतीय स्टेट बैंक से निःशुल्क 50 से 60 लाख रुपये का बीमा का लाभ मिलेगा। बिना कोई प्रीमियम दिये यह लाभ पुलिसकर्मियों को मिलेगा। इसे लेकर झारखंड पुलिस और एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) के बीच बीते 22 अगस्त को एमओयू हुआ था।



### इससे पहले भी दिया गया है मुआवजा

झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ झारखंड में निर्णायक लड़ाई चल रही है। इस लड़ाई में हमारे जवान और अफसर बिना किसी भय के भाग ले रहे हैं। जिसमें उन्हें अपनी प्राणों की आहुति भी देनी पड़ रही है। शहीदों के परिजनों के साथ पुलिस मुख्यालय हमेशा खड़ा है। इससे पूर्व शहीद अमित तिवारी और गौतम के परिजनों को पूर्व में पुलिस मुख्यालय की ओर से राशि दी गयी है।

## भारतीय भाषा उत्सव 2023: झारखंड के 25 सरकारी स्कूलों के बच्चे गोवा के स्कूली बच्चों के साथ करेंगे विचार साझा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले भारतीय भाषा उत्सव 2023 में भागीदारी निभाने के लिए झारखंड से 25 विद्यालयों का चयन होगा। हर जिले से चयनित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को गोवा के स्कूली बच्चों के साथ वर्चुअल इंटरेक्शन करवाया जाएगा। इन दिनों चल रहे 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का समापन 11 दिसंबर को जाने-माने तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती के जयंती के अवसर पर होगा। सुब्रमण्यम भारती तमिलनाडु के न केवल स्वतंत्रता सेनानी थे बल्कि एक समाज सुधारक के रूप में उनकी पहचान देश में बनी। यही वजह है कि उन्हें महाकवि भारती के नाम से जाना जाता है।

भारतीय भाषा उत्सव का उद्देश्य यह है कि देशभर में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाएं, चाहे वह क्षेत्रीय हो या राष्ट्रीय, इसे विद्यार्थी समझ सकें, इस तरह की भाषाई विविधता का जश्न मनाने के लिए स्कूलों के बीच साझेदारी की जा रही है और चयनित 25 विद्यालयों के स्कूली बच्चों को गोवा के स्कूली बच्चों के साथ वर्चुअल बातचीत कराकर एक दूसरे के सांस्कृतिक और भाषाई विविधता की जानकारी देने का काम किया जाएगा।

### जेईपीसी द्वारा विभिन्न विषयों पर हो रहा है कार्यक्रम

झारखंड शिक्षा परियोजना राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे भाषाथॉन कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी हुई है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार के अनुसार इसके तहत जिला स्तर पर न केवल भारतीय भाषा प्रचार मेले का आयोजन होगा, बल्कि विभिन्न विषयों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरण के साथ-साथ अपने परिवेश को जानना, साहित्य, अंकगणित, मेरी सोच मेरे विचार, पढ़ने और अभिव्यक्ति जैसे विषयों पर स्कूलों में परिचर्चा आयोजित की जा रही है, जो सुब्रमण्यम भारती के जीवन को समर्पित है।

### आरबीआई कार्यालय में किया गया मॉकड्रिल



**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक,रांची कार्यालय के प्रांगण में मॉक इवैकुएशन ड्रिल का अभ्यास गुरुवार को किया गया। अभ्यास प्रारंभ होने से पूर्व सर्वप्रथम प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के द्वारा स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर आग बुझाने से संबन्धित प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों ने सक्रियता से भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही यह अभ्यास समाप्त हुआ।

# भाजपा के संभावित उम्मीदवारों के चयन को लेकर सर्वे जारी

**भाजपा अब नुक्कड़ व चौराहों पर सिटिंग एमपी के परफोरमेंस पर जानकारी इकट्ठा कर रही है**

उदय चौहान



**रांची।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर सर्वे शुरू कर दी है। संभावित उम्मीदवारों के चयन को लेकर भाजपा अब दूसरी सर्वे करा रही है। सर्वे का काम एक निश्‍चित अंतराल पर हो रहा है। वर्तमान सांसदों की स्कैनिंग भी हो रही हैं। शहर व गांव के चौराहा व नुक्कड़ों में सिटिंग एमपी के परफोरमेंस की जानकारी एकत्र की जा रही है। हालांकि, इस सर्वे की रिपोर्ट के बाद भी उम्मीदवारों के चयन के लिये एक आखिरी सर्वे का काम किया जायेगा। तीसरे सर्वे में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जायेगा। राज्यों की चुनाव समिति की अनुशंसाओं के बाद पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगायेगा। झारखंड की 14 लोकसभा सीट के लिए चुनाव जीतने में कौन उम्मीदवार जनता और भाजपा कार्यकताओं की नजर में सबसे योग्य हो सकता है, इसे लेकर सर्वे कराया जा रहा है।

गौरतलब है कि सर्वेक्षण में संभावित उम्मीदवारों के नामों को लेकर यह पता करवाया जा रहा है कि किसकी जनता तक नियमित पहुंच है। कौन उम्मीदवार क्षेत्र में कितना सक्रिय है। भाजपा के वर्तमान लोकसभा प्रतिनिधियों के कामकाजए आमलोगों के बीच उनकी पकड़ए समस्याओं को लेकर उनकी संजीदगी, उनके निराकरण की दिशा में उनके प्रयास, कार्यकताओं के साथ उनका व्यवहार, क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को लेकर आंकड़े जुटाये गये हैं। वर्तमान सांसदों के उनके कार्यकाल की हर दृष्टिकोण से स्कैनिंग हो रही है। हर लोकसभा क्षेत्र में संभावित उम्मीदवारों की पूरी कुंडली तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जा रही है। केंद्रीय नेतृत्व के अधीन भाजपा की एक कोर टीम हर सर्वे रिपोर्ट की समीक्षा और विश्लेषण करती है। आलाकमान के पास इसे सौंपती है।

**राज्य में चुनावी हलचल शुरू**

बकौल भाजपा नेता वे लोग 24 घंटे चुनावी मोड में होते है। इसके शीर्ष नेता सालों भर चुनाव की तैयारी में जुटे रहते हैं। चुनावी दौरा और लोगों से संपर्क अभियान में भाजपा आगे रहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड का दौरा शुरू हो चुका है। अब दिसंबर महीने से यह सिलसिला और तेज हो जायेगा। भाजपा की 14 लोकसभा में से कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के नये चेहरे दिखाई दे सकते हैं। जिन सीटों पर भाजपा पिछला चुनाव नहीं जीत पायी है। पश्‍चिमी सिहंभूम और राजमहल से पार्टी के नये चेहरे सामने आ सकते हैं। कुछ उम्मीदवार बढ़ती उम्र के कारण दोबारा चुनाव मैदान में नहीं उतारे जायें। उनकी जगह पर भी नये चेहरे सामने आ सकते हैं। वैसे सासंद जिनका अब तक का कामकाज बहुत अच्छा, अच्छा या बहुत संतोषजनक रहा, उनको छोड़कर शेष सांसदों के बारे में भी पार्टी उनकी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कोई भी फैसला ले सकती है।

स्पीड न्यूज

## स्ट्रीट वेंडर्स की समस्याओं पर नस्वी ने की बैठक



**जमशेदपुर।** गुरुवार को नेशनल एसोसिएशन का स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया नस्वी का रजत जयंती समारोह के साथ जमशेदपुर शहर स्तरीय पथ विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी सुबोध श्रीवास्तव, नगर प्रबंधक नासिर हुसैन समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ सदस्यगण उपस्थित थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पथ विक्रेताओं को टाउन वेंडिंग कमेटी के अस्तित्व, कार्यों तथा क्षमता से अवगत कराना था। इस बैठक में पथ विक्रेता को सरल तथा सुरक्षित बनाने के लिए चर्चा किया गया तथा मार्केट कमेटी के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में नस्वी के रतन दास तथा रिया कुमारी के साथ-साथ विभिन्न मार्केट कमेटी के अध्यक्ष सम्मिलित हुए जिनका नाम निम्न प्रकार है : मुरारी यादव, नंदकिशोर साव, मोहन रविदास, अनिल कुमार यादव, शिव शंकर गोराई, मुकेश गुप्ता, रोनाल्ड कर्मकार, प्रदीप सिंह, चरणदीप सिंह, विजय सोनकर, असर्फी लाल, दीपांकर महापात्रा, रमेश मुखी, रुपा प्रसाद आदि।

## रेडक्रॉस सोसायटी और यूसील ने कदमा ग्राम में लगाया हेल्थ कैंप



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत इस महीने का चौथा स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर पोटका के कदमा ग्राम स्थित आसेका भवन में गुरुवार को सम्पन्न हुआ। 52 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच डॉ बी पी सिंह, डॉ जया मोईत्रा एवं सहयोगी टीम द्वारा किया गया। शिविर का संचालन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। ग्रामीणों को जरूरत के अनुसार दवा व विटामिन प्रदान करने के साथ ही नेत्र से जुड़े परेशानी पर जरूरत के अनुसार चश्मा एवं मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया, जिनका ऑपरेशन शनिवार 2 दिसंबर को बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में भर्ती होने के पश्चात किया जायेगा।

## सबिता देवी-नगिन भाई पारिख की स्मृति में नेत्र शिविर कल से

**जमशेदपुर।** प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले नेत्र शिविरों की कड़ी में इस सप्ताह रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम अपने सहयोगी संस्थाओं के साथ 700वां नेत्र शिविर का आयोजन शहर के जाने माने समाजसेवी पारिख परिवार के स्व. सविता देवी- नगिन भाई पारिख के स्मृति में 2 से 4 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। रोटेरियन अल्पा पारिख किशन पारिख के संयोजन में सविता बेन नगिन भाई पारिख चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा। 2 दिसंबर को बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की जायेगी तथा मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों को चयन ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया जायेगा। इन मरीजों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण 3 दिसंबर को नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ आनन्द सुश्रुत एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा लोहियो नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने प्रदान की।

# जमशेदपुर पुस्तक मेला : प्रेमचंद, निराला, जयशंकर प्रसाद, टैगोर जैसे कालजयी रचनाकारों का क्रेज

जमशेदपुर। टैगोर सोसायटी परिसर, साकची में चल रहे 37वें पुस्तक मेला का समापन 3 जनवरी को होने जा रहा है। बचे हुए समय में शहर वासी परिवार संघ इस मेले का आनंद उठा सकते हैं और पसंद की किताबों की खरीदारी कर सकते हैं। हर विद्या और हर क्षेत्र की पुस्तकों का बड़ा रेंज प्रकाशकों ने पुस्तक मेले में ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई है।

## सहयोग के स्टॉल पर बिक रही लोकल साहित्यकारों की कृतियां



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर पुस्तक मेला 2023** में जमशेदपुर के साहित्यकारों की कृतियां बहुभाषीय साहित्यिक संस्था सहयोग के स्टॉल पर उपलब्ध है। सहयोग के स्टॉल का नंबर है 67 जहां पर सहयोग ने शहर के साहित्यकारों द्वारा लिखित कहानी संग्रह, उपन्यास, काव्य संग्रह, संस्मरण आदि की पुस्तकों को प्रदर्शित किया है। साहित्य प्रेमी यहां से इन पुस्तकों की खरीदारी भी कर सकते हैं। सहयोग के स्टॉल पर कुल 40 साहित्यकारों की कृतियों को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया गया है। सुधा गोयल लिखित चूड़ी वाले हाथ, प्रोफेसर डॉक्टर मुदिता चंद्रा के मुख्य संपादन में प्रकाशित कथांजलि में 34 महिला कथाकारों की कथा संगहित है। इस स्टॉल पर छाया प्रसाद लिखित कहानी संग्रह मन दर्पण, जूही समर्पित और डॉक्टर अरुण सज्जन द्वारा लिखित पुस्तक मानस में स्त्री पात्र विषयक किताबें खरीदी जा सकती हैं। माधुरी मिश्रा की लघु कथाओं का संग्रह बुधवार का पेड़ और आंचल की छांव काव्य संग्रह को भी यहां प्रदर्शित किया गया है। छाया प्रसाद ने सुंदरकांड को भोजपुरी में प्रस्तुत किया है और इसकी किताब पठनीय हद्व। टाटा स्टील की पूर्व अधिकारी चंद्रा शरण लिखित पुस्तक, मां-पापा हम भी आपकी ही संतान हैं आपको अपनी ओर आकर्षित अवश्य करेगी। चंद्रा शरण ने जमशेदपुर के किन्नर समुदाय के व्यक्तित्व पर यह पुस्तक लिखी है। शहर की कवयित्री कुमारी छाया की तीन पुस्तकें मेले में सहयोग के स्टॉल पर शोभा बढ़ा रही है। कुमारी छाया की काव्य संग्रह-एक प्याली चाय, जिंदगी अभी बाकी है और चाय सा हमसफर यह बिक्री के लिए उपलब्ध है। पत्रकार अन्नी अमृता की पुस्तक ये क्या है और मैं इंदिरा बनना चाहती हूं भी पाठकों को लुभा रहा है। रंगकर्मी हरि मित्तल की आत्मकथात्मक पुस्तक और सुधा गोयल नवीन का कथा संग्रह... और बादल छठ गए पाठकों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

## संथाली बुक स्टॉल पर पं. रघुनाथ मुर्मू की पुस्तकों का क्रेज



जमशेदपुर। पुस्तक मेला 2023 में स्टॉल संख्या 66 पर संथाली बुक उपलब्ध है। स्टॉल के संचालक नरेंद्र कुमार मार्डी हैं जो करणडीह में संथाली बुक स्टोर चलाते हैं। संथाली बुक स्टॉल पर श्याम टुडू लिखित पुस्तक संथाली भाषा शिक्षण गैर संथालियों को संथाली सीखने में मदद कर सकती है। श्याम सिंह टुडू के संपादन में इसीमित कहानी और मिद साई मिद कहानी यानी 101 कहानी का संग्रह बंगाल साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित है। स्टॉल पर आप योगेंद्र प्रसाद लिखित पुस्तक झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर सरायकेला छऊ पुस्तक भी यहां से खरीदी जा सकती है। डॉ रामदास टुडू लिखित पुस्तक खेरवार वंश धर्म पुथी पुस्तक संथाली पाठकों के लिए पठनीय है। शहर के युवा लेखक संदीप मुरारका की पुस्तक शिखर को छूते ट्राइबल्स भी पाठकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। अंग्रेजी में भोगला सोरेन लिखित पुस्तक कल्चर एंड फिलासफी ऑफ संथाल पुस्तक भी यहां बिक्री के लिए उपलब्ध है। संथाली बुक सेंटर के संचालक नरेंद्र कुमार मार्डी ने बताया कि पंडित रघुनाथ मुरमू के नाटक और कहानी संग्रह की भी पाठकों में यहां बहुत डिमांड है।

## सेल्यूलाइड चैप्टर के स्टॉल पर भारतीय सिनेमा पर आलोचनात्मक पुस्तकें



पुस्तक मेला में शहर की सिने संस्था सेल्यूलाइड चैप्टर ने पुस्तक मेले में स्टॉल संख्या 10 पर फिल्म पर आधारित पुस्तकों को प्रदर्शित किया है जिन्हें यहां खरीदा भी जा सकता है। यहां फेडरेशन ऑफ फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया की बंगाल में समीक्षा पुस्तक चलोचित्र समीक्षा बंगाली पाठकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। इसके अलावा क्रिटिक्स ऑन इंडिया सिनेमा एमके राघवेंद्र और वीके जोसेफ द्वारा लिखित है। परमेंद्र मजूमदार लिखित पुस्तक पोएट ऑफ सेल्यूलाइड, सेल्यूलाइड चैप्टर के स्टॉल पर हमारी मुलाकात संयुक्ता जी, विपुल दा और कल्पना जी से हुई जो स्टॉल पर आने वाले लोगों को फिल्म पर आधारित पुस्तक खरीदने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# गांव वालों को नदी तक पहुंचने का रास्ता देगा जमुना ऑटो, आंदोलन खत्म



**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हथियाडीह फुटबॉल मैदान में गुरुवार को आयोजित बैठक के उक्त गांव में जमना ऑटो कंपनी की स्थापना को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया। बैठक में ग्रामीणों की मांगों पर सहमति बन जाने के बाद प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में कंपनी का चाहरदीवारी निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सह माँझीबाबा ऋषिराज हांसदा ने किया। बैठक में कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों के साथ सरायकेला की अनुमंडलाधिकारी पारुल सिंह, डीएसपी मुख्यालय, गम्हरिया अंचल अधिकारी गिरीन्द्र टूटी, गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक दूबे के अलावा जियाडा के कई अधिकारी, झामुमो नगर अध्यक्ष दीपक मण्डल, भोंडा बेसरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। बैठक में उक्त फुटबॉल मैदान के बदले कंपनी द्वारा नया फुटबॉल मैदान निर्माण कर ग्रामीणों को देने, ग्राम से नदी तक आने-जाने के लिए 20 फीट चौड़ा रास्ता कंपनी की ओर से बनाए जाने और सीएसआर के तहत गांव में अन्य विकास कार्य किए जाने, स्थानीय युवाओं को रोजगार देने आदि पर सहमति बनी और लिखित रूप से समझौता किया गया। इस दौरान बताया गया कि कुछ लोग बाहरी असामाजिक तत्वों को गांव में बुलाकर आंदोलन के नाम पर वहां के शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कंपनी स्थापना के पक्षधर हैं और जमना ऑटो के निर्माण कार्य मे सहयोग किया जाएगा। बैठक में उपरोक्त बातों पर सशर्त सहमति बनने के बाद कंपनी स्थापना को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया और चाहरदीवारी निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बलों की उक्त स्थल पर तैनाती की गई थी।

## भाजपा उलीडीह मंडल ने सांसद को सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान के नेतृत्व में मंडल के अंतर्गत माधव बाग कॉलोनी के निवासियों के द्वारा अपने कॉलोनी के रोड निर्माण के संबंध में जमशेदपुर के सांसद विद्युत भरण महतो से मिले। बस्तीवासियों ने उन्हें बताया की माधव बाग कॉलोनी की रोड की हालत बहुत खराब है रोड में चलने में बहुत तकलीफ होती है। 2015 में उसका अंतिम बार जीणोर्धार हुआ है तब से रोड यथावत है। सांसद ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पथ निर्माण विभाग के अभियंता से बात कर इसका निदान करने का निर्देश दिया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से अनिल पुरी, जिंदे सिंह, चंदा सरकार, एस तुलस्यान, राजा हुई, बलिंदर सिंह के अलावा अन्य कॉलोनी वासी सम्मिलित थे।

## खबर एक नजर में

### सोनारी में 21 दिसंबर को सजेगा खाटू वाले का दरबार



जमशेदपुर। श्री श्याम सेवा संघ सोनारी द्वारा आयोजित होने वाला 22वां भव्य श्री श्याम वार्षिक महोत्सव आगामी 21 दिसंबर 2023 गुरूवार को सोनारी जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे मैदान में होगा। जिसकी तैयारिया जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में राजस्थानी महिला सत्संग भवन मे संस्था के अध्यक्ष अशोक दीवान की अध्यक्षता मे बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया की इस वर्ष भजनो की अमृत वर्षा हेतु राजस्थानी धमालो के लिए प्रसिद्ध कोलकाता के भजन गायक विवेक शर्मा (जीतू) एवं प्रयागराज से रोमा निषाद को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्थानीय भजन गायक महाबीर अग्रवाल भी मंच संचालन करते हुए अपनी हाजिरी बाबा के दरबार में लगायेंगें। इसके अलावा दोपहर 12.30 से एक विशाल शोभा यात्रा सोनारी राम मंदिर से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्गो से गुजरती हुई आयोजन स्थल तक जायेगी। अशोक ने आगे बताया कि शोभा यात्रा मे इस वर्ष खाटू मंदिर के शिखर पर बिराजमान रहने वाले बाबा के अत्यंत प्यारे राजस्थान के सूरजगढ़ के निशान का भक्त दर्शन एवं स्पर्श कर पायेंगे। साथ ही मनमोहक झांकी, बैंड बाजा, 351 निशान, बैनर, भजनो की अमृत वर्षा इस शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। इस शोभा यात्रा के लिए मुख्य मार्गो मे कई तोरण द्वार भक्तो के द्वारा लगाए जायेंगे। इस बैठक मे मुख्य रूप से पंकज अग्रवाल, रुपेश जैन, गौतम अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, संदीप मित्तल, अरविन्द अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, अजय मित्तल, समीर दीवान, राजेश टोड़ी, जीतेन्द्र साबु, विकेश दीवान आदि मौजूद थे।

### टाटा स्टीलकर्मी अमित ने 21 वीं बार किया रक्तदान



जमशेदपुर। रक्तदान जागरुकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को टाटा स्टील कर्मी अमित कुमार ने अपना तीसरा एसडीपी दान किया। इसके साथ ही उन्होने अपना 21 वां रक्तदान पूरा किया। अमित का उत्साह बढाने के लिए जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के प्रशासक संजय चौधरी, रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह और उनके कमेटी मेंबर बृजेश पटेल उपस्थित थें। उन्होने अमित को सम्मानित किया।

### सरसों के तेल में झांझ के प्रति जागरूकता सर्वेक्षण में कमी का खुलासा

जमशेदपुर। एनएफएक्स डिजिटल द्वारा सरसों के तेल का झांझ जागरूकता सर्वेक्षण 2023 झांझ की जांच नामक एक स्वतंत्र सर्वेक्षण उत्तर और पूर्वी भारत के प्रमुख सरसों तेल बाजारों में किया गया। सर्वेक्षण से उपभोक्ताओं के बीच सरसों के तेल की प्राथमिक विशेषता झांझ के स्तर के बारे में जानकारी की कमी का पता चलता है। आश्चर्यजनक रूप से 85 प्रतिशत उत्तरदाता अपने खाने में नियमित रूप से शामिल होने के बावजूद सरसों के तेल के सबसे महत्वपूर्ण लाभ – झांझ के स्तर से अनजान थे। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर और सरसों के तेल के बारे में सही जानकारी दे कर उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के इरादे से, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने तीन अलग-अलग झांझ स्तरों के अनूठे चयन में अपना इमामी हेल्दी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड आयल क्रमशह्य माइल्ड, स्ट्रांग, और सुपर स्ट्रांग पेश किया है। व्यक्तिगत स्वाद के अनुरूप यह अभिनव अवधारणा, सरसों के तेल के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। यह पहली बार है कि कोई खाद्य तेल ब्रांड इस तरह की जानकारी दे रहा है।

### कपाली में विधायक सविता ने किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ



चांडिल। कपाली नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 04 में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सविता महतो ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक प्रत्येक स्टॉल में जाकर योजनाओं की जानकारी ली और सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी लगन से योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक ने अपने हाथों से चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्ति व सैकड़ों लाभुकों के बीच कंबल का भी वितरण किया। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, शेख फरीद, मो अरशद, मो नौसाद, इनामुल हक, नोडल पदाधिकारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रांची : सीआइपी कैंपस, कांके में वृहद कृषि ऋण का आयोजन




रांची। बड़ौदा किसान पखवाड़ा के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने दिनांक 30/11/2023 को सी. आई. पी. कैम्पस कांके में वृहत्त कृषि ऋण शिविरर का आयोजन किया। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सोनाम टी भूटीया, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल, विशिष्ट अतिथि डॉ तरुण कुमार, निदेशक सी.आई.पी., शंकर महतो सहायक महाप्रबन्धक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय रांची, गौतम पाल, उप क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय रांची और सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। इस शिविर में लगभग 300 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और किसान बंधु शामिल हुए। इस शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बैंक के विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के तहत 5 करोड़ रुपए ऋण का वितरण किया गया।

# मंत्री चंपाई सोरेन ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण



परिसंपत्ति वितरित करते मंत्री चंपई सोरेन।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**आदित्यपुर/जमशेदपुर।** 'आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत आज सरायकेला-खरसावां जिले के सरायकेला प्रखंड के सिनी, राजनगर प्रखंड के डुमरडीहा, गम्हरिया प्रखंड के बड़ाकांकड़ा, तथा इचागढ़ प्रखंड के रिरुलडीह पंचायत मे पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। वही नगर निकाय क्षेत्र के नगर निगम आदित्यपुर के वार्ड संख्या 7-8, नगर पंचायत सरायकेला के वार्ड संख्या 10 तथा नगर परिषद कपाली वार्ड संख्या वार्ड संख्या 04 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी तथा योग्य लाभुकों का आवेदन प्राप्त किया गया वहीं दर्जनों लाभुकों को ऑन-द-स्पॉट सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की लाभ प्रदान की गई। नगर निगम आदित्यपुर के वार्ड संख्या 7-8 में मंत्री श्री चम्पाई सोरेन, सरायकेला के सिनी पंचायत में विधायक दशरथ गागराई तथा गम्हरिया के बड़ाकांकड़ा पंचायत में जिला परिषद अध्यक्ष हुए उपस्थित। 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत आज नगर निगम आदित्यपुर के वार्ड संख्या 7-8 में आयोजित शिविर में चम्पाई सोरेन आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री झारखण्ड सरकार उपस्थित हुए वही सरायकेला के सिनी पंचायत में आयोजित शिविर में विधायक दशरथ गागराई तथा गम्हरिया प्रखंड के बड़ाकांकड़ा पंचायत में आयोजित शिविर में जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा उपस्थित हुए। आदित्यपुर में संबोधित करते हुए चम्पाई सोरेन नें कहा कि सरकार राज्य के ऐसे वर्ग जो किसी कारण वस योजनाओं से वंचित रह जाते है, कार्यालयों तक उनकी पहिचान नहीं हो पाती उन्हें योग्य योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतू लगातार तीसरी चरण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का सीधा लाभ वंचित परिवार को मिल रहा है, कार्यक्रम में लोगो की उपस्थिति तथा विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदन यह दशार्ता है कि लोग काफी उत्साहित है। इस दौरान उन्होंने सरकार के विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा कर लोगो को अपने पंचायत/वार्ड में आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ हेतू आवेदन करने की बात कही।

# यूसील की जादूगोड़ा लेबर यूनियन की बैठक में आठ अधूरे मुद्दे पर हुई चर्चा



**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** यूसील की जादूगोड़ा लेबर यूनियन की गुरुवार को तुराम डीह यूनियन कार्यालय में बैठक आहूत की गई।

इधर इस बैठक में वर्षो से लंबित आठ अधूरे मुद्दे पर हुई चर्चा हुई व फैसला किया गया की जल्द कम्पनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉक्टर सी के अस्नानी से एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर मांगो से संबंधित ज्ञापन सौपेगा। जादूगोड़ा लेबर यूनियन ने अपनी आठ लंबित मुद्दे कंपनी के समक्ष उठाई है। इन मुद्दो में रिटायरमेंट क्लीयरेंस तीन महीने के अंदर भुगतान, पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल सुविधा को लेकर बीमा कम्पनी को आमंत्रित कर इसे लागू करने रेफरर मेडिकल सुविधा में तीन डॉक्टरों की अनिवार्यता को समाप्त करने, बंद पड़े कपड़ा वाशिंग मशीन को जल्द चालू करने, वर्कर एजुकेशन क्लास दोबारा प्रारम्भ करने, एक्सीडेंटल बीमा स्कीम को 20 लाख तक करने, थर्ड बेनिफिट के तौर पर पेंशन योजना लागू करने, यूनिफॉर्म व 2018 से लंबित जूता शू वितरित करने समेत महुलडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट में कैंटीन सुविधा देने संबंधित मुद्दे शामिल है।

इस बैठक में जादूगोड़ा लेबर यूनियन की ओर से महामंत्री सुरजीत सिंह, दामू नायक, वी शंकर राव, प्रशांत महतो, नितेश प्रसाद,सुरजीत कुमार मिश्रा, पंकज कुमार, मंगल बंकिरा समेत कमिटी मेंबरों ने हिस्सा लिया।

# अपग्रेड प्लस टू स्कूल,मानपुर में स्काउट एंड गाइड का सोपान शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत स्काउट और गाइड जिला मुख्यालय पूर्वी सिंहभूम के तत्वाधान में एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम के आदेश अनुसार अपग्रेड प्लस,2 स्कूल मानपुर पोटका-1 पूर्वी सिंहभूम में प्रथम सोपान स्काउट एंड गाइड का शिविर का आयोजन 22 से 25 तक रखा गया जिसमें स्काउट एंड गाइड की संख्या 110 थी। इस शिविर के शिविर प्रधान जिला संगठन नायक पूर्वी शंभू श्री नरेश कुमार के देखरेख में बच्चों का प्रशिक्षण दिए गए। प्रशिक्षण में स्काउट झंडा तोलन प्रार्थना, झंडा गीत कैंपियर नियम प्रतिज्ञा, अनुशासन मार्च पास्ट, सांस्कृतिक प्रोग्राम गेट अनुमान लगाना , बिना आग के खाना बनाना, टेंट पिचिंग, आपातकालीन व्यवस्था स्टेटस ड्रिल प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर का आयोजन विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अलावा प्रधानाध्यापक कृष्णा टुडू के प्रयास से इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन शिक्षक स्काउट स्काउट मास्टर राजेश कुमार त्रिपाठी एवं प्रिंस कुमार यादव ने प्रशिक्षण देकर बच्चों को उत्साह बढ़ाया। प्रशिक्षण का आनंद जिला से आए हुए प्रशिक्षक जिला संगठन आयुक्त सिविल प्रधान नरेश कुमार ने प्रशिक्षण दिए सहयोगी के रूप में इस प्रशिक्षण में विद्यालय के शिक्षकों ने अपना योगदान दिया।

# डॉ कृपाल सिंह सिद्धू को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने झारखंड रत्न सेवा अवार्ड से नवाजा

बड़े ही तरीके, सलीके और अनुशासन से नगर कीर्तन संपन्न कराया : किशोर कौशल

संगत और सभी कमिटियों की वजह से नगर कीर्तन ऐतिहासिक बन पाया : भगवान सिंह

## नगर कीर्तन में सेवा करने वाले जत्थों, स्कूलों और संस्थाओं को किया गया सम्मानित





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के वयोवृद्ध गरीबों के मसीहा डॉ कृपाल सिंह सिद्धू को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए झारखण्ड रत्न सेवा अवार्ड से नवाजा जबकि शिक्षा के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाने वाली कदमा की बेटी रविंदर कौर को भी सम्मान देकर हौसला बढ़ाया गया। गुरुवार को साकची गुरुद्वारा साहिब में नगर कीर्तन में सेवा करने वाले जत्थे, विद्यालय, संस्थाएं समेत कई लोगों को सेंट्रल दिवान में सम्मानित किया। अतिथि के रूप में साकची गुरुद्वारा पहुंचे शहर के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने शोभा यात्रा के प्रतिभागियों को सम्मान और पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बोलते हुए एसएसपी किशोर कौशल जमशेदपुर के सिखों और सीजीपीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमशेदपुर के सिख बधाई के पात्र हैं जिन्होंने बड़े ही तरीके, सलीके और शांतिपूर्ण रूप से नगर कीर्तन संपन्न कराया। एसएसपी ने जोर देकर कहा जिस प्रकार नगर कीर्तन में सफाई और अनुशासन का ध्यान रखा गया, यह प्रेरित करने वाला है। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कोल्हान की संगत का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगत और सभी कमिटियों के कारण ही इस वर्ष नगर कीर्तन ऐतिहासिक हो पाया है, इसका सारा श्रेय केवल और केवल संगत को जाता है। चेयरमैन सरदार शैलेंदर सिंह ने इस बार प्रकाश पर्व पर रिकॉर्ड अस्सी हजार संगत ने पालकी साहिब के दर्शन किये जो नगर कीर्तन के ऐतिहासिक होने का सुबूत है। इससे पूर्व आमंत्रित अतिथियों में अल्पसंख्यक आयोग, झारखण्ड के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना के महासचिव इंदरजीत सिंह ने भी विचार रखे तथा स्मृति चिन्ह के रूप में पुरस्कार बांटे। विशेष रूप से इस समापन समारोह में गरीबों के मसीहा डॉक्टर कृपाल सिंह सिद्धू को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से बिहार झारखंड की सिख समाज की ओर से उन्हें झारखंड सिख रतन सेवा अवॉर्ड दिया गया। निर्णय लिया गया कि देश के प्रधानमंत्री गृहमंत्री से पत्राचार कर पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किये जाने को लेकर एक अनुरोध पत्र भेजा जायेगा। इस निर्णय का उपस्थित समूह साध संगत ने बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ परवानगी दी।

सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम से पूर्व अरदास उपरांत सुबह 10 बजे सेंट्रल दीवान सजा जहाँ हजूरी रागी संदीप सिंह साकची वाले सुबह दस बजे से दस पैंतालीस तक व दस पैंतालीस से साढ़े गयारह बजे तक सरदार कवलंजीत सिंह नूर गुरवाणी-कीर्तन कर संगत को गुरु चरणों से जोगा जबकि सरदार सुरजीत सिंह साढ़े ग्यारह से सवा बारह बजे तक संगत को गुरु ग्रन्थ साहिब की बाणी से निहाल किया।

## स्पीड न्यूज

### सेवानिवृति सरकारी प्रकिया है : वृंदा



चैनपुर (पलामू)। प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ स्थित रा स्तरो उच्च विद्यालय के सहायक शिक्षक दिलीप कुमार का सेवा पूर्ण होने पर विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्ष डीडियो सत्येंद्र तिवारी तथा संचालन गुलाम हैदर ने किया। विदाई के मौके पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गान, भाषण तथा नृत्य प्रस्तुत किये गये। सभी अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए वृंदा प्रसाद सिंह ने कहा कि सरकारी नौकरी में प्रारंभ और अंत एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। सेवा में आने के बाद समय आने पर जाना होता है यह जीवन की सच्चाई है। मौके पर गुलाम हैदर ने कहा कि समय का महत्व और धैर्य का महत्व हमने शिक्षक दिलीप से सिखा है। विदाई के मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवनीत सुंदरम, गुलाम हैदर, पंकज तिवारी, मो शमशाद, दिलीप पांडे, देवेंद्र नाथ दुबे, सीमा यादव, प्रकाश कुमार, मुकुंद कुमार, सुशील विश्वकर्मा, आलोक तिवारी, अमलेश चौरसिया, राकेश शर्मा, रामचंद्र सिंह, वृंदा प्रसाद सिंह, सतीश कुमार, के पांडे आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

### पाटन बीडीओ हुए सम्मानित



पाटन पलामू। पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह और भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पासवान ने गुरुवार को पाटन के नये बीडीओ अमीत कुमार झा को बुके देकर सम्मानित किया। संजय सिंह ने कहा कि पहली बार पाटन को युवा बीडीओ अमीत कुमार झा के रूप में मिला है। हम आशा करते हैं कि अब लोगों की समस्याओं का समाधान तीव्र गति से होगा। बीडीओ का प्रभार नहीं होने से विकास कार्य अधुरा पड़ा हुआ था। वहीं पाटन के नये बीडीओ अमीत कुमार झा ने कहा कि लोगों की समस्या का हल करना मेरा मकसद है। जिस व्यक्ति का काम नहीं होता है वह हमसे मिलें उनकी समस्या का हल किया जायेगा।

### नावाडीह में लगा जनता दरबार, कई योजनाओं से लाभांवित हुए लोग



रामगढ़ पलामू। प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत में गुरूवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से कई योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया गया। कार्यक्रम में रामगढ़ बीस सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, प्रभारी बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ संजय बाखला, जिला परिषद सदस्य छोटन सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी गिरिवर उरांव, पंचायत सचिव उदयनाथ राम, ताहीर अली, मुखिया दयानंद प्रसाद, उपमुखिया ललन यादव, नाजिर धर्मजीत सिंह, डॉ नवाज, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शबाउद्दीन अंसारी, स्कूल साधनसेवी कन्हैया तिवारी, पंसस पिंकी सोरेन आदि ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मंच संचालन पप्पू कुमार जायसवाल ने किया। शिविर में एक दर्जन से अधिक विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। कृषि विभाग, गुरू जी क्रेडिट कार्ड योजन, श्रम विभाग, स्वास्थ्य, राजस्व, मनरेगा आदि के माध्यम से लोगों का निबंधन करते हुए लाभ दिया गया। कल्याण विभाग की ओर से दीप्ति निकेतन के 10 छात्र-छात्राओं को साइकिल खरीदने के लिए चेक प्रदान किया गया। बुजुर्गों को कंबल दिया गया। अन्य योजनाओं का लाभ भी लाभुकों को मिला।

### बिश्रामपुर : डिहारिया में आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर




विश्रामपुर (पलामू)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 11 व 12 का संयुक्त शिविर गुरुवार को डिहरिया स्कूल परिसर में लगाया गया। शिविर का उदघाटन निवर्तमान नप अध्यक्ष हलीमा बीबी, कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, निवर्तमान वार्ड पार्षद मजमुदिन कादरी, संतोष राम व सलीमुदिन अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण, मकान का नक्शा, ट्रेड लाइसेंस, पीएम आवास सहित कई मामलों का दर्जनों आवेदन प्राप्त हुआ। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

### जिला पार्षद ने फोर लेन सड़क निर्माण के गुणवत्ता पर उठाये सवाल, जांच की मांग



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने भागोडीह से शंखा तक बन रहे फोर लेन सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य प्राक्कलन की अनदेखी कर रही है। भारावट मे लाल मोरंग मिट्टी के बजाए काली केवली मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है जिससे सड़क के धसने का खतरा बना रहेगा। भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा निमार्णाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव भी नही कराया जा रहा है जिससे सड़क पर सारा दिन धूल उड़ रहा है इस कारण सड़क पर लोगों का चलना दुभर हो गया है। अनियमितता की शिकायत करने या उसका विरोध करने पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। श्री रविदास ने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की गई है। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

### कर्नल कप फुटबॉल: विश्वसिया ने देवरी कला को हराया



हुसैनाबाद (पलामू)। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को बहुत ही शानदार मुकाबला देखने को मिला। यह मैच पीछले वर्ष क्वार्टर फाइनल खेलने वाली टीम देवरी कला बनाम विश्वसीया के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। खिलाड़ियों ने गोल करने का कई प्रयास किए। निर्धारित समय में दोनों टीम एक-एक गोल की बराबरी पर रही। उसके बाद में फैसला पेनाल्टी शूटआउट हुआ। जिसमें विश्वसिया ने देवरी कला को 3-2 से हरा दिया। मैच से पूर्व कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील किया कि यह टूनार्मेंट हुसैनाबाद क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। मैच के दौरान क्लब के सचिव मनोज शर्मा निर्णायक सुदय सिंह, सगीर अहमद, एस एम अकरम, तकी रिजवी, अशोक सिंह, भानू सिंह, प्रह्लाद ठाकुर, बीर बहादुर सिंह तथा अनीश के आलावा हजारों दर्शक उपस्थित थे। टूर्नामेंट में आज का मैच सुपहा (झरगड़ा) बनाम जपला के बीच खेला जाएगा।

### सौंदर्य प्रकृति को ताजगी से लबरेज रखता है : अविनाश देव



मेदिनीनगर। संत मरियम विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले बच्चों को प्रमाण देकर पुरस्कृत किया। अविनाश ने कहा कि स्कूल प्रबंधन का प्रयास है कि बच्चों को बहुमुखी प्रतिभा के धनी बना कर राष्ट्र लायक अभिभावक को सौंपू। प्रतिभागी प्रथम द्वितीय तृतीय विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत कर हौसला आफजाई किया गया। उन्होंने बच्चों शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जिंदगी सौंदर्य के बिना शुष्क है इसीलिए सरस एवं तरोताजा बनाए रखने के लिए सौंदर्य अनिवार्य है।

# सीएम के पलामू पहुंचने पर डीसी, एसपी ने किया स्वागत, आज जिले को देंगे कई सौगात

## चियांकी हवाई अड्डा पर जिला प्रशासन की ओर से दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम पलामू परिसदन में करेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



चियांकी हवाई अड्डा पर सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर देते डीसी शशिरंजन व एसपी रीष्मा रमेसन।

मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री, झारखंड हेमंत सोरेन गुरवार को पलामू पहुंचे। चियांकी हवाई अड्डा पर उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन सहित अन्य ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री को पलामू जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफर दिया गया। सलामी लेने के बाद सीएम परिसदन पहुंचे। मौके पर पहुंचे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी पलामू पहुंचे हैं। जिला प्रशासन की ओर से उनका भी स्वागत किया गया। विदित हो कि मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन आज पलामू के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान सीएम आमजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देंगे। विभिन्न विभागों की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही पलामू जिला में परिसंपत्तियों का वितरण कर जिले को कई सौगात देगें। इसके पूर्व गुरूवार को सीएम प्रमंडलस्तरीय आयोजित झामुमो के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ टाउन हॉल में बैठक किया। मुख्यमंत्री का पलामू में लगातार भ्रमण करने से राजनीति गलियारे में कई प्रकार की चर्चा हो रही है। सोरेन पलामू को बेहतर बनाने के लिए कई सौगात देते रहे हैं। यही उम्मीद के साथ पुनः वे शुक्रवार को आपके द्वार कार्यक्रम में कई सौगात देनेवाले हैं। 'आपकी योजना-आपकी सरकार' कार्यक्रम को लेकर स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में पलामू जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई है।

### पुलिस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का डीसी-एसपी ने लिया जायजा



मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को पुलिस स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला स्तर पर सारी तैयारियां प्रशासन कर ली गयी है। उपायुक्त शशिरंजन ने जिले के सभी विभाग के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। वहीं कार्यक्रम की सफलता को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को टास्क देते हुए कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्टॉल पर परिसंपत्तियों के वितरण को लेकर भी निर्देश दिये। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की सफलता को लेकर सारी तैयारियां पर अंतिम समीक्षा करते हुए कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उपायुक्त ने परिसदन एवं कार्यक्रम स्थल समेत विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर कई निर्देश दिये हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारी एवं पुलिस जवानों के साथ बैठक कर कड़े दिशा निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस अधिकारी व जवानों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा में कहीं किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। व्यवस्था ऐसी हो कि परिंदे भी पर नहीं मार सकें। उन्होंने लाभूक एवं आम जनता के आगमन द्वार से लेकर उनके बैठने के स्थल तक कड़ी सुरक्षा के साथ निगरानी करने का निर्देश दिया है। साथ ही वीआईपी लोगों के आगमन द्वार पर भी मुस्तैदी के साथ रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने मंच पर भी अनावश्यक लोगों के प्रवेश पर रोक लगाया है। मंच पर जितने लोगों की सूची दी गई है उससे अधिक लोगों को प्रवेश वर्जित किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री कई योजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन करनेवाले हैं। इनके साथ राज्य के विभिन्न विभाग के कई मंत्रीगण एवं विधायक, सांसद तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। उनकी भी सुरक्षा का ख्याल रखना है। इसे लेकर भी एसपी ने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं।

### झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री चार जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

# भाजपा को विधानसभा से दूर किया है अब लोकसभा से दूर करें : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। झारखंड मुक्ति मोर्चा के चार जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पंडित दीनदयाल स्मृति भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस सम्मेलन में पलामू, गढ़वा व लातेहार एवं चतरा जिला के पार्टी कार्यकर्ता भाग लिये। इस सम्मेलन में प्रत्येक जिला व प्रखंड से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने अपनी व्यथा को भी रखा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनायें। राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे विकास योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने का कार्यकर्ता काम करें। तभी जाकर जन जन तक पार्टी का संदेश के साथ ही सरकार की योजना पहुंच पायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हौसला बुलंद करते हुए कहा कि जिस प्रकार से कार्यकर्ता राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा को दूर करने का काम किया है उसी प्रकार आनेवाले लोकसभा चुनाव में भी कार्यकर्ता राज्य के सभी लोकसभा से भाजपा को भगाने का काम करें। देश में भाजपा से बड़ी झूटी पार्टी कोई नहीं है। झूठ के सहारे पर वह सत्ता में आयी थी। जिसे राज्य की जनता ने नकारने का काम किया है। आज कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर झामूमो के संस्थापक दिशोमगुरू शिबू सोरेन के विचारों को बताने का काम करें। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव गठबंधन के आधार पर लड़ी जायेगी। सम्मेलन को मंत्री मिथिलेश ठाकुर, लातेहार विधायक बैजनाथ राम व अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने हेमंत सोरेन को स्मृति चिंह भेंटकर स्वागत किया। मौके पर दीपक तिवारी, अविनाश देव, अभिषेक सिंह, मो कलाम, मनोज गुप्ता, मो शाहनवाज, राजेश सिन्हा, सुनील तिवारी, सान्नू सिदिकी, चंदन प्रकाश सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, मो असगर, सुशीला मिश्रा, रंजन सिंह, कमाल खां, दीपू चौरसिया, अनुराग सिंह समेत कार्यकर्ता शामिल थे।

## बुजुर्गो के लिए मतदाता पंजीकरण किया गया, विशेष कैंप का आयोजन



समावेशी सप्ताह के दौरान सतबरवा पहुंची प्रीति किस्कु

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर/सतबरवा। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत आयोजित समावेशी सप्ताह के दौरान गुरुवार को उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु पांकी विधानसभा क्षेत्र के सतबरवा प्रखंड पंहुची। प्रीति किस्कु ने सतबरवा में मतदाता सूची में पंजीकृत 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने एवं सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकृत मतदाता मंटू मिस्त्री जिनकी उम्र 104 वर्ष हो गई है उन्हें पुष्प गुच्छ एवं कंबल देकर सम्मानित किया। उन्होंने मंटू मिस्त्री के द्वारा लोकतंत्र में निभाई गई हिस्सेदारी व उनके पूर्व के मतदान अनुभव के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बता दें कि निर्वाचन विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-के तहत संपूर्ण पलामू जिला में समावेशी सप्ताह आयोजित कर बुजुर्ग नागरिकों के मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## कटैया पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। कटैया पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सीओ यामुन रविदास, आकांक्षी प्रखंड को आर्डिनेटर प्रणव कुमार सिंह, मुखिया फुलकुमारी देवी, जिप सदस्य मंजू देवी, पंसस शैलेन्द्र सिंह उर्फ शिलू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कई मामलों का निष्पादन किया गया। अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने ग्रामीणों से जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने की अपील की। सीओ ने आन द स्पॉट 15 लाभुकों को पेंशन के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए सर्टिफिकेट दिया। कार्यक्रम में धोती-साड़ी, कंबल, दो आजिविका सखी मंडल को 25-25 हजार रुपये का चेक वितरित की गई। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया अनिल सिंह, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, बीपीओ धर्मेन्द्र कुमार, ब्रजेश कुमार, प्रगति प्रकाश, शिवशंकर चौधरी, सिमरन कुमारी, अजित कुमार, मुकेश कुमार, अनुज मिश्रा, प्रधानाध्यापक अभिलाषा कुमारी, संतोष गुप्ता, जितेंद्र कुमार, राजेश राम, अजित सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर सुनवाई सात को

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर/रांची। बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पलामू में प्रस्तावित कार्यक्रम के मामले में सात दिसंबर को फिर सुनवाई होगी।

कार्यक्रम को अनुमति देने संबधित याचिका पर गुरूवार को माननीय उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। गुरुवार को सुनवाई के दौरान माननीय उच्च न्यायालय ने हनुमंत कथा आयोजन समिति के सचिव प्राथी दीनानाथ प्रसाद को संशोधन पिटीशन दाखिल करने की अनुमति दे दी, जिस पर सुनवाई सात दिसंबर को होगा। मालूम हो कि पूर्व में मेदिनीनगर में 10 से 12 दिसंबर तक बाबा बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम को खनवा में कराने की अनुमति सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने दी थी।

जिसे बाद में डीसी शशिरंजन ने रद्द कर दिया है। कार्यक्रम की अनुमति मिलने में हो रहे विलंब के बाद समिति ने न्यायालय की शरण ली है। इस प्रस्तावित कार्यक्रम की मुख्य संयोजक मेदिनीनगर की प्रथम मेयर अरूणा शंकर है।

### वृंदावन की तर्ज पर मेदिनीनगर में भी हो दिव्य गौशाला का निर्माण : स्वामी गौरवानंद



मेदिनीनगर। गिरीडीह से पधारे स्वामी गौरवानंद जी ने व्यासपीठ से गोशाला की भूमि को अतिक्रमण मुक्त एवं वृंदावन की तर्ज पर दिव्य गोशाला निर्माण हेतु यज्ञ समिति एवं सभी सनातनियों से आग्रह किया। महाराज गौरवानंद गोशाला मैदान बारालोटा में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा में उपस्थित सभी सनातनियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वृंदावन में गौमाता की सेवा एवं रक्षा हेतु दिव्य गोशाला संचालित है ठीक उसी प्रकार पलामू की धरती पर भी एक दिव्य गोशाला बने जिससे गोरक्षा के लिए संकल्पित सनातनी गौ माता की सेवा कर सकें। उन्होंने पलामू से जाने से पूर्व लोगों से आग्रह किया है कि जिस प्रकार गोशाला की जमीन को अधिग्रहण कर कुछ लोग अपने निजी कार्य में लग रहे हैं ये गलत है। गौमाता के चारागाह हेतु जमीन को लोग कब्जा ना करें। संत भाव का भूखा होता है धन का नहीं। मुझे व्यक्तिगत धन की आवश्यकता नहीं है लेकिन मैं पलामू के लोगों के लिए जाते जाते एक ऐसा काम करने की इच्छा रखता हूं जिससे पलामू के लोग मुझे सदैव याद रखें।

### सतौआ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



पाटन पलामू। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पाटन प्रखंड के सतौआ पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन बीडीओ अमीत कुमार झा, सतौआ पंचायत के मुखिया अखिलेश पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के समस्या संबंधित आवेदन प्राप्त किए गये। साथ ही जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में अबुआ आवास के लिए 1048 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर पाटन बीडीओ अमीत कुमार झा ने शिविर में चल रहे योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ लेने के लिए लोगों से कहा। वहीं पाटन प्रमुख शोभा देवी ने भी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि बेघर आवास के योग्य ग्रामीण ही आवास का फार्म जमा करें। ताकि उन्हें सहजता से आवास का लाभ सके। जिप सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा जनोपयोगी योजना का लाभ उस दायरा में आने वाले व्यक्ति को मिले और वही व्यक्ति लाभ लेने का काम करें।

### मंदिर निर्माण को लेकर निकली कलश यात्रा



हरिहरगंज पलामू। पिपरा प्रखंड क्षेत्र के दलपतपुर गांव स्थित देवी मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हेतू गुरुवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा साकेत बिहारी दास उर्फ फलाहारी बाबा के नेतृत्व में निकाली गई । मालूम हो कि दलपतपुर गांव स्थित पंचायत सचिवालय के प्रांगण में देवी मंदिर निर्माण होना है। इसकी भूमि पूजन के लिए गांव का भ्रमण करते हुए जल यात्रा देवगन धाम डैम पहुंची। जहां संकल्पित जल को कलश में भरकर भूमि पूजन स्थल लाया गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन कताओं ने बताया कि नव दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन आगामी 9 अप्रैल 2024 से 17 अप्रैल 2024 तक किया जाएगा। इसमे रामलीला व प्रवचन का कार्यक्रम भी होगा। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया शिवनंदन यादव, मुखिया पति राजेंद्र यादव, उप प्रमुख पति उपेंद्र यादव, उपाध्यक्ष युगेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष उमेश यादव, उप कोषाध्यक्ष सुनील यादव, सचिव कैलाश यादव, उप सचिव अनिल यादव, संचालक शिवलाल, सूचना मंत्री अखिलेश, सदस्य सत्येंद्र, सचिन, सुरेश, प्रसाद, सुदामा, मिथिलेश, योगेंद्र, धनंजय, प्रमोद, विक्रम सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## बोहिता पंचायत में जनता दरबार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा। प्रखंड के बोहिता पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जनता दरबार कार्यक्रम का किया गया। जिसमें ग्रामीण जनता की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, प्रमुख रीमा देवी, जिप पार्षद सुधा कुमारी, उपप्रमुख कामाख्या यादव, बीएसओ अरविंद कुमार, मुखिया कलावती देवी, मनरेगा बीपीओ अमरेंद्र कुमार, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर ने दीप प्रज्वलित करके की। मौके पर सीओ कृष्ण मुरारी ने कहा कि जनता दरबार में कृषको को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मरीज को उपचार कर दवा दी गई सावित्रीबाई फुले योजना के अलावा कृषि, सखी समूह मंडल की महिलाओं को लाभान्वित की गई। राजस्व के तहत भूमि संबंधित कार्य किए गए।

एमओ अरविंद कुमार ने बताया कि आपूर्ति विभाग के द्वारा राशन कार्ड सुधार तथा नया नाम जोड़ने की प्रक्रिया की गई। धोती साड़ी व लूंगी वितरण की गई।

### विधायक ने तोरण द्वार का किया शिलान्यास



हुसैनाबाद पलामू। प्रखंड के ग्राम पंचायत दरुआ बेनी अंतर्गत ग्राम बेनी खुर्द गांव निवासी एवं भूतपूर्व सरपंच युगेश्वर प्रसाद सिंह के नाम से गुरुवार क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक मद की राशि से तोरण द्वार बनाने का शिलान्यास किया। यह द्वार जपला पथरा मुख्य सड़क के ग्राम मान खाप के पास ग्राम बेनी खुर्द में प्रवेश द्वार के पास किया हैं। उन्होंने कहा कि सरपंच साहेब साफ छबि के जनसेवक थे,उनके नाम पर द्वार बनने से आने वाले पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी। मौके पर एनसीपी नेता योगेंद्र सिंह, विनय पासवान, धर्मराज सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ हरी, नरेंद्र सिंह, राजीव सिंह, राकेश सिंह, शेखर सिंह, पंकज सिंह, राजू सिंह, छोटु सिंह, अजय विश्वकर्मा सहित लोग उपस्थित थे।

## सतबरवा : बोहिता के पहना मैदान में कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। युवा क्रिकेट क्लब रेवारातू के द्वारा गुरवार को प्रखंड क्षेत्र के बोहिता गांव के पहना मैदान में कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी तथा पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान त्रिपाठी ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलने चाहिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेल के क्षेत्र में भी युवा अपना कैरियर को बना सकते है। वही पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा कि खेल से हमेशा आपसी सद्भाव तथा भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों के कई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप भी अच्छा प्रदर्शन कर क्षेत्र, जिला तथा राज्य का नाम रोशन कर सकते हैं। वही समिति के लोगों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच पोंची तथा मनिका क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। कमेटी के लोगों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 21 हजार व उप विजेता टीम को 11 हजार की नगद राशि तथा शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख रीमा देवी उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव रेवारातु पंचायत की मुखिया अनीता देवी, श्याम बिहारी प्रसाद, परम देव मेहता, उमेश यादव, युगल किशोर राम, अलाउद्दीन अंसारी, मो नसीम, नीरज पासवान समेत कमेटी के लोग मौजूद थे।

## झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए तीन जिलो में वर्चुअल प्लेटफार्म का मुख्य न्यायाधीश ने किया ऑनलाइन उदघाटन

पलामू के पीडीजे समेत न्यायाधीशगण वर्चुअल मोड़ से जुड़े

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए तीन जिला पलामू, दुमका व पाकुड़ के लिए वर्चुअल प्लेटफार्म का ऑन लाइन उदघाटन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र ने किया। मौके पर हाईकोर्ट के सभी न्यायाधीश गण, महाधिवक्ता सहित कई लोग उपस्थित थे। विदित हो कि पलामू जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीश भी पलामू सिविल कोर्ट से वर्चुअल मोड़ से जुड़े थे। इस सम्बन्ध में पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार कंप्यूटर व डिजिटाइजेशन कमेटी कमेटी द्वारा दूरस्थ स्थित तीनों जिलों से हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई के संबंधित जिला न्यायालय में पहले से स्थापित ई सेवा केंद्र को वर्चुअल सुनवाई के लिए प्रयोग में लाये जाने का निर्णय उच्च न्यायालय द्वारा लिया गया है। इसी के तहत पलामू जिला में भी इसकी स्थापना किया गया है। उन्होंने बताया कि व्यवहार न्यायालय में स्थित ई सेवा केंद्र में भी वर्चुअल प्लेटफार्म का उदघाटन किया गया हैं। इस मौके पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि वर्चुअल प्लेटफार्म खुल जाने से पलामू जिले के लोगों को मामले की सुनवाई यहीं से ऑनलाइन हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है व काम करना शुरू कर दिया है। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्रा, डी जे विनोद सिंह, अमरेश कुमार, प्रेमनाथ पांडेय, आनंदा सिंह, अर्पित श्रीवास्तव, निबंधक अमित गुप्ता, सन्दीप निशित बारा, परमानंद उपाध्याय, शिखा अग्रवाल, रितू कुजूर, सतीश कुमार मुंडा, चन्दन कुमार गोस्वामी, प्रतीक राज, मिस अपेक्षा, अमित बंसल, पलामू एसपी रीष्मा रमेसन, अधिवक्ता संघ के प्रभारी अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा सहित सभी न्यायिक प्राधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## रोजगार मेला में युवाओं को मिले नौकरी का ऑफर

**धनबाद।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उदेश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2023 का आयोजन 4490 पदों के लिए आज किया गया। हजारों की संख्या में बेरोजगार युवक युवतियां इस रोजगार मेले में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ शामिल हुए थे। यह रोजगार मेला अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद में 10 :00 से अपराह्न 04 :00 तक जारी रहा। रोजगार मेला में सात हजार महीना से लेकर 40 हजार तक की नौकरी के ऑफर थे। मेला का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने दीप जलाकर किया।

## निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**धनबाद।** धनबाद सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को निगम ने अभियान चलाते हुए पॉलिटेक्निक रोड में करीब 8 दुकानों को हटाया। इस दौरान निगम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार सहित एनफोर्समेंट की टीम मौजूद थी। जहां से अतिक्रमण हटाया गया है वह सड़क कार्मल स्कूल को जाति है, छुट्टी के दौरान अस्थाई दुकानों के कारण जाम की समस्या उत्पन्न होती है। अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर उक्त कार्रवाई की गई है पूरे मामले पर जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि पूर्व में भी यहां पर कार्रवाई हो चुकी है, बावजूद दुकानदार मनमाने तरीके से सड़क किनारे कब्जा कर बैठे हैं ।इसी के आलोक में आज कार्रवाई की गई है और आगे भी करवाई इस प्रकार की जारी रहेगी।

## हजारीबाग में अमित शाह का स्वागत

**बेरमो ।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने आज हजारीबाग स्थित ठैथ मेरू कैंप में केंद्रीय मंत्री अमित शाह का स्वागत अंग वस्त्र पहना कर किया। इस दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने अमित शाह को अपनी लिखी किताब भी भेंट की। विदित है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह आज दो दिवसीय दौरे पर हजारीबाग पहुँचे हैं। जहां ठैथ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

## सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर-निरसा जीटी रोड पर नेरो मोड़ के पास रविवार शाम को हुई सड़क दुर्घटना में प्रदीप हार्ड कोकभट्ठा कर्मी बापी मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान रांची रिम्स में उसकी मौत हो गई । दुर्घटना के बाद झामूमो नेता मन्नू आलम की सूचना पर पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार दलबल के साथ पहुंचे थे और घायल बापी मंडल को अस्पताल भिजवाया था , जहां से उसे रिम्स रेफर किया गया था। सर में गंभीर चोट लगने के कारण मंगलवार को उसकी मौत हो गई। इसके बाद बुधवार सुबह मृतक की लाश लेकर प्रदीप हार्डकोक भट्ठा का गेट जाम कर दिया। झामुमो नेता धरनीधर मंडल, खतियानी नेता जयराम महतो व कुश महतो, कांग्रेस नेता मोइन अंसारी, टिंकू अंसारी तथा प्रबंधन की ओर से गोविंद अग्रवाल के बीच समझौता वार्ता हुआ। प्रबंधन की ओर से मृतक के परिवार को 7.5 लाख का मुआवजा देने का लिखित समझौता हुआ ।

# 20 वर्षों बाद पुनः खुलेगा एफसीआई सिंदरी अस्पताल

**एफसीआई सिंदरी अस्पताल का संचालन करेगा लायंस क्लब**



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** खबर मन्त्र द्वारा 28 सितंबर को लगाई गई शीर्षक खबर एफसीआईएल अस्पताल सिंदरी का संचालन लायंस क्लब कर सकता है का असर गुरुवार को धरातल पर दिखाई दिया। एफसीआईएल प्रबंधन ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है और टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से 20 वर्षों से बंद अस्पताल को चालू करने के लिए जल्द दे दिया जाएगा। इसके प्रथम चरण में ओपीडी और ट्रामा सेंटर खुलने की आश जगी है। इससे लगभग दो लाख आबादी में रहनेवाले लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार आगामी 10 दिसंबर से वर्ष 2003 से बंद पड़े एफसीआईएल सिंदरी अस्पताल के रंगरोगन का काम भी शुरू हो सकता है। इसे लेकर एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन ने विगत 19 नवंबर को टेंडर प्रक्रिया जारी की थी और इस प्रक्रिया में सिर्फ लायंस क्लब इंटरनेशनल ने इस टेंडर में हाथ आजमाया था। एफसीआइएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बीते 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में एलएचएसएच पद्धति के तहत दूसरे कदम स्वास्थ्य सुविधा आगामी 15 अगस्त 2024 या उससे पहले धरातल पर दिखने की घोषणा की थी। जिसके बाद से एफसीआईएल प्रबंधन इसे लेकर गंभीर दिख रहा था और टेंडर प्रक्रिया उसका परिणाम रहा था। उच्च पदस्थ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में अस्पताल के संचालन के लिए एफसीआईएल प्रबंधन और लायंस क्लब सिन्दरी के बीच सहमति बन गई है। इस बाबत दोनों पक्षों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी। सहमति पत्र के अनुसार एफसीआईएल सिंदरी अस्पताल लायंस क्लब सिन्दरी को लंबी अवधि की लीज पर दिया जाएगा। इसे लायंस क्लब इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत लायंस क्लब की सेवाओं और अन्य चिकित्सकों की मदद से शुरू करने की प्रक्रिया कर रही है। ऐसा लग रहा है कि संस्था अपने अन्य रणनीतिक साझेदार के साथ मिल कर भी इसे चलाएगा। नेत्र चिकित्सा सहित अन्य चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में लायंस क्लब संस्था के पिछले कारगर इतिहास को देखते हुए इसे तय माना जा रहा है।

**लायंस क्लब करेगा अस्पताल का संचालन**

लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में उन्होंने हिस्सा लिया था। शायद सिंगल टेंडर होने के नाते इसे अंतिम रुपरेखा के लिए दिल्ली भेजा गया है। लायंस क्लब अपने बेहतरीन स्तर की चिकित्सा के लिए विख्यात है और इसे इस अस्पताल में भी जारी रखेगा। इसके लिए देश भर के चिकित्सकों की टीम लाई जाएगी और सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। एफसीआईएल अधिकारी ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और इसमें सिंगल टेंडर डाला गया था। इसे अंतिम अनुशंसा के लिए उच्च स्तरीय अधिकारियों को भेज दिया गया है।

**सिने अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री का इसी अस्पताल में हुआ था जन्म**

इसी अस्पताल में मशहूर सिने अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि का भी जन्म हुआ था और इसके बंद हो जाने के बाद से लगातार इसे खुलने की कोशिश सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो और जिला प्रशासन की ओर से लगातार की जा रही थी। देश की पहली स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर ने एफसीआईएल के कर्मियों के लिए 205 बेड के अस्पताल का शिलान्यास 8 जनवरी 1953 को किया था। तीन साल बाद 15 जुलाई 1956 को उत्पाद मंत्री केसी रेड्डी ने इसका उद्घाटन किया। वर्ष 2002 में एफसीआईएल की बंदी की घोषणा के बाद इसे जुलाई 2003 में बंद कर दिया गया था।

## शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति ने किया डॉ उषा सिंह को सम्मानित




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति की ओर से गुरुवार को फुसरो की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ उषा सिंह को सम्मानित किया गया तथा 2 दिसंबर को कैमूर जिला अंतर्गत मुंडेश्वरी धाम भगवानपुर में आयोजित होने वाले शाहाबाद महोत्सव में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होने का आमंत्रण पत्र प्रदान किया। शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति की ओर से लाखन सिंह और प्रमोद कुमार शर्मा डॉ उषा सिंह से उनके फुसरो स्थित आवास पर मिले और डॉ सिंह को पगड़ी बांधकर और शॉल उड़ा कर सम्मानित किया। उन्होंने उन्हें आमंत्रण पत्र के साथ बुकलेट और भोजपुरी सम्मेलन नामक पत्रिका प्रदान किया। डॉ सिंह ने शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति द्वारा सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया और सम्मेलन के आयोजन करने के प्रयास की सराहना की।

## सोनामनी किस्कू को मिली पेंशन की स्वीकृति



आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज गोविंदपुर प्रखंड के बरवापूर्व की रहने वाली सोनामनी किस्कु को ऑन द स्पॉट पेंशन की स्वीकृति मिली। उन्होंने बताया कि जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है, तब उन्होंने आज सुबह शिविर में पहुंचकर पेंशन के लिए अपना आवेदन समर्पित किया। सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चंद घंटे में उनका आवेदन स्वीकार हो गया। बरवापूर्व की मुखिया गुलाबी मंडल एवं अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। पेंशन स्वीकृति का प्रमाण पत्र मिलने के बाद उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस राशि से उनकी कई आवश्यक जरुरतें पूरी होंगी।

**संगीता मुर्मू को मिला चेक**



**धनबाद।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज गोविंदपुर प्रखंड के देवली पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवली की संगीता मुर्मू, पिता दशरथ मुर्मू, को साइकिल खरीदने के लिए अंचल अधिकारी श्री रामजी वर्मा और अन्य पदाधिकारियों द्वारा चेक प्रदान किया गया। चेक मिलने के बाद संगीता मुर्मू ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि अब उन्हें अपने घर से स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और पढ़ाई में अधिक समय दे पाएगी।

## जेनेरिक पेपर की परीक्षा जल्दी हो : एनएसयूआई

**धनबाद।** गुरुवार को एनएसयूआई विश्वविद्यालय के नेता जयप्रकाश सिंह ने जेनेरिक पेपर की परीक्षा का आस लगाए बैठे छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एवं डीएसडब्ल्यू से मुलाकात की एवं उन्हें छात्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि ऐसे बहुत सारे छात्राएं हैं जो नौकरी की तैयारी कर रहे हैं परंतु दूसरी जेनेरिक पेपर की परीक्षा न होने के कारण छात्र बहुत सारे नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं साथ ही आसपास के विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए बताया कि अन्य विश्वविद्यालय दूसरी जेनेरिक पेपर की परीक्षा ले चुके हैं ठीक इसी प्रकार कोयलांचल विश्वविद्यालय में भी जल्द से जल्द दूसरी जेनेरिक पेपर की परीक्षा का आयोजन किया जाना चाहिए।

## डीपीएस बोकारो को मिला ग्लोबल स्कूल अवार्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** एकेएस एजुकेशन अवार्ड संस्था की ओर से नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक सम्मान समारोह में डीपीएस बोकारो को ग्लोबल स्कूल अवार्ड 2023 से नवाजा गया है। विद्यालय की ओर से उपप्राचार्य अंजनी भूषण ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय में आयोजित एक विशेष असेंबली में उपप्राचार्य ने प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को यह गौरवपूर्ण सम्मान सुपुर्द किया। उक्त समारोह में 70 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था जहां के शैक्षणिक प्रतिष्ठान शिक्षक व अन्य हितधारक विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किए गए। विद्यालय को नवाचार आधारित बेहतर शैक्षणिक वातावरण मुहैया कराने तथा छात्र छात्राओं के समग्र विकास की श्रेणी में यह वैश्विक सम्मान प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ गंगवार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों शिक्षकों व अभिभावकों सहित समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि एकेएस एजुकेशन अवार्ड संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले दुनियाभर के शिक्षकों शिक्षण संस्थानों व अन्य हितधारकों को प्रत्येक वर्ष एकेएस एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया जाता है।

झारखंड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**सूचना**

पत्रांक 8 / विविध -82/21-1287/SWSM दिनांक 22.12.2021 के आलोक में केन्द्र प्रायोजित JJM एवं SBM-G अंतर्गत राज्य स्तरीय संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति की चयन प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के उपरांत विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची नियुक्ति पोर्टल– niyukti.jharkhand.gov.in पर देखी जा सकती है।

(उप निदेशक I)
प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट,
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,
झारखंड, राँची

PR 312354 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## तेनुघाट नवोदय विद्यालय की छात्रा ने बाथरूम में लगाई फांसी, मौत

**बेरमो।** जवाहर नवोदय विद्यालय बोकारो तेनुघाटए की एक छात्रा ने विद्यालय में होस्टल के बाथरूम में दुपट्टा से फांसी लगाईएआननफानन में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रबंधक द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट लाया गया, जहां डॉक्टर शम्भू कुमार के द्वारा जांचोउपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। डॉक्टर शंभू कुमार ने बताया कि लड़की को मृत अवस्था मे ही लाया गया थाण्विधायल के प्रचार्य बिपिन कुमार ने बताया कि कुछ छात्रों के द्वरा बताया गया कि एक लड़की होस्टल के बाथरूम में दुपट्टा से फांसी लगा ली हैण सभी शिक्षक दौड़ कर गए तो देखा कि बाथरूम के खिड़की में दुपट्टा से फांसी लगाई हुई हैण जिसे अस्पताल पहुँचाया गयाणअगस्त माह 2023 में मिनि मैगरेशन के तहत कम्प्यूटर साइंस में नामांकन हुवा थाण जो अरवल नवोदय कम्प्यूटर साइंस के लिए नामांकन हुआ था मगर अरवल नवोदय मे कम्प्यूटर साइंस नहीं होने के कारण बोकारो नवोदय मे मिनी मैगरशान के तहत तीन लड़का और एक लड़की तेनुघाट भेजा गया थाण

उन्होंने बताया कि सिकरिया गांव पालीगंज जिला पटना बिहार के रहने वाली थी। परिजनों को खबर कर दिया गया है।

## सरकार कराये गुहीबांध कब्रिस्तान का सौंदर्यीकरण : फैयाज अहमद

**सरकार आपके द्वार**

**कतरास।** बुधवार को वार्ड संख्या तीन नगर निगम कार्यालय बस स्टैंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैंप में वार्ड संख्या 2 के कर्मठ समाजसेवी मोहम्मद फैयाज अहमद के द्वारा गुहीबांध कब्रिस्तान का सौंदर्यकरण को लेकर एक आवेदन एक आवेदन संख्या 4/279/4697/545106 दिनांक 16 अक्टूबर 2022 के कैंप में दिया गया था। जिस पर निगम के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। समाजसेवी फैयाज अहमद ने बताया कि मोबाइल पर मैसेज आया था कि योजना को धरातल पर उतरने के लिए निष्पादित कर दिया गया है, लेकिन हकीकत में कोई भी कार्रवाई नहीं हुई थी। बुधवार को नगर निगम कार्यालय कतरास में लगे कैंप में पूर्व की आवेदन की छाया प्रति एवं फिर से गुहीबांध कब्रिस्तान का सौंदर्य करण के लिए धनबाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त अंकित गुप्ता को मोहम्मद फैयाज अहमद के द्वारा आवेदन दिया गया। कब्रिस्तान सौंदर्यकरण का मामला स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता की संज्ञान में भी है।

कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकरी, रामगढ़

**DMFT मद के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यार्थियों के लिये आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, रामगढ़ के कार्यालय से प्रकाशित विज्ञापन संख्या 09 / 2023 के आलोक में DMFT मद के अंतर्गत विभिन्न पदों पर अनुबंध के आधर पर नियुक्ति हेतु अभ्यार्थियों द्वारा प्राप्त आवेदनों के साथ संलग्न किये गये कागजातों का किये गये स्कूटनी के फलस्वरूप स्वीकृत एवं अस्वीकृत अभ्यार्थियों की सूची प्रकाशित करते हुए अस्वीकृत अभ्यार्थियों से आपत्ति / दावा की मांग की गई। अस्वीकृत वैसे अभ्यार्थी जिनके द्वारा आपत्ति / दावा के साथ पुनः उपलब्ध कराये गये वांछित कागजातों के अनुसार दिनांक 21.11.2023 को चयन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के आलोक में योग्य अभ्यार्थियों की सूची तैयार की गई एवं संशोधित योग्य अभ्यार्थियों की सूची www.ramgarh.nic.in पर उपलब्ध है एवं इसकी एक प्रति सिविल सर्जन कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित है।

अस्वीकृत (अयोग्य) वैसे अभ्यार्थी जिन्होनें आवेदन के साथ पद के अनुरूप अनिवार्य योग्यता से संबंधित कागजात / स्थानीय प्रमाण पत्र इत्यादि जमा नहीं कर सके थे उन्हें वांछित कागजात जमा करने हेतु अवसर दिये जाने के बावजूद भी जिन्होंने अपना वांछित कागजात / आपत्ति / दावा नहीं किये हैं उन्हें पूर्व की सूची अनुसार अस्वीकृत / अयोग्य की श्रेणी में यथावत्त रखा गया है। अस्वीकृत अभ्यार्थियों का अब किसी भी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा।

योग्य अभ्यार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनाक 10.12.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे परीक्षा केन्द्र– गांधी स्मारक उच्च विद्यालय, रामगढ़ कैंट में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है, आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यार्थी अपना आधार कार्ड, फोटो, एवं ब्लू / काला पेन के साथ परीक्षा केन्द्र में पूर्वाहन् 09:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

**नोट :– परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र (Admit Card) परीक्षा केन्द्र पर वितरण किया जायेगा अथवा www.ramgarh.nic.in पर अपलोड कर दिया जा सकता है।**

विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सक का साक्षात्कार (Interview) तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर का Skill Test उपायुक्त, रामगढ़ महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 15.12.2023 को पूर्वाहन 10:30 बजे से समाहरणालय में किया जायेगा। इन पदों के लिये भी संशोधित योग्य अभ्यार्थियों की सूची www.ramgarh.nic.in पर अपलोड है।

असैनिक शल्य चिकित्सक
सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

PR 312392 District (23-24)_D

## गुरुनानक स्कूल में क्विज और भाषण प्रतियोगिता



फोटो है 30 धन 05

चिरकुंडा। भारतीय संस्कृति मंच द्वारा चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित गुरु नानक मिशन स्कूल में क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया।विधायक ने कहा कि भारतीय संस्कृति मंच के सदस्य क्विज एवं भाषण के माध्यम से विद्यालय के छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति सजज व महापुरुषों के प्रति जागरुक कर पुनीत कार्य कर रहा है। भारतीय संस्कृति एवं महापुरुषों की जीवन गाथा के अध्ययन से बच्चों में संस्कार एवं शिक्षा दोनों ही बढ़ेगा। विद्यालय के दर्जनों छात्रों ने क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ आर द्विवेदी ने किया। विजई प्रतिभागियों के विजेता को विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर निर्मल सिंह,डॉ एस के सिंह,पुरुषोत्तम पांडे,रुद्र प्रताप सिंह, कृष्ण लाल रुंगटा,अशोक पाठक, अखिलेश्वर तिवारी ,हरेंद्र सिंह आदि थे।

## बोकारो में साबुन उत्पादन केंद्र खुला

**बोकारो।** बोकारो महिला समिति द्वारा संचालित विगत कुछ वर्षों से बंद पड़े साबुन उत्पादन केंद्र का समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी ने नारियल फोड़ कर पुनः विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर समिति की उपाध्यक्ष अल्का श्रीवास्तव मोनिका रंगानी इति रथ तथा समिति के समस्त कार्यकारिणी सदस्या उपस्थित थीं। शुभारंभ के मौके पर बड़े आकार के मोल्ड में साबुन के घोल को उड़ेला गया जिससे साबुन की बट्टीयां तैयार की जाएगी।

# खुदीबेड़ा और हिसीम हुआ बाल विवाह मुक्त गांव




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के दो गांव हिसीम और खुदीबेडा को एक कार्यक्रम आयोजित करके प्रखंड स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बाल विवाह मुक्त गांव घोषित किया गया। इस दौरान सभी वक्ताओं ने बाल विवाह गांव में नही होने देने का संकल्प लेते हुए कहा कि इस सामाजिक बुराई व पूरे समाज के कलंक को मिटाने के लिए सभी लोगों को एकजुट होना होगा। कसमार बीडीओ व बाल निषेध पदाधिकारी अनिल कुमार एवं बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम ने कहा कि बाल विवाह वह अपराध है जिसने सदियों से हमारे समाज को जकड़ रखा है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व सहयोगिनी द्वारा चलाई जा रही जागरूकता से हिसीम व खुदीबेडा गांव बाल विवाह मुक्त गांव घोषित हो सका है। कार्यक्रम समन्वयक फुलेद्र रविदास ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बोकारो जिले के कुल 150 गांवों को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम मुखिया बबीता देवी सांसद प्रतिनिधि बानेशवर महतो पंसस जगेश्वर मुर्मू आनंद महतो पंचायत सचिव भगतू तुरी विमल जायसवाल कुलदीप करमाली मिंटी कुमारी सिन्हा अशोक महतो विकास कुमार मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्याः–11/RI/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक–30.11.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई० डी० संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/KHUNTI/26/SRPKG/02/2022-23 | तोरपा | I.डोड़मा पी०डब्ल्यू०डी० पथ से खिजुरटोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०– 2.000 कि०मी०)। | 11,72,19,521.00 | ग्यारह करोड़ बहत्तर लाख उन्नीस हजार पाँच सौ इक्कीस रू० मात्र। | 9 माह | द्वितीय |
| | | बुण्डू | II.नवाडीह से लाली जामटोली घघराबेड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०– 7.620 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा | III.कुशल मोड़ से भुसाटोली होते हुए नदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०– 2.300 कि०मी०)। | | | | |
| | | तोरपा | IV.अंगराबाड़ी से कडियोर भाया ओकरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–10.250 कि०मी०) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 08.12.2023 ।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 18.12.2023 अपराहन 5:00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 20.12.2023 अपराहन 3:30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR312313 (Rural Work Department)23-24*D

# नापाक मंसूबे


हाल में जम्मू-कश्मीर में पाक प्रशिक्षित आतंकियों के हमले ने एक बार फिर देश की चिंताएं बढ़ाई हैं कि 26/11 के आतंकी हमले के पंद्रह साल बाद भी पाकिस्तान के घातक मंसूबे कायम हैं। वह भारत को नुकसान पहुंचाने के लिये आतंकवादी रणनीतियों में लगातार बदलाव कर रहा है। देश में उत्तरी सेना के एक कमांडर का यह दावा हमारी चिंता बढ़ाने वाला है कि जम्मू-कश्मीर में सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिक आतंकवादी समूहों का हिस्सा है। उन्होंने उच्च प्रशिक्षित विदेशी आतंकवादियों की घुसपैठ कराने के प्रयासों की तरफ भी इशारा किया क्योंकि स्थानीय आतंकियों की भर्ती नहीं हो रही है। सेना द्वारा आशंका जतायी जा रही है कि राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में कम से कम 20-25 आतंकवादी सक्रिय हैं। यह तो पहले से जाहिर है कि भारत के उच्च प्रशिक्षित सैन्य अधिकारियों व सैनिकों से मुकाबला करने वाले आतंकवादी सेना जैसा प्रशिक्षण हासिल किये होते हैं। जाहिर है पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठानों से जुड़े संगठन इस खतरनाक खेल में शामिल हैं। हाल ही में राजौरी में दो स्थानों पर हुई मुठभेड़ में दो सैन्य अधिकारियों समेत पांच सैनिक शहीद हुए। शांतिकाल में यह बड़ी व चिंताजनक क्षति है। बहरहाल पिछले हफ्ते राजौरी में 31 घंटे चली मुठभेड़ के बीच पीर पंजाल क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का नया संकल्प लिया गया। इस मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक शीर्ष कमांडर और उसका सहयोगी भी मारा गया। लेकिन पाक आर्थिक बदहाली व राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। हकीकत यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पाकिस्तान में पाक तालिबानी संगठन के हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़ गये हैं।

# फ्री योजनाओं का असर

मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से हमारी अर्थव्यवस्था व विवेकशील सुशासन पर घातक असर पड़ता है। अंततः रेवड़ी संस्कृति का आर्थिक दबाव सरकारी संसाधनों पर पड़ता है। राज्यों के आर्थिक संसाधन सीमित हैं। ऐसे में बांटा गया धन कालांतर हमारे बुनियादी ढांचे व विकास परियोजनाओं के लिये निर्धारित धन में कटौती करता है। निश्चित रूप से समाज के कमजोर वर्ग को आर्थिक संबल दिया जाना चाहिए। लेकिन जरूरत ठोस आर्थिक विकास व रोजगार के अवसर सृजन की होनी चाहिए। ऐसे अवसर दिये जाने चाहिए ताकि वे कालांतर आत्मनिर्भर बन सकें। फिर वे देश के आर्थिक विकास में स्थायी योगदान दें। लेकिन इस तरह मुफ्त की योजनाओं और गारंटियों से सिर्फ हमारा राजकोषीय घाटा ही बढ़ेगा। मतदाता यदि किसी राजनीतिक दल की दूरगामी नीतियों व विकास योजनाओं को नजरअंदाज करके तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता देगा तो भविष्य में उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। जाहिर बात है कि मुफ्तखोरी की संस्कृति के बूते सत्ता में आने वाला नेता कालांतर सरकारी संसाधनों के दोहन को अपनी प्राथमिकता बनायेगा। जिससे लोकतंत्र में लूटतंत्र की मानसिकता को प्रोत्साहन मिल सकता है। सही मायनों में मुफ्त के उपहारों की हमेशा बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यह हमारे लोकतंत्र की भी विफलता है। सही मायनों में मुफ्त कुछ नहीं होता, वह करदाताओं की पसीने की कमाई से पैदा होता है। देश को कल्याणकारी नीतियों की जरूरत है,लेकिन वह आर्थिक अनुशासन और राजकोषीय विवेक पर आधारित होना चाहिए। जिस प्रकार की स्थितियां बन रही है उसमें राजनैतिक दलों को और अधिक प्रभावी बनना होगा। चुनाव जीतना ही एक मात्र उदेश्य न हो यह स्पष्ट होना चाहिए।

# रेलवे का निजीकरण ब्रिटेन में भी अस्वीकार्य



**- विनायक चटर्जी**

> वर्ष 2016 से ही यह बहस शुरू हो गई थी कि रेलवे को एक बार फिर राष्ट्रीयकृत किया जाए या नहीं। दोबारा राष्ट्रीयकरण करने की इस पहल का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया गया है। कुछ धड़े, खासकर श्रम संगठन इस बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं कि दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाली कंजरवेटिव सरकार मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करके दोबारा राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करेगी। भारत के लिए इसमें क्या सबक हैं?

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने हाल ही में अपने देश के ध्वस्त हो रहे रेलवे नेटवर्क की व्यापक जांच और मरम्मत की घोषणा करते हुए कहा, 'ब्रिटेन के विफल होते ट्रेन नेटवर्क को सरकार के नियंत्रण में लाया जाएगा।' उनका यह कदम सन 1980 और 1990 के दशक में कंजरवेटिव पार्टी की सरकारों द्वारा शुरू की गई निजीकरण की विवादास्पद नीति को पलट देगा। ग्रेट ब्रिटिश रेलवेज (जीबीआर) नामक एक नई सार्वजनिक संस्था गठित की जाएगी।

जीबीआर में समूचा रेलवे तंत्र शामिल होगा। यानी बुनियादी ढांचे से लेकर समय सारणी बनाने और टिकट से होने वाली आय संग्रहित करने तक का सारा काम। यह नई संस्था रेलवे नेटवर्क के पूंजीगत कार्य की योजना बनाने और उसका क्रियान्वयन करने के लिए भी उत्तरदायी होगी। फिलहाल बुनियादी ढांचे यानी ट्रैक, सिग्नल और बड़े स्टेशनों का प्रबंधन कर रही नेटवर्क रेल को इसमें समाहित कर लिया जाएगा। नई कंपनी निजी ट्रेन संचालकों को अनुबंधित करने का काम भी करेगी। ज्यादातर ट्रेनों के संचालन का काम उनके हवाले ही होगा।

गत 20 मई को घोषित इन प्रस्तावों को बीते 25 वर्ष में ब्रिटेन के रेलवे उद्योग के इतिहास की सबसे बड़ी घटना माना जा रहा है। रेलवे एक बार फिर सरकार के हाथ में आ रही है। हालांकि इस दौरान निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाएगा। 30 वर्षीय योजना का मसौदा परिवहन मंत्री ग्रांट शैप्स और ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व मुख्य कार्याधिकारी कीथ विलियम्स ने तैयार किया है। इस योजना को 2023 तक पूरी तरह क्रियान्वित करना है। सन 1979 में जब तत्कालीन थैचर प्रशासन ने ब्रिटिश रेलवे का निजीकरण करने का निर्णय लिया था तब मिजाज बिल्कुल अलग था। उस वक्त कहा गया था कि प्रबंधन कौशल, उद्यमिता की भावना हासिल करने और जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए रेलवे का निजीकरण किया जाएगा। चार वर्ष बाद 1993 में रेलवे अधिनियम लागू हो गया। ट्रैक अथॉरिटी मॉडल अपनाया गया जबकि यात्री रेल सेवाओं को निजी कंपनियों को सौंप दिया गया। स्थायी परिसंपत्तियों मसलन रेलवे ट्रैक, स्टेशन, सुरंगें, पुल, सिग्नल और डिपो आदि जो पुरानी सरकारी कंपनी ब्रिटिश रेल के आधिपत्य में थे उन्हें एक स्वतंत्र कंपनी रेलट्रैक के हवाले कर दिया गया। सन 1995 में रेलट्रैक ने यात्री रेल सेवाओं की फ्रैंचाइज निजी यात्री रेल परिचालन कंपनियों को देनी शुरू की।

अब इस फ्रैंचाइजी मॉडल में दिक्कतें देखी जा रही हैं क्योंकि इससे पूरा नेटवर्क बहुत हद तक विखंडित हो गया है।

ऐसे में फ्रैंचाइज का संचालन कर रही कंपनी के पास परिचालन को लेकर बहुत सीमित अधिकार रह जाते हैं और ट्रैक और ट्रेन परिचालकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसा भी प्रतीत होता है कि ब्रिटेन में हर दो में से एक यात्री ट्रेन का संचालन फ्रांस और इटली की विदेशी कंपनियों द्वारा किए जाने के कारण ब्रिटेन के राष्ट्रीय गौरव को भी ठेस पहुंची।

वर्ष 2016 से ही यह बहस शुरू हो गई थी कि रेलवे को एक बार फिर राष्ट्रीयकृत किया जाए या नहीं। दोबारा राष्ट्रीयकरण करने की इस पहल का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया गया है। कुछ धड़े, खासकर श्रम संगठन इस बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं कि दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाली कंजरवेटिव सरकार मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करके दोबारा राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करेगी। भारत के लिए इसमें क्या सबक हैं? नेटवर्क वाले बुनियादी ढांचे में तयशुदा बुनियादी ढांचे पर राज्य का स्वामित्व ही सही तरीका है। निजीकृत रेल नेटवर्क के विभाजित ढंग से काम करने को ही ब्रिटिश रेल के निजीकरण की नाकामी की वजह माना जाता है। भारत को रेल, तेल एवं गैस पाइपलाइन तथा बिजली पारेषण लाइनों का मुद्रीकरण करते हुए इस बात को ध्यान में रखना चाहिए।

यदि भारत इस बात को ध्यान में रखे तो बेहतर होगा कि कुछ ही विकसित देशों ने उपयोगी नेटवर्क्स को निजी क्षेत्र को बेचने के तरीके का अनुसरण किया है। यूरोप में आमतौर पर ऐसा मॉडल अपनाया गया है जहां परिसंपत्ति स्वामित्व को सेवा प्रावधानों से अलग रखा गया और निजी नेटवर्क्स को परिचालन रियायत प्रदान की गईं। उस तरह देखें तो नियमित जरूरत का पूंजीगत व्यय संप्रभु संस्थान ने किया जबकि निजी क्षेत्र को परिचालन क्षमता से भरपाई की गई।

भारत में निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) के प्रबंधन की संस्थागत क्षमता की कमी है। दस से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 28 राज्य तथा आठ केंद्रशासित प्रदेश अपने-अपने तरीके से पीपीपी का संचालन कर रहे हैं और इस बीच औपचारिक रूप से ज्ञान की साझेदारी नहीं की जा रही। ब्रिटेन सन 1990 के दशक में पीपीपी की अवधारणा आने के बाद से ही उसके बेहतरीन व्यवहार का अगुआ रहा है और उसने कई समर्थक संस्थान विकसित किए जिनका दुनिया भर में अनुकरण किया गया। निजी फाइनैंस इनीशिएटिव, निजी फाइनैंस पैनल, इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैंस यूनिट और पार्टनरशिप्स यूके आदि इसके उदाहरण हैं। भारत को पीपीपी के संस्थानीकरण को गंभीरता से लेना होगा और 3पी इंडिया के रूप में उस पीपीपी थिंकटैंक की स्थापना करनी होगी जिसकी घोषणा अरुण जेटली ने जुलाई 2014 के बजट में की थी।

देश के पीपीपी कार्यक्रम में जो तनाव व्याप्त है उसके लिए नियामकीय आजादी की कमी भी एक वजह है। साहसी निर्णयों के लिए ऐसी आजादी आवश्यक है। पीपीपी को नियामकीय सहारे की आवश्यकता है।

भारत की खुद की जरूरतें नवंबर 2019 की केलकर समिति की पीपीपी रिपोर्ट में शामिल की गई हैं। शायद भारत के नीति निमार्ताओं के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि दुनिया के सर्वाधिक परिपक्व बाजारों में भी निजी पूंजी को शामिल करने का प्रारूप अभी भी उभर रहा है और अनुभवों के आधार पर नया आकार ग्रहण कर रहा है। इसके लिए जरूरी है कि उच्च गुणवत्ता वाली संस्थागत क्षमता विकसित की जाए।

## खास बात

### प्रकृति का साथ

दरअसल जलवायु और पर्यावरण से जुड़े प्रश्नों को लेकर सरकारी खेमों में आरंभिक उत्साह और मीडिया में जोरदार उपस्थिति के साथ फौरी फायदे अधिक महत्व के हो जाते हैं। उसमें ही बढ़त पाने की जुगत लगाई जाती है। उसके आगे मानवता को होने वाले बड़े और दीर्घकालिक नुकसानों को अकसर भुला दिया जाता है। आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से रसूख वाले तथाकथित विकसित देश जलवायु से जुड़ी प्रतिज्ञाओं और संकल्पों में शामिल होने को छोड़ अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आते । वे पर्यावरण की रक्षा के लिए जरूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को खुद के लिए स्वीकार नहीं करते और उनको लागू करने में तरह-तरह की छूट लेते रहते हैं । उदाहरण के लिए ग्रीन गैस के उत्सर्जन को लेकर आज के मौजूदा हालात में यह विडम्बना खास तौर पर झलक रही है । अब जो स्थिति बन रही है वह यह है कि पृथ्वीतल पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। इस पर गौर किया जाना चाहिए कि बीत रहे वर्ष सन् 2023 के अगस्त से अक्टूबर तक के महीने विश्व भर में रिकार्ड तोड़ गर्मी को दर्ज किए हैं । ज्ञातव्य है कि पिछले करीब दो सौ वर्षों में इस तरह की घटना पहली बार अनुभव की गई है ।

पर्यावरण को लेकर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार का सबसे दुखद पक्ष यह है कि मानवीय हस्तक्षेप से होने वाली हानियों का वितरण सभी देशों के बीच एक सा नहीं है । आज यह सर्वविदित है कि उच्च तकनीकी के साथ विकसित देश प्रकृति के दोहन में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं परंतु इस वैश्विक स्वरूप वाली विपदा का खामियाजा अकसर कम विकसित देशों को भुगतना पड़ता है । इसके समाधान के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अंतर राष्ट्रीय कोष का प्रस्ताव बनता रहा है। भारत वर्ष ने भी इसके लिए बड़ा प्रयास किया है।

परंतु कार्रवाई के स्तर पर देखें तो अभी तक की अंतर राष्ट्रीय प्रगति बेहद असंतोषजनक है । यह भी उल्लेखनीय है कि डेढ़ डिग्री तक वैश्विक तापमान बनाए रखने में विफल होने की स्थिति में अनुमान किया जा रहा है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा ।

# नैतिकता

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**लॉर्ड** ऑफ द रिंग्स में भलमनसाहत है, नैतिकता है, लेकिन दूसरों के सही या गलत होने के बारे में एक राय उसमें बना ली जाती है। वहीं गेम ऑफ थ्रोंस में पावर प्ले है, नैतिकता का नामोनिशान नहीं है, लेकिन दुनियादारी है।

टोकीन का जन्म 1892 में हुआ और निधन 1973 में। वे खून-खराबे से भरे हुए दशक थे और टोकीन उन सबके गवाह बने। पहली आलमी जंग में दो करोड़ 20 लाख लोग मारे गए। पांच करोड़ लोगों की जान ली स्पेनिश फ्लू ने। महामंदी आई तो अपने साथ ले आई बेरोजगारी, अकाल, महंगाई और बबार्दी की आंधी। फिर आया नाजी उभार। छह करोड़ लोग मारे गए दूसरे विश्व युद्ध में। बावजूद इन सबके इंसान जिंदा रहा, इंसानियत बची रही।

मार्टिन का जन्म 1948 में हुआ। 1940 के दशक के आखिरी हिस्से से पश्चिमी दुनिया में एक लंबा दौर शुरू हुआ, जिसमें कोई बड़ा हिंसक टकराव नहीं हुआ। मार्टिन एक खाते-पीते समाज में पले-बढ़े। वह मानव सभ्यता के शायद सबसे अच्छे दौर के गवाह बने, जब प्रति व्यक्ति हिंसा का स्तर सबसे कम है और प्रति व्यक्ति समृद्धि भी सबसे अधिक है।

जिस दौर में मार्टिन का जन्म हुआ, उस वक्त के लोगों की जिंदगी अच्छी रही। जंग के खौफनाक दौर से नहीं पड़ा मार्टिन का साबका। वियतनाम युद्ध की आंच भी उन तक नहीं पहुंच सकी।

आप सोच रहे होंगे कि जिंदगी के इन अनुभवों से दुनिया के बारे में उनका नजरिया तय हुआ होगा। जंग और बेबसी के झंझावात में जिनकी जिंदगी उलझ गई हो, वे तो दुनिया की बदनुमा तस्वीर ही देखेंगे।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### देखभाल भी हो

**देश** में निरंतर वनों की कटाई एक जटिल समस्या है। हालांकि अलग-अलग प्रदेश में वन महोत्सव के तहत भारी संख्या में पौधे लगाए जा रहे हैं। निःसंदेह यह प्रयास सराहनीय है, लेकिन पौधे लगाने से ज्यादा उनकी देखभाल की जरूरत होती है। देखभाल के अभाव में पौधे सूख जाते हैं। ऐसे में हमें पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल पर भी ध्यान देने की जरूरत है। जिससे हम सफल हो सकें। **– रविकांत, रांची**

### नकेल कसें

**आज** के समय में चीन विश्व के लिए सिरदर्द बना हुआ है! इसके अलावा वह सैनिक तथा आर्थिक शक्ति के बलबूते पर अपना साम्राज्य फैलाने की कोशिश कर रहा है! दरअसल, अमेरिका को पछाड़कर चीन सुपर पावर बनना चाहता है। चीन पर नकेल लगाने के लिए अमेरिका ने क्वाड का आइडिया दिया है, जिससे उसे रोका जा सके। कड़ें संदेशसे ही ड्रैगन को रोका जा सकता है।

**–श्याम लाल सिंह, रांची**

**राजधानी** के अंदर से हरमू नदी का उद्गम स्थल का गायब होना यह प्रमाणित करता है की शहर की प्लानिंग सही नहीं हो रही है। कंक्रीट जंगल के लिए जन, जल, जंगल, जमीन और जानवर सब खतरे में है।

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

, इलाज और खाद्यान्न जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम मुकम्मल तौर पर यदि किसी सरकार ने किया है तो वह मोदी सरकार ही है। कोडरमा की पचिया देवी और इनके जैसे करोड़ों लाभार्थी इसपर मुहर भी लगाते हैं।

**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





बाबा विश्वनाथ की पावन धरा काशी में लाखों दीये अपना दिव्य प्रकाश बिखेर रहे हैं। देव दीपावली पर यहां के घाटों का यह दृश्य अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय है। कई देशों के राजदूत भी इसके साक्षी बने।

**– नरेन्द्र मोदी**

# विधानसभा चुनावों में खराब विचारों की वापसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनका दल मौजूदा विधानसभा चुनावों में उन बड़े विचारों का इस्तेमाल नहीं कर रहे जिन्हें वे आमतौर पर प्रयोग में लाते है।

तकरीबन एक चौथाई सदी से हमारे राजनीतिक चक्र में एक खास रुझान देखने को मिल रहा है जहां तीन प्रमुख राज्यों में आम चुनाव से करीब छह महीने पहले चुनाव होते हैं। इन चुनावों को बड़े फाइनल के पहले सेमीफाइनल कहना लुभावना हो सकता है लेकिन यह गलत भी है।

हम 2003 से ही जानते हैं कि ये चुनाव आम चुनाव के बारे में बहुत भ्रामक तस्वीर पेश करते हैं। हालांकि इन चुनावों में आपका सामना उन बड़े विचारों से हो सकता है जो आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करते हैं। हालांकि वर्तमान चुनावी मौसम में छोटे विचारों की वापसी हुई है। खासकर पहले देखे जा चुके विचारों जैसे बुरे विचारों की। कुछ विचार तो ज्यादा ही बुरे हैं।

अगर आम चुनावों में यही हमारी राजनीति को परिभाषित करेंगे तो भविष्य निराशाजनक है। मोटे तौर पर एक तरफ बुरे विचार हैं सब्सिडी और मुफ्त उपहार देना तथा दूसरी ओर जाति जनगणना तथा आरक्षण में इजाफा।

मैं मानता हूं कि एक मतदाता के लिए जो निःशुल्क उपहार है वह दूसरे के लिए सशक्तीकरण का उपाय हो सकता है। परंतु हमारी नजर में सशक्तीकरण का सबसे बड़ा माध्यम आर्थिक वृद्धि और साहसी सुधार हैं। उसके लिए एक किस्म के धैर्य की जरूरत है जो वर्तमान की हड़बड़ी भरी राजनीति में नहीं नजर आता। महज 15 वर्ष पहले हम दो दशकों की धर्म और जाति की मुश्किलों वाली राजनीति के बाद आकांक्षी मतदाताओं की सराहना कर रहे थे। धर्म की राजनीति ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मत हिस्सेदारी बढ़ाई जबकि जाति की राजनीति ने हिंदी क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मदद पहुंचाई। हमने इस तथ्य को सराहा कि 2009 से भारतीय मतदाताओं खासकर युवाओं ने बेहतर भविष्य के लिए मतदान किया। उम्मीद की राजनीति, बदले की राजनीति पर भारी पड़ रही थी और इसका जश्न मनाना उचित ही था।

## सामयिक

भारतीय राजनीति में यह स्थापित तथ्य है कि दबदबे वाले नेता हीअपने दौर के मुद्दे तय करते हैं और बाकी नेता उनका प्रतिकार करते हैं। भारत इस मायने में एक विशिष्ट लोकतांत्रिक देश है कि यह हमेशा एकध्रुवीय रहता है। एक दबदबे वाला दल होता है और बाकी सब उससे जूझ रहे होते हैं।

पहले चुनाव के करीब 60 वर्ष बाद तक हम कांग्रेस के नेतृत्व वाली एकध्रुवीय व्यवस्था में जीते रहे। बाकी सारी राजनीति कांग्रेस या गांधी परिवार के विरोध में रहती। परंतु वे कभी कांग्रेस या गांधी परिवार के खिलाफ बड़ा विचार तैयार नहीं कर पाए। यानी वे वैचारिक स्तर पर दूसरा ध्रुव नहीं तैयार कर सके। तब भी नहीं जब 1977 में जनता पार्टी के रूप में एक दल के रूप में एकत्रित हुए।

यह अवधि 2013 में नरेंद्र मोदी के उभार के साथ समाप्त हुई। तब से अब तक हम अपने दूसरे एकध्रुवीय दौर में प्रवेश कर गए हैं और वह है मोदी की भाजपा का। वह जिस तरह अपनी राजनीति और अपनी नीतियों को परिभाषित करते हैं, उससे उन्हें चुनौती देने वालों को अपना प्रतिवाद तैयार करना होता है। हां चूंकि वे एक स्पष्ट परिभाषित विचारधारा से आते हैं इसलिए प्रतिद्वंद्वियों को प्रतिकिया देने में मदद मिलती है।

संभव है उनके बीच बहुत अधिक वैचारिक या राजनीतिक समन्वय न हो लेकिन वे एक मुद्दे पर साझा स्वर में बोलते हैंः धर्मनिरपेक्षता की उनकी परिभाषा बनाम भाजपा का हिंदुत्व। हालांकि बाद में उनमें से कई ऐसा करने से हिचकने लगे।

# अहंकार, घमंड, ज्ञान और अज्ञान की दक्षिणा

**जगदीश सिह**

दक्षिणा : गुरु और शिष्य को एक दूसरे के निकट लाती है

भारतवर्ष के गुरुकुलों में विद्यार्थी जब पढ़ने जाते थे तो वे या तो गुरु और उसके परिवार की सेवा करके अथवा यदि संपन्न परिवार के हुए तो कुछ शुल्क देकर विद्या प्राप्त करते, किंतु प्रायः शुल्क देनेवाले कम ही व्यक्ति होते थे और अधिकांश सेवासुश्रूषा से ही विद्या प्राप्त कर लेते थे।

प्रायः ऐसे विद्यार्थी अपनी शिक्षा समाप्त कर जब घरचलने लगते तब गुरु को सम्मान और श्रद्धास्वरूप कुछ भेंट अर्पित करते जो दक्षिणा कहलाती थी। धीरे धीरे गुरुदक्षिणा की रीति सी बन गई और अत्यंत गरीब विद्यार्थी भी कुछ न कुछ दक्षिणा अवश्य देने का यत्न करने लगे। यह दक्षिणा विधान में आवश्यक रूप से देय मानी गई हो, ऐसा नहीं, किंतु श्रद्धालु विद्यार्थी स्वेच्छया उसको दें, यह क्रम हो गया और आज भी प्राचीन परिपाटी से पढ़नेवाले विद्यार्थी गुरुपूर्णिमा (आषाढ़ मास की) के दिन अपने गुरुओं की द्रव्य, फल मूल, पुष्प और मिष्ठान्न दक्षिणा सहित पूजा करते हैं।गुरुदक्षिणा गुरु के प्रति सम्मान व समर्पण भाव है। गुरु के प्रति सही दक्षिणा यही है कि गुरु अब चाहता है कि तुम खुद गुरु बनो। गुरुदक्षिणा उस वक्त दी जाती है या गुरु उस वक्त दक्षिणा लेता है जब शिष्य में सम्पूर्णता आ जाती है। अर्थात जब शिष्य गुरु होने लायक स्थिति में होता है। गुरु के पास का समग्र ज्ञान जब शिष्य ग्रहण

## चिंतन

कर लेता है और जब गुरु के पास कुछ भी देने के लिए शेष नहीं रह जाता तब गुरुदक्षिणा सार्थक होती है। गुरुदक्षिणा का अर्थ है कि गुरु से प्राप्त की गई शिक्षा एवं ज्ञान का प्रचार-प्रसार व उसका सही उपयोग कर जनकल्याण में लगाएँ। मूलतः गुरुदक्षिणा का अर्थ शिष्य की परीक्षा के संदर्भ में भी लिया जाता है।

गुरु का प्रेम दिखने में कठोर होता है, किंतु इससे शिष्य का जरा भी अहित नहीं होता। गुरु का पूरा जीवन अपने शिष्य को योग्य अधिकारी बनाने में लगता है। गुरु तो अपना कर्तव्य पूरा कर देता है, मगर दुसरा कर्तव्य शिष्य का है वह है- गुरुदक्षिणा।

गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद जब अंत में शिष्य अपने घर जाता है तब उसे गुरुदक्षिणा देनी होती है। गुरुदक्षिणा का अर्थ कोई धन-दौलत से नहीं है। यह गुरु के ऊपर निर्भर है कि वह अपने शिष्य से किस प्रकार की गुरुदक्षिणा की माँग करे। गुरु दक्षिणा की प्रथा आज भी कायम है शिष्य अपने उपार्जन या संपत्ति से प्राप्त सर्वोत्तम वस्तु गुरु को अर्पित करता है ।

यह उसकी आध्यात्मिक शक्ति के प्रति उसकी भक्ति की प्रतिबद्धता का एक रूप है । दक्षिणा, गुरु और शिष्य को एक दूसरे के निकट लाती है तथा उनके बीच धीरे-धीरे अधिक गहरा संबंध स्थापित होता जाता है। शिष्य एक ऐसे पुत्र का उत्तरदायित्व स्वीकार कर लेता है जो अपने पिता की देखरेख करता है तथा उसकी प्रत्येक आवश्यकता का ख्याल रखता है। भारत में शिष्यगण गुरु की सेवा हेतु अपने सभी साधनों का उपयोग करते हैं ।वास्तव में वे गुरु चरणों में अपना सर्वस्व तक निछावर कर देते हैं वे इस बात के प्रति आश्वस्त रहते हैं कि वे जो कुछ भी दे रहे हैं एक सुपात्र के हाथों जा रहा है। वह यह भी जानते हैं कि आध्यात्मिक दृष्टि से प्रबुद्ध व्यक्ति के लिए धन संपत्ति, यश, प्रतिष्ठा एवं प्रसिद्धि का कोई महत्व नहीं होता।

वे इनका उपयोग से एक उद्देश्य से करते हैं संपूर्ण मानव समाज में ज्ञान और विवेक का प्रसार।

भौतिक संपदा का उपयोग का इससे अधिक उत्तम तरीका क्या हो सकता है

(लेखक योग प्रशिक्षक हैं।)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कमल बगड़िया ने घर घर दीप जलायेंगे गीत का किया लोकार्पण



प्रेस वार्ता करते।

**रामगढ़।** भजन गायक कमल बगड़िया ने गुरूवार को प्रेस वार्ता किया। इस मौके पर उन्होंने घर घर दीप जलायेंगे गीत का लोकार्पण किया। बताया की आगामी वर्ष अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की स्थापाना होगी। बताया की उसी को ध्यान में रखकर इस गीत को बनाया गया है। कहा की अयोध्या में मंदिर की स्थापना होगी तब इस गीत से भक्तों को आनंद में डूबने का मौका मिलेगा। कहा की मंदिर की स्थापना पर सभी भक्तों के घर घर दीप जलाकर उत्सव मनाने की परंपरा का समायोजन होगा। यही गीत में बताने का प्रयास किया गया है। गीत में संगीत चिंटू मिश्रा ने दिया है। ध्रुव सिंह व प्रिया एवं चंदन ने कोरस किया है। गीत को यू टयूब चैनल पर कमल बगड़िया चैनल में सुना जा सकता है। गीत के जारी होते ही सैकड़ों लोगों ने लायक किया है। कमल बगड़िया ने कहा की राम भक्तों के हृदय के तारों को यह गीत झंकृत करेगा।

### एसडीओ के आदेश पर भी सरकारी जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटा

**कटकमसांडी।** एसडीओ के आदेश पर सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटाने को लेकर नोटिस कार्य जारी किया गया था। इसक्रम में कटकमसांडी प्रखंड के डांटो पंचायत अन्तर्गत ग्राम कठोतिया के आंगनबाड़ी केंद्र के सामने जिसका खाता नंबर 28 और प्लॉट नंबर 175 है जो इसी गांव के दो व्यक्ति पहला प्रसादी साव पिता स्वर्गीय गेंदों साव दूसरा नरेश साव पिता स्वर्गीय रूपलाल साव यही दोनो व्यक्ति के द्वारा खाता नंबर 28 और प्लॉट नंबर 175 की जमीन पर हुए अवैध कब्जे किया गया है। इसी जमीन में विधायक मद से सामुदायिक भवन का निर्माण होना था लेकिन यही गांव के दो व्यक्ति के द्वारा जमीन पे अवैध कब्जा किया गया है। इस कब्जा को लेकर एसडीओ के द्वारा अवैध कब्जा को हटाने को लेकर कटकमसांडी अंचल अधिकारी को नोटिस भी कर दिया गया है लेकिन आज तक कटकमसांडी इस नोटिस का अंचल अधिकारी अनिल कुमार के द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया है और न आज तक इस जमीन को अवैध कब्जा से हटा नहीं सके । ग्रामीणों के यह भी आरोप है कि इस अवैध कब्जा को हटाने को लेकर अंचल अधिकारी से लेकर कटकमसांडी थाना प्रभारी तक आवेदन दिया गया है, लेकिन इस मामला को लेकर अंचल अधिकारी अनिल कुमार के द्वारा मजिस्ट्रेट नियुक्त भी किया गया था मैजिस्ट्रेट अवैध कब्जा जमीन पे गए भी लेकिन मजिस्ट्रेट के द्वारा अवैध जमीन को हटा देने को लेकर सात दिन का अल्टीमेटम भी दिए थे। लेकिन आज तक निजात नहीं हो पाया अवैध जमीन से। मजिस्ट्रेट बोल कर के आए थे की अगर जमीन अवैध कब्जा से नही हटा तो हम सभी को नोटिस कर देंगे लेकिन यह सारा बात हवा में रह गया और धरातल में नहीं दिख। इस दौरान अवैध जमीन से कब्जा हटने पर ग्रामीणों ने दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर भी दी थी लेकिन पुलिस के द्वारा भी असंतोष जनक करवाई हुवी है।

### सेवा निवृति नौकरी का हिस्सा : एके टोप्पो

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में गुरूवार को अस्पताल के वार्ड ब्वॉय के सेवानिवृति पर विदाई सह सम्म्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के एरिया चिकित्सा पदाधिकारी एके टोप्पो, डॉ. नदीम अनवर, डॉ. मंसूर आफताब सहित अस्पतालकर्मियों ने वार्ड ब्वॉय कालिया घांसी का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी एके टोप्पो ने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक न एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। मौके पर अस्पतालकर्मियों ने कालिया घांसी के स्वस्थ्य शरीर व सुखद जीवन की कामना करते हुए विदाई दी। मौके पर ललन प्रसाद, योगेंद्र बड़ाईक, गजेश साव, कन्हैया सिंह, केडी शरण, राहुल झा, जावेद असलम खान, सिस्टर एस कुजूर, शिशिर डांग, गणेश, चैतन्य भौमिक, नेहा मिंज, सुमन, सीमा, सुनीता टेटे, सरस्वती, बेबी देवी, पनवा देवी, रूखसाना, वीणा, फारूख रजा, बाबू दास, चिंता, पूजा, पंचू, देवंती आदि मौजूद थीं।

## व्यापक सीमा प्रबंधन प्रणाली में बीएसएफ 2289.66 किमी स्वतंत्र रूप से सुरक्षा में तैनात : डीजी

# गृहमंत्री आज लेंगे बीएसएफ मेरु कैम्प में 59वीं स्थापना दिवस परेड की सलामी

- सर्वोच्च बलिदान और वीरता के लिए 1968 बहादुरों को श्रद्धांजलि की अर्पित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारु।** बीएसएफ की 59 वीं स्थापना दिवस के पूर्व सांध्य पर बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने प्रेसवार्ता में बीएसएफ की विशेषता व उप्लब्धियाँ को सार्वजनिक किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि बल के जवान देश की अंतराष्ट्रीय सीमा सुरक्षा में अगली पंक्ति में तैनात होकर देश की सेवा करती है। अंतराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा में व्यापक सीमा प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत देश के कुल अंतराष्ट्रीय सीमा के 6386.36 किमी में से 2289.66 किमी सीमा पर बीएसएफ प्रत्यक्ष रूप से सुरक्षा में तैनात है इनमे पाक सीमा पर 772 किमी, एलओसी पर 237.2 किमी शामिल है। शेष अन्य बल के साथ मिलकर सुरक्षा प्रदान कर रही है। सुरक्षा के दौरान 895.182 किलो नशीली पदार्थ,





जानकारी देते अधिकारी।

### पाक के बढ़ते ड्रोन के खतरा मे बीएसएफ को मिली सफलता

भारत-पाक सीमा पर ड्रोन के बढ़ते खतरे का मुकाबला करने के लिए कुछ हैंड हेल्ड स्टैटिक और व्हीकल माउंटेड एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए गए। पंजाब सीमा में तारबंदी से पहले जमीन रखने वाले किसानों का कुछ गेटों पर बायोमेट्रिक मशीनों पर पंजीकरण की अनिवार्यता लागू किया है।

विभिन्न प्रकार के हथियार 164, गोला बारूद 2468, 163.364 किलो सोना की जब्ती किया है। पश्चिमी सीमा पर बीएसएफ द्वारा कुल 90 ड्रोन/यूएवी बरामद किए गए। इसमें पंजाब सीमा पर 81 और राजस्थान सीमा ०९ ) किए गए ड्रोन/यूएवी बरामद किया गया। वर्ष 2023 में बीएसएफ कर्मियों ने हमारे राष्ट्र की पवित्रता और संप्रभुता की रक्षा करते हुए 14 जावनो अपनी जान गवाँई है। स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्रता दिवस के अवसर पर बीएसएफ के जवानों को विशिष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक 227, जीवन रक्षक पदक 11 प्राप्त हुआ है। इसके अलावे डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन के दौरान सांवला राम विश्नोई व शिशुपाल सिंह शाहिद हो गए थे। जिन्हें मरणोपरांत संयुक्त राष्ट्र के प्रतिष्ठित हैमरस्कजॉल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। महत्वपूर्ण पदकों से सम्मानित किया गया है बीएसएफ के जवानः- बीएसएफ के जवानों के उनके बेहतर व निष्ठापूर्वक कर्तव्य को निभाने के क्रम बीएसएफ के कर्मियों को 1 महावीर चक्र, 13 वीर चक्र, 6 कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना पदक, 232 पीपीएमएसजी और 1001 पीएमएसजी से सम्मानित किया गया है। सीमा सुरक्षा के साथ साथ बीएसएफ के जवान नक्सल प्रभावित क्षेत्र उड़ीसा व छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर काबू पाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

#### अन्य कार्यों में बीएसएफ की अहम भूमिका

बीएसएफ के जवान देश सुरक्षा के अलावे अमरनाथ यात्रा, मणिपुर में जातीय दंगा, चुनावी ड्यूटी, सामाजिक गतिविधियों में भी अहम भूमिका निभाती है।साथ ही साथ वर्तमान में 16वीं टुकड़ी (आईएफपीयू-2) जिसमें 140 बीएसएफ कर्मी (एक महिला अधिकारी और 10 महिला कांस्टेबल सहित) शामिल हैं, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के लिए मोनुस्को, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में तैनात हैं। आईटी एवं संचार-आधुनिकीकरण योजना, इंजीनियरिंग क्षेत्र में, खेल कूद के क्षेत्र में व स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में, दिव्यांग कौशल विकास, स्वच्छता, पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी बीएसएफ का है।

### बीएसएफ में 8500 से अधिक महिला बल है तैनात

महिला सशक्तिकरण को लेकर बीएसएफ ने महिलाओं की एक मजबूत सेना खड़ी की है। प्रारंभ में महिलाओं को क्रमशः 1972 और 1985 में चिकित्सा संवर्ग और मंत्रिस्तरीय संवर्ग में शामिल किया गया था। महिलाओं के पहले बैच में 639 महिला प्रहरी शामिल हुए थे। वर्तमान में 8500 से अधिक महिलाएँ बीएसएफ में काम कर रही हैं, जिनमें से 149 राजपत्रित अधिकारी हैं और वे प्रदर्शन कर रही हैं पश्चिमी, पूर्वी सीमा और वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य पर विभिन्न प्रकार के परिचालन कर्तव्य। इसके अलावा, बीएसएफ की सभी महिला बाइकर्स टीम सीमा भवानी सीएपीएफ की संयुक्त महिला बाइकर्स टीम में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो कार्तव्यापथ में आगामी गणतंत्र दिवस परेड-2024 में भाग लेगी।

## ईरगा पंचायत मुखिया अनीता देवी ने स्कूली बच्चों के बीच किया ड्रेस वितंरण



स्कूली बच्चों के बीच किया ड्रेस वितरण करते मुखिया।

**दारू।** ईरगा पंचायत के मुखिया अनीता देवी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापीका विद्यावती कुमारी के द्वारा बडवार ईरगा मध्य विद्यालय चम्पाबागी के छात्र- छात्रओं के बीच स्कूली पोशाक , जूता तथा स्वेटर का वितंरण किया गया । कक्षा 3 से कक्षा 8 तक 144 छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया । जिसमें से दो सेट पोशाक, एक स्वेटर, एक सेट जूते छात्र-छात्राओं को दिया गया। जो की छात्र, छात्राओं ने स्कूल पोशाक पाकर बहुत खुश नजर आए। इसी मौके पर ईरगा पंचायत के मुखिया अनीता देवी के द्वारा आपने से स्कूली बच्चों और शिक्षकगणों को पानी पीने का सुविधा भी उपलब्ध कराई जो कि वाटर कूलर एवं वाटर फिल्टर मशीन स्कूल में लगवाई। इस मौके पर ईरगा पंचायत के मुखिया को प्रधानाध्यापिका और शिक्षकगणों एवं छात्राओं के द्वारा मुखिया अनीता देवी को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर उपस्थित सी आर पी के मीनाक्षी अम्बसट , प्रधानाध्यापीका विद्यावती कुमारी ,शिक्षक मनोज सिन्हा , सुषमा कुमारी जय नारायण रविदास, मंजू कुमारी एस एम एल के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों के पुनर्वास व उत्थान में योगदान के लिए जेएसपी को मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड

- हमसभी यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर गर्वान्वित महसूस कर रहे हैं : शालू जिंदल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को दिव्यांग जनों (पर्संस विद डिसऐबिलिटीज) के पुनर्वास और उनके उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है। प्रेस बयान जारी कर बताया गया है की यह सम्मान सामुदायिक विकास के लिए जेएसपी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा की हमसभी यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर गर्वान्वित महसूस कर रहे हैं। हम समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2023 सामाजिक उत्थान के लिए किये जा रहे हमारे उन प्रयासों पर मुहर है, जिसमें हम प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। हम अपनी सेवाओं के विस्तार के लिए सदैव समर्पित हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें। शालू जिंदल ने इस सम्मान के लिए निर्णायक मंडल के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। जेएसपी अपनी सीएसआर शाखा, जेएसपी फाउंडेशन के माध्यम से 2009 से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में जिन्दल आशा (जिसे पहले आशा-द होप के नाम से जाना जाता था) केंद्र संचालित कर रहा है। इन केंद्रों में तत्काल सहयोग, फिजियोथेरैपी, चिकित्सा, वाक चिकित्सा, विशेष शिक्षा, संगीत और मनोरंजन चिकित्सा, परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं, कौशल विकास प्रशिक्षण आदि के माध्यम से दिव्यांग जनों के पुनर्वास का प्रयास किया जाता है ताकि वे स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम हो सकें। अभी तक 5500 से अधिक दिव्यांग जन और बच्चे इन केंद्रों से लाभान्वित हो चुके हैं। लगभग 250 बच्चों को प्रतिदिन देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। फाउंडेशन प्रतिवर्ष 1000 बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण की सुविधाएं प्रदान करता है। पिछले साल, केंद्रीय कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने जेएसपी को दो श्रेणियों में राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार विजेता घोषित किया, जिसमें राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योगदान (दिव्यांग जन पुनर्वास एवं सशक्तीकरण) शामिल है। कंपनी को इस योगदान के लिए सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड 2022 से भी सम्मानित किया गया है।

## करसो पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल अधिकारी।

**बरही।** प्रखंड के करसो पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजुर, बीडीओ सी.आर. इंदवार, अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया उषा राम, स्वास्थ्य विभाग विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली, उप मुखिया बालेश्वर यादव, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। बैठक में सभी विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से सोना सोबरन योजना से धोती साड़ी, कम्बल कल्याण विभाग से साइकिल हेतु डमी चेक, जेएसएलपीएस द्वारा पहचान कार्ड इत्यादि का वितरण किया गया। इस दौरान एसडीओ ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर प्रखण्ड सह अंचल कर्मियों को निर्देश दिया कि जनता से जुड़े सभी कार्य को सरलता पूर्वक किया जाए। जिससे सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, यमुना यादव, छोटेलाल यादव, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, सिकन्दर कुमार, प्रशांत कुमार, बंटी ठाकुर, मुकेश सिंह, पायल कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर में

### चुरचू में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**चरही।** गुरुवार को चुरचू प्रखंड के तहत चुरचू पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीपप्रज्ज्वलित कर किया गया। इस शिविर कार्यक्रम में कई तरह के योजना जैसे अबुवा आवास, मनरेगा, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मेडिकल जांच, जैसे कई योजनाओं का शिविर लगाया गया था। चुरचू पंचायत के ग्रामीणों को धोती साड़ी और पौधा वितरण किया गया। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी एवं साइंस कीट वितरण किया गया। नवतम महिला किसान फाउंडेशन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। इस शिविर में दस मजदूरों का जॉब कार्ड वितरण गया। चुरचू जन वितरण प्रणाली के द्वारा दस सहाय ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। चुरचू स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा स्टॉल में विभिन्न मरीजों का इलाज किया गया। चुरचू एसबीआई बैंक के द्वारा किसानों को केसीसी ऋण का पास बुक दिया गया ।इस कार्यक्रम में प्रखंड के पदाधिकारी, अंचलकर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और लाभुक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### भविष्य में इस तरह के कार्यशाला आयोजित करने का विश्वास दिलाया: मो. साजिद

**रजरप्पा।** माउंट एवरेस्ट पब्लिक स्कूल चितरपुर के तत्वाधान में कंप्यूटर साइंस एव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विस्तार विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला को आईआईटी कानपुर के प्रशिक्षक लेक्चरार डॉक्टर एंजामामूल हक ने छात्रों के समक्ष विस्तार से आज के युग में कंप्यूटर एव डिजिटल वर्ल्ड पे बातें साझा की। साथ ही साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े अवसर एव एआई से जुड़े खतरों को बच्चों के बीच बातें रखे। कंप्यूटर लर्निंग एव स्किल को किस तरह से विकास करना है प्रश्न उत्तर के माध्यम से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में बच्चों ने खुलकर डॉक्टर एंजामामूल से प्रश्न किया. माउंट एवरेस्ट के डायरेक्टर साजिद हुसैन ने कहा कि इस तरह का कार्यशाला लगातार कराने से छात्र आज के युग के चुनोतियाँ से अवगत रहते हैं। साथ ही साथ भविष्य में इस तरह के कायेर्शाला आयोजित करने का विश्वास दिलाया। इस कार्यशाला में शिक्षक अभिषेक कुमार, दीपेंदर कुमार, नीतू कुमारी, जमजम तैयाबीन, मो. युसुस एव स्कूल प्रिंसिपल जितेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### कुजू महाप्रबंधक की माता के निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष ने शोक संवेदना किया व्यक्त

**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने सीसीएल कुजू के महाप्रबंधक नीरज सिन्हा की माता के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जीएम कुजू की माता जी के निधन से चित्रांश परिवार एक मां के आशीर्वाद से वंचित हो गए है। वो एक मृदुभाषी थीं और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहती थी। उनकी मृत्यु समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। स्निहा ने कहा की अखिल भारतीय कायस्थ महासभा परिवार इस दुख की घड़ी में जीएम नीरज सिन्हा के साथ खड़ी है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। कुजू महाप्रबंधक की माता के निधन पर वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, आनन्द सिन्हा राजेश कुमार,प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा, वामेश्वर प्रसाद,कुंवर बक्सी, मुन्ना सिन्हा, राजीव पामदत्त, रोहित वर्मा, सुजीत नारायण सिन्हा, संजय लाला, ज्योति कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, ने शोक व्यक्त किया।

## पटेलनगर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# शिविर में पहुंच योजनाओं का शत प्रतिशित उठावें लाभ : अंबा प्रसाद

- लाभकारी योजनाओं की दी गई जानकारी
- दर्जनों आवेदनों का किया गया निष्पादन
- धोती-साड़ी व कंबल का हुआ वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करती विधायक अंबा प्रसाद व अन्य।



कंबल वितरण करते अंबा प्रसाद व अन्य।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के पटेलनगर पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरूवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, पंचायत की मुखिया गुलाब देवी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, पतरातू प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ऋतुराज सिंह, सीडीपीओ अनुपमा मिंज, बीसीओ राजेश एक्का, पंचायत सचिव अनीता कश्यप, पंसस संगीता देवी आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। शिविर का उद्देश्य ही ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दर्जनों लाभकारी योजनाए चलाई जा रही है। जिसका लाभ सीधे तौर ग्रामीण तक पहुंच रहा है। विधायक ने कहा उक्त कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न पंचायत में किया जाना है। आपसभी शिविर में आकर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लें। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को दर्जनों लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका शत प्रतिशत लाभ उठाने की अपील की। शिविर में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, कल्याण विभाग, वन विभाग सहित वृद्धा व दिव्यांग पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, बिजली वितरण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सावित्री बाई फूले योजना, बाल विवाह रोक योजना, श्रम नियोजन योजना, खाद सार्वजनिक योजना, आधार सुधार, वोटर आईडी सुधार सहित अन्य का स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन भी जमा किया। जिसमें से कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी का जांचोंपरांत निष्पादन करने की बात कही गई। शिविर में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत दर्जनों छात्राओं के बीच 5-5 हजार के चेक वितरित किया गया। वहीं साईकिल के लिए साढे 4 हजार रुपए का चेक विधायक के हाथों विद्यार्थियों को दिया गया। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वालंबी बनाने के उद्देश्य से स्वीकृति लोन का चेक भी सौंपा गया। वहीं दर्जनो गरीबों-असहायों के बीच धोती-साड़ी व कंबल का वितरण किया गया। जबकि वन विभाग विभाग द्वारा फलदार पौधों का वितरण किया गया। वहीं प्रवासी कार्ड, राशन कार्ड व कई लोगों का नया आधार कार्ड भी बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अमितेश सिंह ने किया। कार्यक्रम संचालक विनोद कुमार सिंह ने किया। मौके पर बीईसीओ राजेश एक्का, जल सहित प्रतिमा सिंह, संतान सिंह, रौशन नायक, उमेश सिंह, श्रीनाथ करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

#### पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं का किया समाधान

विभिन्न स्टॉलों में बैठे पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। इसमें श्रम विभाग के धर्मेंद्र कुमार पांडेय, पेयजल विभाग के सुरेश कुमार, जनार्दन मुंडा, मनरेगा विभाग के महेश कुमार, बीपीओ प्रीतम कुमार, रोजगार सेवक बृजमोहन प्रसाद, 15वें वित आयोग के राहुल कुमार, जेएसएलपीएस की सुनीता देवी, पुरुषोत्तम सिंह, बिरजू मुंडा, शीला कुमारी, चिंता देवी, सीडीपीओ अनुपम मिंज, शिखा भारद्वाज, शबरी नायक, इंदु देवी, नासरीन परवीन, पशुपालन विभाग के डॉ अशोक कुमार, डॉ पंकज कुमार, डॉ भ्रमण सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, प्रज्ञा केंद्र के रामायण तिवारी, अबुआ आवास योजना के अरुण कुमार ठाकुर, कमलेश कांत रंजन, जन्म मृत्यु विभाग के किशोर कुमार, शिक्षा विभाग के सीआरपी निशा कुमारी, उमेश कुमार मेहता, प्रियंका कुमारी, वर्षा, रवि रंजन आपूर्ति विभाग के आदित्य कुमार, शशि अग्रवाल, गोविंद सिंह, जिला उद्योग व लघु कुटीर उद्योग के रवि कुमार, वन विभाग के एसडीओ अनिल कुमार, आवासीय, जाति व आय विभाग के बसंत कुमार, मनोज उरांव, राजस्व उप निरीक्षक गोपाल मांझी, पेंशन योजना के मनजीत सिंह, स्वास्थ्य विभाग डॉ ऋतुराज सिंह सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी शामिल थें।

## स्पीड न्यूज

### करंट की चपेट में आने से युवक घायल

**गुमला।** मकान निर्माण के दौरान कार्यरत मजदूर बिरसा नगर निवासी प्रदीप केरकेट्टा करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तत्काल उसे दूसरे मजदूरों के सहयोग से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक अन्य मजदूर ने बताया वे लोग बिरसा नगर में एक घर में छत ढलाई के लिए छड़ लगाने का कार्य कर रहे थे। प्रदीप छड़ लेकर सेट कर रहा था। तभी छड़ 11 हजार विद्युत के तार के संपर्क में आ गया और मजदूर को करंट लग गया। जिसे वह सीढ़ी के पास से करीब 7 से 8 फीट नीचे झटके के साथ जमीन पर गिर गया। इस दौरान उसका हाथ बुरी तरह से झुलस गया। घटना के बाद सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

### बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति गिरकर हुआ घायल

**गुमला।** बाइपास रोड स्थित पुलिया पर बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से ढोल चुआं थाना पालकोट निवासी 46 वर्षीय अन्ना लीतू बा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसके साथियों द्वारा निजी वाहन से उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वह बेहोशी की हालत में है। जानकारी देते हुए अन्ना के एक साथी ने बताया कि एक बाइक से तीन लोग रायडीह थाना क्षेत्र के नारटोली गांव ससुराल गए थे। वहीं आज वापसी के क्रम में बाइपास रोड स्थित पुलिया में बने गड्ढे में बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति सड़क पर गिर गया। जिससे उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी।

### फादर लिनुस पिंगल एक्का के बिशप बनने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

**गुमला।** गुमला धर्मप्रांत के प्रशासक फादर लिनुस पिंगल एक्का के बिशप बनने पर जिले के कांग्रेसियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार, हेमवती लकड़ा, अमर प्रदीप कुजुर, मुरली मनोहर प्रसाद, राजनील तिग्गा, रोहित उरांव, अरुण गुप्ता, हिमेश कुमार, कलावती देवी, अमृता भगत, रामनिवास प्रसाद के नाम शामिल है। ज्ञात हो कि बिशप पॉल केरकेट्टा के निधन के बाद गुमला में बिशप का पद रिक्त हो गया था। लिनुस पिंगल एक्का लंबे समय से गुमला में प्रशासक की भूमिका में थे। इधर उनके बिशप घोषित होने पर मसीही विश्वासियों में खुशी की लहर है।

### नव निर्मित चबुतरे का जनप्रतिनिधियों ने किया उदघाटन

**सिसई।** सिसई प्रखंड के घाघरा पंचायत दारी टोंगरी मे 15 वें वित से निर्मित चबुतरा का गुरुवार को प्रखंड प्रमुख मीना देवी,उप प्रमुख नीलेश उरांव, पंचायत मुखिया इन्द्रपाल भगत,पंचायत समिति मंगल भगत ने संयुक्त रुप से फीता काट कर उदघाटन किया। मौके पर प्रमुख ने कहा कि चबुतरा निर्माण से ग्रामीण लाभांवित होंगे। लोगो को बैठक करने और थकान दूर करने के लिए आश्रय का बेहतर विकल्प बना है ।मौके पर अफरोज अंसारी,शशि पंडित,सचिव सुभाष भगत,प्रधान मंगा भगत,जगरनाथ महली,मड्वाडी उरांव,आनंद कुमार मुण्डा,गंगा उराँव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला अधिवक्ता संघ ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सौंपा चेक

**लोहरदगा।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन के निदेर्शानुसार जिला अधिवक्ता संघ द्वारा लोहरदगा के वरिष्ठ अधिवक्ता मोतीलाल अग्रवाल नोटरी जो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं उन्हें मेडिक्लेम की राशि का चेक उनके आवास में जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अम्रेन्द्र सिंह एंव प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेन्द्र देव द्वारा सौंपा गया। उसके उपरांत वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजकिशोर साहु नोटरी जो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं उनसे भी जिला अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने मिला कर चेक प्रदान किया। जिसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी, महासचिव लाल दीपक नाथ साहदेव, उपाध्यक्ष अमरिंदर सिंह, प्रशासनीक सचिव लाल धर्मेन्द्र देव,पवन कुमार, अजय लकड़ा, राधाकृष्ण शर्मा, विक्रम कुमार, विपिन बिहारी दुबे,विनय साहू इत्यादि शामिल थे।

### भंडरा में सड़क दुर्घटना में युवक घायल, सदर रेफर

**भंडरा ।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ प्रखंड कार्यालय गेट के समीप डिजायर वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बता दें कि महिंद्रा फाइनेंस कंपनी के कर्मी गोबिंद साहू अपने पैसन प्रो मोटरसाइकिल से भंडरा की ओर जा रहे थे। तभी लोहरदगा से रांची की ओर जा रही डिजायर वैन संख्या जेएच 01 डीडब्लू- 2827 से टक्कर हो गई। इससे मोटरसाइकिल सवार लोहरदगा निवासी गोबिंद साहू के पैर में काफी चोटें आई है।

### साइकिल बाइक की आमने समाने भिड़त से 9 लोग घायल

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरा लोहरदगा मुख्य सड़क मार्ग पर मसमानो मॉड के समीप साइकिल बाइक की आमने सामने भिड़त से दो परिवार के 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भैसमुंदो गाव निवासी फूलचंद महतो अपनी पत्नी व एक बच्ची के साथ अपने साइकिल मे भंडरा आ रहा था। इसी बीच किस्को निवासी फूलचंद उरांव अपनी पत्नी व चार बच्चों के साथ अपनी बाइक से लोहरदगा की ओर जा रहे थे । मसमानो मॉड के समीप फूलचंद की बाइक साइकिल सवार फूलचंद को ठोकर मार दी । दुर्घटना मे सभी लोग बुरी तरह घायल हो गये ।

### वार्ड 7 और 8 के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगर परिषद द्वारा विज्ञान भवन, मैना बगीचा वार्ड संख्या 07 लोहरदगा में शिविर/ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एलआरडीसी, प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा की अगुवाई में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन वार्ड संख्या 07 एवं 08 के लिए किया गया। शिविर में विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित कुल 205 आवेदन प्राप्त हुए तथा 80 जरुरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया । उक्त शिविर मे लेखा पदाधिकारी, सभी नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, कार्यालय कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# रोड नहीं तो वोट नहीं का जिलिंगसिरा व बीरो पानी गांव के ग्रामीणों ने लिया निर्णय

## गांव के लोग हर वर्ष अपने जेब से पैसा जमा कर सड़क चलने योग्य बनाते हैं, बरसात आते ही बदल जाती है सड़क की सूरत

**लोकसभा व विधान सभा चुनाव में नहीं करेंगे मतदान, सांसद, विधायक व प्रशासन को बार-बार आवेदन देने के बाद भी समस्या का नहीं हुआ समाधान**



बैठक में शामिल दोनों गांव के ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के जिलिंगसिरा गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को गांव में जर्जर सड़क को लेकर बैठक किया। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में नारा लगाया है कि रोड नहीं तो वोट नहीं। ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने बताया कि 70 साल से वे बदहाली में जीवन जी रहे हैं। गांव में लगभग 150 घर है। जिसमें लगभग एक हजार लोगों की आबादी है। मुख्य मार्ग से 2 किलोमीटर के अंदर जिलिंगसिरा गांव बसा हुआ है। जहां से गांव आने के लिए सड़क बिल्कुल ही खराब है। इसके लिए स्थानीय विधायक चमरा लिंडा को तीन बार आवेदन दिया जा चुका है। साथ ही सांसद सुदर्शन भगत को भी दो बार आवेदन दिया गया। इसके अलावे जिला व प्रखंड प्रशासन को कई बार आवेदन दिया गया है। इसके बावजूद भी किसी भी तरह का पहल सड़क बनाने की दिशा में नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि आने वाले चुनाव में वोट बहिष्कार करेंगे वोट देने का कोई मतलब ही नहीं है क्योंकि वे आज भी प्राचीन कालीन जीवन जीने को विवश है। जो भी गाड़ी गांव के अंदर आती है उसका टायर खराब होना तय है। गांव के लोग अपना वाहन गांव तक नही लाते हैं। दो किलोमीटर पीछे ही अपना वाहन रखते है। सबसे बड़ी समस्या तब होती है जब प्रसव के दौरान महिला को या किसी बीमारी के दौरान रोगी को अस्पताल पहुंचाना हो एंबुलेंस या किसी भी तरह का वाहन गांव के अंदर घुसना नहीं चाहता।

क्योंकि गांव के अंदर घुसा तो वाहन का खराब होना तय है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि प्रत्येक वर्ष पूरे गांव में हम लोग चंदा करते हैं। जिसके बाद मोरम मंगा कर रास्ता को बनाया जाता है पर बरसात आते ही पुनः रास्ता खराब हो जाता है। वाहन चलना तो दूर पैदल चलने में भी लोगों को मुश्किल हो गया है। जिलिंगसिरा गांव से कुछ दूरी पर बीरो पानी गांव है। जहां आदिम जनजाति परिवार के लोग रहते हैं। बैठक में आदिम जनजाति परिवार के लोग भी शामिल हुए उन्होंने भी एक स्वर में वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। आदिम जनजाति परिवार का कहना है कि यदि सड़क बन जाएगा तो हम सभी को मुसीबत के समय में प्रखंड मुख्यालय पहुंचने में थोड़ी सहुलियत होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से सोमा उरांव, भारत उरांव, सनीचरवा लोहार, भीखाराम उरांव, लालजू भगत, संतोष उरांव, रीता देवी, सोनामनी देवी, रीना देवी, भिखनी देवी, असमानी देवी, शिवानी कुमारी, अनुपात प्रीति बाड़ा, सुखमण उरांव सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

# भाजपा ईमानदारी पूर्वक देश हित के लिए काम कर रही : आदित्य साहु

## गुमला व लोहरदगा जिला भाजपा के पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग सह कार्यशाला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. अरूण उरांव

**गुमला।** गुमला व लोहरदगा जिला भाजपा के पंचायत समिति सदस्यों प्रशिक्षण वर्ग सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को गुमला के लोहरदगा रोड स्थित साहु कॉम्प्लेक्स में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन,माल्यार्पण व वंदे मातरम गान के साथ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कार्यक्रम प्रशिक्षक सुनीता सिंह, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद प्रो.आदित्य साहु शामिल हुए। जिसमें लोहरदगा जिला से 24 व गुमला जिला से 71 पंचायतों के सदस्य उपस्थित थे। गुमला जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम के उद्देश्य से कार्यशाला में आए जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में जनता के प्रति अपने दायित्व व कर्तव्य को इमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए सरकार की योजनाओं को धरातल पर चरितार्थ करने का संकल्प दिलाया गया। जल, जंगल, जमीन संरक्षण,राष्ट्र निर्माण, सेवा-सुशासन, स्वच्छ भारत महिला सशक्तिकरण कर जनसेवाएं सबके द्वारा पहुंचे, अंतिम व्यक्ति के विकास का सपना साकार करें। मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा पंचायत के जनप्रतिनिधियों की जिम्मेवारी है कि सबका साथ सबका विकास के राह पर जनता के साथ-साथ चलें। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी ईमानदारी पूर्वक देश हित के लिए काम कर रही है। हम जो कहते हैं वह कहते हैं। सांसद सुदर्शन भगत ने पंचायत समिति सदस्यों को मिल जुलकर पंचायत क विकास करने व गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही। डॉ.अरूण उरांव ने प्रशिक्षण में आए जनप्रतिनिधियों को आदर्श जनप्रतिनिधि बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की जिला प्रशिक्षक चतरा से आई जिला परिषद सदस्य निशा कुमारी ने कहा ईमानदारी से काम करने का नतीजा है कि मैं आज जिला परिषद की सदस्य हूं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कमलेश उरांव, सुजीत नंदा,संजय वर्मा लालमोहन साहू, जगनारायण सिंह दुर्गा राम, बाल्केश्वर सिंह, फुलझड़ी देवी, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, रामावतार भगत, मीना कुमारी,विवेक सोनी योगेंद्र सिंह, कृष्णा उरांव, बबीता तिर्की, बिरसा उरांव, गीता देवी,मुन्नी देवी,बाबूलाल उरांव, जगमनी उरांव,वीणा देवी, राजमणि कुमारी, मालती कश्यप, सुप्रिया कुजूर,सीमा देवी, शिवा देवी,विपता उरांव,गँदूर लोहार, प्रेम कुमार सिंह ,सरोज कुमार, देव कुमार सिंह, गीता देवी, प्रेमावती देवी, कल्याणी कुमारी,विनोद कुमार, सुषमा कुमारी, करमचंद उरांव, सुशीला देवी, सुनीला नायक, बुद्धू उरांव,रेखा देवी, सुनीता देवी, घनश्याम नारायण सिंह,विमल बाखला, विकास मोची,सरिता देवी यशोदा उरांव ,हीरामुनि कुमारी, आशा देवी,सोनिया देवी,बलदेव उरांव, रमेश कुमार सिंह, रितेश खेरवार, श्रवण कुमार,नेसार खान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर में

### लोहरदगा स्टेशन का नाम स्वतंत्रता सेनानी शहीद गणपतराय के नाम में हो : समीर उराँव

**लोहरदगा।** दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा रेलमंडल स्तरीय सांसदों की रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक मे राज्यसभा सांसद समीर उरावं के द्वारा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कुछ प्रमुख ट्रेनों को लोहरदगा होकर परिचालित करने की बात उठाई गई। सांसद समीर उरांव ने श्रीराम जन्मभूमि और रामलला (अयोध्या) से कनेक्टिविटी का मामला उठाया। इसी अनुरूप उन्होंने रांची से जयपुर, रांची से बनारस (वाया लोहरदगा) रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या होते हुए लखनऊ (गोमती नगर) तक ट्रेन का परिचालन करने के साथ ही दक्षिण भारत की ओर मुख्यतः सीएमसी वेलोर हॉस्पिटल इलाज कराने जानेवाले यात्रियों की सुविधा लिए ट्रेन के परिचालन को जरुरी बताया। झारखण्ड की राजधानी रांची को हजारीबाग एवं अन्य जगहों से रेल नेटवर्क से जोड़ने के सुझाव पर रेलवे अधिकारियो ने यह विश्वास दिलाया कि इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी। चर्चा के दौरान यह भी बताया गया कि रांची की मांग पर हटिया से कोचुवेली केरल और हटिया से अहमदाबाद नॉन एसी स्लीपर और जनरल डिब्बा के साथ चलने वाली ट्रेन को मंजूरी मिल गई है, जिसे जल्द चलाया जायेगा। सांसद श्री उरांव ने कहा कि आजादी के इस अमृत वर्ष में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद पांडे गणपतराय के नाम पर लोहरदगा स्टेशन का नाम रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य अत्यंत प्रशंसनीय होगा।

### जमीन रैयतों ने बाईपास सड़क निर्माण में मुआवजा संबंधित नोटिस की मांग की

**किस्को।** प्रखंड के बेटहठ पंचायत भवन के समीप ग्राम प्रधान बंधनु उरांव की अध्यक्षता में बाईपास सड़क निर्माण में जमीन अधिग्रहण होने वाले जमीन रैयतों का बैठक किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने बाईपास सड़क निर्माण में मुआवजा से संबंधित चर्चा की गई। जिसमें उपायुक्त के निदेर्शानुसार भूअर्जन विभाग द्वारा रैयतों को प्रति डिसमिल 11740 रुपए की दर से मुआवजा तय किया गया है। जिसकी मुआवजा नोटिस देने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई। रैयतों का कहना है कि नोटिस नहीं देने पर किसी तरह के कागजात प्रसाशन को नही दी जाएगी। बिना नोटिस के हम सभी रैयत कागजात नहीं देंगे।इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार सहित रांची विवि के कुलपति ने किया बीएस कॉलेज का निरीक्षण

**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय में राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार डॉ इ.बालागुरु सामी,राजभवन से विश्वविद्यालयों के ओएसडी डॉ संजीव राय तथा रांची विश्विद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का आगमन हुआ। अतिथियों ने कॉलेज के विधि व्यवस्था का जायजा लिया। कॉलेज के सभी लैबो, पुस्तकालय, कॉलेज स्थित स्टेडियम और शूटिंग रेंज का निरीक्षण किया। अतिथियों ने कॉलेज की कक्षाओं में लगे स्मार्ट बोर्ड तथा अत्याधुनिक लेंग्वेज लैब की सराहना की। अंत में वे शिक्षक सदन में सभी शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें संबोधित करते हुए डॉ बालगुरु ने कहा कि शिक्षक देश के वास्तविक निमार्ता होते हैं। आपके अंदर एक करेज होना चाहिए जिससे आप विद्यार्थियों के कौशल को विकसित कर उनका सर्वांगीण विकास कर सकें। हमें भारत को शैक्षिक और सैद्धांतिक रूप से मजबूत करना होगा। इसके प्रत्येक विद्यार्थियों में मजबूत इच्छाशक्ति,साहस और सदचरित्रता को भरना होगा। उन्होंने कॉलेज में जल्द ही कंप्यूटर साइंस के कोर्स शुरू करने की बात कही। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस के पी गुप्ता,वरीय व्याख्याता डॉ शशि कुमार गुप्ता, प्रो नईम खान, डॉ नीता सहाय। डॉ अजीत गुप्ता,प्रो मनीष मिश्रा, डॉ, रोशन खलको,प्रो. सारोन सुरीन,प्रो.अर्जुन लकड़ा,प्रो.वासुदेव हसा, प्रो.संजय रविदास, डॉ अजय वर्मा, डॉ निखिल कुमार, प्रो अमर,प्रो अंजन, डॉ बुटन महली, डॉ अजय शाहदेव, प्रो. मुकेश यादव सहित कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रज्ञा केंद्र में दिखाया गया प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सीधा प्रसारण

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत में गुरुवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का सीधा प्रसारण प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से सीधा संवाद में महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों को ड्रोन प्रदान करने व उपयोग के बारे में बात चीत किया साथ ही भारत सरकार द्वारा कोरोना जैसे महामारी के समय देश के लोगों को किया गया मदद से लेकर जन औषधि सुविधा केंद्र खोलने से लेकर इससे होने वाली लाभ को लेकर संदेश दिया। इसके अलावे केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का नाम लोगों ने खुद से बदलकर मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का नाम दिया जो बहुत ही अच्छा लगा। सीधा प्रसारण को लेकर सढ़ाबे पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालक द्वारा मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, जलसहिया, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व ग्रामीणों को सैकड़ो की संख्या में सीधा प्रसारण दिखाया वहीं, गजनी पंचायत प्रज्ञा केंद्र द्वारा चाल्हो में, हनहट पंचायत सचिवालय, कैरो, नारौली व गुड़ी में दिखाया गया।

### आज से प्रत्येक पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा किया जाएगा भौतिक सत्यापन

**कैरो।** प्रखंड के बिभिन्न पंचायतों में आज से सामाजिक अंकेक्षण दल गुरुवार को पहुँच कर मनरेगा कार्यो की भौतिक सत्यापन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में सढ़ाबे पंचायत में आए सामाजिक अंकेक्षण दल के मन्सा महतो जो अनगड़ा से चलकर आये हैं उसने बताया कि प्रत्येक गांव में एक दिन विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा । जहां मनरेगा से निर्मित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर ग्रामीणों के सहयोग से उसकी सत्यता को देखा जाएगा और विशेष ग्राम के दिन प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन किया जाएगा। जिसमें हर गांव के ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों का सहयोग लिया जाएगा। ताकि जमीनी स्तर पर चल रही योजनाओं का लाभ आम जनता तक सही रूप से पहुँच सके। इसके लिए सढ़ाबे पंचायत भवन में उपस्थित ग्रामीणों के साथ सामाजिक अंकेक्षण दल के सदस्यों ने परिचय सत्र बैठक का भी आयोजन किया।

# नशे में पति ने पत्नी पर किया टांगी से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के सिकोई गांव निवासी 55 वर्षीय सुमन कुजूर ने आपसी विवाद में अपनी 55 वर्षीय पत्नी प्यारी कुजूर पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। पति इस दौरान नशे में धूत था। टांगी लगने के बाद पत्नी लहुलुहान हो गई और पति से टांगी छीनने लगी। इसी दौरान टांगी हाथ से छुटकर गिर गया और नशे में धूत पति सुमन कुजूर भी विवाद के बीच टांगी के उपर गिर पड़ा। जिसे वह भी जख्मी हो गया। घटना की सूचना परिजनों को मिलने के बाद तत्काल दोनों घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में पति सुमन कुजूर की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी को इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। घटना बुधवार अपराह्न 3:00 बजे के आसपास की है। इसके बाद घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए रात 8:30 बजे एम्बुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। वहीं सदर अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टर ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। लेकिन महिला के साथ उसकी नाबालिक बेटी है। जिसके कारण उसे रिम्स नहीं ले जाया गया। सदर अस्पताल के आईसीयू वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं खून का थक्का उसके गले में जम जाने के कारण उसे सांस लेने में परेशानी हो रही है और उसका चेहरा व गला फुलता जा रहा है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया जल्द ही उसे रिम्स नहीं ले जाया गया तो उसकी हालत और खराब हो जाएगी। वहीं घटना की जानकारी के बाद रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों ने डीलर पर लगाया राशन नहीं देने का आरोप

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर बाजार टांड़ परिसर में गुरूवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड प्रशासन द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जहां पंचायत के तमाम गांव से गर्मीण पहुंचे। ग्रामीणों ने अपनी जरूरत के हिसाब से आवेदन सौंपा। इस क्रम में आइटीडीए डाइरेक्टर इंदु गुप्ता ने मौजूद ग्रामीणों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रहे इस कार्यक्रम से अंतिम पायदान तक पहुंचकर लोगो को लाभान्वित करना है। वहीं प्रखण्ड प्रमुख सविता देवी ने लाभुकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा दिया गया सभी आवेदन को विशेष श्रेणी में रखा जाएगा और त्वरित निष्पादन कराया जाएगा ताकि उसका लाभ आप सभी आवेदनकर्ता को मिल सके। इस क्रम में अबुवा आवास के साथ-साथ मनरेगा विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, पेंशन सहित स्टाल लगाया गया वही स्वास्थ विभाग का स्टॉल लगाकर निशुल्क स्वास्थ्य जाच किया गया। शिविर में जिलिंगसिरा गांव के ग्रामीणों ने राशन डीलर गोविंद उरांव पर 3 महीना से राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन दिया। साथ ही कहा कि मशीन में ठेपा पूर्व में लगवाते हैं इसके बावजूद सरकार के तरफ से राशन नहीं आया है ऐसा बोलकर राशन का घोटाला कर दिया गया है और यह ड्रामा कई सालों से चला आ रहा है। दो दिन राशन वितरण करने के बाद तीसरा दिन जाने से राशन खत्म हो गया है बोलकर घर वापस भेज देते हैं। साथ ही राशन के कटौती भी की जाती है जाच कर कार्यवाई की बात भी कही।

## घाघरा प्रखंड के 18 पंचायतों के जैव विविधता समिति को दिया गया प्रशिक्षण

# संरक्षण, जंगली व पालतू जानवर एवं पेड़ पौधों सहित सूक्ष्म जंतु के जीवन की सुरक्षा की दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता




प्रशिक्षण के बाद जैव विविधता समिति के सदस्य

**गुमला।** हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची के द्वारा घाघरा प्रखंड के सभी 18 पंचायतों में जैव विविधता परिषद के पंचायत स्तरीय कमेटियों का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। गुरूवार को पंचायत सचिवालय घाघरा में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे बिमरला पंचायत,रुकी पंचायत, कुगाँव पंचायत, आदर पंचायत, के चयनित प्रतिनिधि भाग लिया। झारखंड में वन संरक्षण, जंगली व पालतू जानवर एवं पेड़ पौधों सहित सूक्ष्म जंतु के जीवन की सुरक्षा तथा विकास को लेकर योजना तैयार कर उसके क्रियान्वयन का अधिकार पंचायत स्तर पर बनी जैव विविधता समिति को हासिल है। इन समितियां के कार्य और उत्तरदायित्व तथा समुचित क्रियान्वयन को लेकर पंचायत कमेटी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके पूर्व 27 नवंबर को घाघरा प्रखंड के 10 पंचायतों चुन्दरी, घाघरा, बदरी, डुको, अंरगी, कोहिपाट, सेहल, चपका, शिवराजपुर, बेलागड़ा का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। इन सभी पंचायतों में प्रशिक्षण झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर शांति बड़ाईक ने दी। कोऑर्डिनेटर सोमरा उरांव ने कहा कि वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा जीव जंतु के संवर्धन संरक्षण में यह कमेटी विशेष योगदान देगी। इन कमेटी को मिले संवैधानिक राइट से वनों एवं जीव जन्तु के संरक्षण होगा। साथ ही विलुप्त हो रहे प्रजातियों फिर से स्थापित करने में सहायता मिलेगी। हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची की ओर से संचालित प्रशिक्षण में बतौर मास्टर ट्रेनर तैनात शांति बड़ाईक ने बताया कि जैव विविधता अधिनियम 2002 के तहत पंचायत स्तर पर कमेटी का गठन कर गठित कमेटी को प्राधिकृत किया गया है कि वह जंगली पेड़ पौधों जीव जंतुओं तथा सूक्ष्म जंतुओं के संरक्षण संवर्धन तथा विकास के लिए हर आवश्यक उपाय करने के वास्ते लोगों को जागरूक तथा प्रेरित करें। वनों की उपज मसलन औषधीय पौधों व अन्य वन उत्पादों के निगरानी तथा खरीद बिक्री का अधिकार वन विभाग की बजाए स्थानीय कमेटी की देखरेख में ही किया जाना है। स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले हाट बाजार में लगने वाले आढ़त या धार व्यापारियों के पंजीकरण का अधिकार व उनसे व्यापार कर के तौर पर दो फीसदी की विनिर्धारित राशि के वसूली के वास्ते भी संबंधित कमिटियां ही प्राधिकृत की गई है।

स्पीड न्यूज

## समाहरणालय के समक्ष ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का धरना-प्रदर्शन 5 को : कृष्णा सिंह



**कोडरमा।** ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ 5 दिसंबर को ढिबरा मुद्दे को लेकर आंदोलन करेगी। संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले की पहचान और अस्तित्व माईका (ढ़िबरा) से है। 1980 ई0 से वन कानून के प्रभावी होने के बाद माईका (ढ़िबरा) का व्यवसाय विलुप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के जंगली क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों का जीवन-यापन पूर्व में संचालित माईका माईंस के बाहर फेंके मिट्टी (ढ़िबरा) चुनकर जीवन-यापन चलाता रहा है। लेकिन ढ़िबरा चुनने-बेचने और भंडारण को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस नीति अबतक लागू नहीं हो पाई है। वर्तमान में हेमन्त सरकार को-अपेरेटिव के जरिए ढ़िबरा नीति लाने का दावा कर रही है। इस बाबत 17 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री ने ढ़िबरा लदी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर जेएसएमडीसी के डंप के लिए रवाना किया था, जिससे ढ़िबरा मजदूरों में खुशी की लहर दौड़ी थी, लेकिन दुर्भाग्य से 11 महीने बाद भी यह नीति ारातल पर लागू नहीं है। मजदूरों के बीच रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है वहीं मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है। इन्ही सवालो को लेकर 5 दिसंबर को समाहरणालय के समक्ष ारना-प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में हज़ारो ढिबरा मजदूर अपनी रोजी रोटी के सवाल को लेकर प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।

## ट्रक पलटने से चालक और उपचालक गंभीर रूप से घायल



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी लठवहिया पुल के समीप अनियंत्रित होकर चौदह चक्का ट्रक पलटने से चालक और उपचालक गंभीर रूप घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या बीआर27जी 8821 राउरकेला से लोहे का रड लेकर बरौनी बिहार जा रहा था। इसी क्रम में लठवहिया पुल के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गया। इस घटना में ट्रक चालक एकरामा शेखपुरा बिहार निवासी 32 वर्षीय रामानंदन यादव पिता स्व किशोरी यादव व उपचालक जमुई बिहार निवासी 20 वर्षीय विदेशी कुमार पिता यदु यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं इस घटना के बाद कोडरमा थाना पुलिस घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## रेल सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गया धनबाद रेलखंड के बीच परसाबाद रेलवे स्टेशन, रेलवे फाटक पर पूर्व मय रेल धनबाद मंडल के द्वारा नुक्कड़ सभा एवं नाट्य प्रस्तुति कर लोगों को रेल से सुरक्षा संबंाित जानकारी दी गई। नुक्कड़ एवं नाट्य प्रस्तुति कर लोगों को जागरूक किया गया कि बंद फाटक रेल पटरी झुक कर एवं अपनी बाइक को झुकाकर पास नहीं करना, रेल ट्रैक पर मोबाइल फोन हेडफोन का इस्तेमाल नहीं करना, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म के लिए फुट ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करना, ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा नहीं करना, चलती गाड़ी में चढ़ता या उतरना नहीं करना, ट्रेन में रखे लावारिस सामान को नहीं छूना, इसकी सूचना रेल अधिकारी को तुरंत करना, रेल को साफ सुथरा रखने में सहयोग करना, रेल में सफर करने के दौरान एक दूसरे का भाईचारे समझ कर सहयोग करना। बिना आवश्यकता का चेन पुलिंग नहीं करना, नाट्य प्रस्तुति रेल द्वारा कलाकार कालीचरण रजवार, अविनाश कुमार, शैलेंद्र सिंह, सोनू महतो उपस्थित थे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित




**कोडरमा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के डोमचांच प्रखंड के मसनोडीह, कोडरमा प्रखंड के मेघातरी एवं चंदवारा प्रखंड के बिरसोडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी-अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही पदाधिकारियों ने आमजनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी और योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ-साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसके अलावा लाभुकों को कंबल और धोती साड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही बच्चियों के बीच साईकिल वितरण योजना व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की स्वीकृति पत्र, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना का लाभ दिया गया। वहीं कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

गढ़वा के पेशका में पहुंचे मुख्यमंत्री, किया 300 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन व परिसंपति का वितरण

# विपक्षियों ने राज्य को 20 साल पीछे ढकेल दिया है : मुख्यमंत्री

**विपरित परिस्थितियों में भी झारखंड सरकार कर रही है बेहतर कार्य : बादल**

**सत्ता के लिए इस दल से उस दल भटक रहे हैं बाबूलाल : मिथिलेश**

**चकवड़ का घास नहीं की कोई भी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंके : सत्यानंद**



शिलान्यास करते मुख्यमंत्री, कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री व मुख्यमंत्री का स्वागत करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत पेशका में गुरूवार को आयोजित आपकी योजना, आपका अधिकार, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे। साथ में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, श्रम नियोजन एवं प्रषिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 216 करोड़ 86 लाख 26 हजार 307 रूपये की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपतियों का वितरण किया। इनमें एक अरब 11 करोड़ 39 लाख 73 हजार 562 रूपये की 109 योजनाओं का शिलान्यास, 99 करोड़ 96 लाख 89 हजार रूपये की 1146 योजनाओं का उद्घाटन, सात करोड़ 49 लाख 63 हजार 745 रूपये की 676 लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया गया। साथ ही 18 युवक युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र का वितरण किया। गढ़वा आगमण पर मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य अब युवावस्था में पहुंचने वाला है।

परंतु पिछले 20 वर्षों से इसे दूसरी सरकारों ने इसे कमजोर कर दिया है। विपक्षियों ने राज्य को 20 वर्ष पीछे ढकेल दिया है। परंतु अब महागठबंधन की सरकार बनने के बाद राज्य के सभी गरीब दलित एवं पिछड़ों को पूरा हक व अधिकार मिल रहा है। सरकार राज्य के गरीब, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, महिला, पुरूष सभी वर्गों के लोगों के लिए योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य हैं जहां 60 वर्ष के सभी लोगों को पेंशन दिया जा रहा है। राज्य में सभी क्षेत्रों में काफी समस्या बनी हुई थी, लेकिन उन्होंने सारी समस्या को एक झटके में दूर कर दिया। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि आपकी योजना आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से पूरे राज्य में लोगों को बेहतर लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्ममंत्री हेमंत सोरेन दिमाग से नहीं दिल से राजनीति करते हैं। वे राज्य का विकास नहीं राज्य वासियों के हक अधिकार के लिए राजनीति करते हैं। दिशोम गुरू शिबू सोरेन एवं झारखंडियों के सपने का झारखंड बनाने का कार्य कर रहे हैं। जबकि बाबूलाल मरांडी अपने निजी स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। वे सत्ता के लिए कभी अलग पार्टी बना लेते हैं तो कभी दूसरे दल में शामिल हो जाते हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि बाबूलाल मरांडी सत्ता के लिए इस दल से उस दल भटक रहे हैं। झारखंड की हेमंत सरकार सभी झारखंड वासियों की सरकार है। पहले जहां नक्सलियों का जनअदालत लगता था, वहां अब सरकार खुद पहुंच रही है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी राज्य का बेहतर विकास किया है। राज्य में सभी वर्गों सहित किसानों के हित में भी बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य में पिछले 20 वर्षों में जितना काम नहीं हुआ उससे अधिक हेमंत सरकार में काम हो रहा है। पूर्व में सरकार की कौन सी योजना कहां चल रही है, कहां आम सभा हुआ, कहां ग्राम सभा हुआ किसी को पता नहीं चलता था। परंतु आज सरकार खुद जनता के द्वार पर पहुंचकर जनता के लिए कार्य कर रही है। मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से आईजी राजकुमार लकड़ा, एसपी दीपक पांडेय, भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, फिरोज अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत एसएफसी गोदाम के लगभग पन्द्रह मजदूरों को हटाए जाने को लेकर मजदूरों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है। जिसकी प्रति उपायुक्त को सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार द्वारा बाहरी मजदूर से करीब 6 माह से लगातार गोदाम में कार्य करवा रहे हैं, जबकि हम गोदाम के मजदूर के पूर्वज 1986 से कार्यरत हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कालाबाजारी से संबंधित जानकारी दिया एवं काम पर रखने का अनुरोध किया तो उनके द्वारा ठेकेदारों के पक्ष में बोला जाता है और हम मजदूर को बेवजह में गलत एफआईआर दर्ज कर परेशान किया जा चुका है, ताकि गोदाम में हो रहे कालाबाजारी छुपाया जा सके। वर्तमान जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा भी बार-बार यही कहा जा रहा है कि आप लोग को कार्य पर नहीं रखेंगे और सरकारी काम में बााा डालने का आरोप लगाकर जेल भेज देंगे।

## सीएम ने किया कांडी थाना का ऑनलाइन उद्घाटन



उद्घाटन करते थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** सीएम हेमंत सोरेन ने स्थानीय थाना के नवनिर्मित भवन का गुरुवार को अनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर थाना के वेटिंग एरिया में विािवत पूजा-अर्चना के साथ फीता काटकर थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने भी स्थानीय स्तर पर इस भवन का विािवत उद्घाटन किया। इसके लिए एक छोटे एवं सादे समारोह का आयोजन किया गया था। जहां मुख्य यजमान के रूप में थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने पूजा कराई। एसआई राहुल मिश्रा ने भी सहयोग किया। विद्वान पंडित मुरलीधर मिश्र ने समस्त कर्मकांड संपन्न कराया। जिला के मेराल प्रखंड के दुलदुलवा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार आयोजन के दौरान कांडी थाना के नवनिर्मित भवन का गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इस मौके पर कांडी थाना प्रांगण के नवनिर्मित भवन में शुभ गृह प्रवेश को लेकर पूजा अर्चना की गई।

पूजा अर्चना के बाद थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने फीता काटकर भवन का औपचारिक उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि 21 अगस्त 2009 को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक गढ़वा साकेत कुमार सिंह के द्वारा कांडी थाना का उद्घाटन किया गया था। 14 वर्षों से कांडी थाना का अपना भवन नहीं था। एक कमरे को विभाजित कर कार्यालय एवं हाजत का काम लिया जा रहा था। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलायक्ष रामलाला दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, मणिकांत सिंह, जिला पार्षद सुषमा कुमारी, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, बलियारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ललन मेहता, शिवपुर मुखिया सोनी देवी के प्रतिनिधि अरुण राम, सरकोनी मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, खरौंधा पंचायत के उप मुखिया रविरंजन मेहता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कोडरमा में सम्भावित आगमन को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गयी है, एक ओर जहां बीते मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अधिकारियों के साथ बैठक कर, कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया तो दूसरी ओर बधवार को उपायुक्त के नेतृत्व में जिले के आला अधिकारियों ने जेजे कॉलेज, पुलिस लाइन और बागीटांड़ स्टेडियम का औचक निरीक्षण कर, अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएमओ दारोगा राय, पणन सचिव अभिषेक आनन्द, थाना प्रभारी द्वारिका राम आदि मौजूद थे।

## बीएलओ की बैठक संपन्न

**रमना।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ संजय कुमार के उपस्थिति में बीएलओ की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। मौके पर संजय कुमार ने सभी बीएलओं को प्रपत्र-6 में 15-15 लोगों को जोड़ते हुए सोमवार तक प्रपत्र सात एवं आठ को हर हाल में पूरा किया जाना है। उन्होने कहा कि मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचि में नाम जोड़ने, हटाने, सुाार करने तथा मृत व्यक्तियों के नाम काटने की प्रक्रिया को हर हाल में पुरा करना है।

## ग्रिजली विद्यालय में वेबिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** व्यापक शिक्षण अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम में फैशन डिजाइनिंग में करियर की संभावनाओं पर यान केंद्रित करते हुए एक वेबिनार का आयोजन कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए किया गया। स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा आयोजित इस वेबिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के पूर्व छात्र सह फैशन उद्योग के दिग्गज डिफ्यूज़ लाइफस्टाइल के मालिक शुभम प्रकाश शामिल हुए। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के एक प्रतिष्ठित स्नातक और फैशन उद्योग के 5 वर्षों के अनुभव के साथ एक कुशल यूआई/यूएक्स डिजाइनर के रूप में मुख्य वक्ता शुभम प्रकाश अपने साथ इस वेबिनार के मायम से वर्चुअल फोरम में ज्ञान और वास्तविक दुनिया की अंतर्दृष्टि का ज्ञान लेकर आए। उनकी बहुमुखी विशेषज्ञता ने फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र की बारीकियों की व्यापक समझ प्रदान कराते हुए छात्रों के लिए फैशन उद्योग की जटिलताओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया। शुभम प्रकाश ने अपने व्यापक अनुभव के मायम से, विविा कैरियर के अवसरों, डिजाइन और प्रौद्योगिकी के संलयन और इस प्रतिस्पर्ाा क्षेत्र में फलने-फूलने के लिए आवश्यक सर्वोत्ष्ट कौशल पर प्रकाश डाला। शुभम प्रकाश की विशेषज्ञता और उनके सफल उद्यम, डफ्यूज़ लाइफस्टाइल ने छात्रों को उद्योग का समग्र दृष्टिकोण प्रदान किया, जिससे उन्हें इस रचनात्मक क्षेत्र में अवसर तलाश करने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनाया गया। ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने वेबिनार के दौरान दी गई जबरदस्त भागीदारी और प्रभावशाली अंतर्दृष्टि पर प्रसन्नता व्यक्त की। स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुाांशु कुमार ने मुख्य वक्ता शुभम प्रकाश का धन्यवाद् करते हुए कहा की इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाया बल्कि फैशन डिजाइनिंग में करियर बनाने के लिए उनके जुनून को भी प्रज्वलित किया।

एक नजर में

## राजकीय पॉलिटेक्निक में तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में तम्बाकू निषेध जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जिला परामर्शी दीपेश कुमार ने कहा कि आधुनिकता के दौड़ में आज के युवा धीरे-धीरे तम्बाकू सेवन करने के आदि होते जा रहे हैं, यह देश और समाज के लिए चिंताजनक है, इसे सामूहिक सहयोग और जागरूकता के जरिये ही खत्म किया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई युवा तम्बाकू या इससे बने किसी उत्पाद का इस्तेमाल करता है तो उसे इस लत से छुड़ाने में मदद करें, आज के युवा देश का भविष्य है ऐसे में युवाओं को इसके लत से बचाना हम सबकी जिम्मेवारी है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं के बीच स्लोगन और राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, इसमे प्रथम अमन कुमार, द्वितीय सीताराम यादव और तृतीय अनिता कुमारी को पुरस्कार दिया गया, साथ ही छात्र-छात्राओं को तम्बाकू सेवन निषेध का शपथ भी दिलवाया गया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य विक्रम मांझी, प्रो एसबी मिश्रा, कुमार प्रिंस, मनोज यादव, भूपेंद्र कुमार, संजय कुमार, सिद्धांत ओहदार आदि मौजूद थे।

## राशन नहीं मिलने पर बीडीओ सह एमओ के पास पहुंचे बुजुर्ग लाभुक



बीडीओ का इंतजार करते लाभुक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत पंडरिया पंचायत के घाघरा में संचालित ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर ह्रदया पासवान ने गांव के गरीबों को पिछले दो से तीन माह का राशन नहीं देकर कालाबाजारी कर दिया है। डीलर द्वारा राशन नहीं दिये जाने की फरियाद लेकर बीडीओ सह एमओ के पास गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे बुजुर्ग महिला पुरुष लाभुक बैठकर बीडीओ का घंटो इंतजार करते रहे। लाभुक मंजु देवी, मीना देवी, बसंती देवी, देवंती देवी, लालती देवी आदि ने बताया कि ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर ह्रदया पासवान द्वारा हमलोगों से मशीन में अंगूठा लगवाकर और पर्ची निकाल लेने के बाद भी पिछले अक्टूबर और नवंबर दो माह का राशन नही दिया गया है, जबकि एक अन्य लाभुक सुखाड़ी पासवान ने बताया कि डीलर द्वारा मुझे पिछले तीन माह का राशन नही दिया गया है। लाभुकों ने कहा कि जब हमलोग डीलर से राशन की मांग करते है, तो अगले महीने राशन देने की बात कहता है। इस बार जब हमलोग नवंबर माह का राशन मांगे तो कहता है कि राशन खत्म हो गया है, जाओ यहां से दिसंबर में राशन ले जाना और डीलर ने हमलोगो को जविप्र दुकान से डांट फटकार कर भगा दिया। वहीं ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर ह्रदया पासवान ने बताया कि नवंबर माह का राशन खत्म हो गया है, जिसके चलते कुछ लोगो को राशन नही मिल सका है, उन्हें दिसंबर में मिल जायेगा।

## आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से नहीं मिल रहा है मरीजों को लाभ



आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** सरकार द्वारा ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिये प्रखंड कार्यालय परिसर में ही आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोला गया है। लेकिन हकीकत यह है कि सेंटर कभी कभार ही खुलता है। जिस कारण यहां से मरीजों को लाभ मिलता नहीं दिख पा रहा है। मनोज सिंह, कुंती देवी, तमन्ना प्रवीन सहित अन्य लोग सेंटर पर स्वास्थ्य संबंधित परामर्श लेने पहुंचे थे। लेकिन वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं था। वे सभी सेंटर से बैरंग वापस लौट गए। ग्रामीणों ने बताया कि यह कहानी एक दिन कि नहीं है बल्कि प्रतिदिन कि है। सरकार करोड़ों रूपये खर्च कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने का प्रयास करती है। लेकिन विभागीय कर्मियों की लापरवाही के कारण करोड़ों खर्च करने के बावजूद भी लाभ से वंचित रह जाते हैं। इस संबंध में केंद्र प्रभारी रीना भारती ने बताया कि हम 29 नवंबर और 30 नवंबर को स्पेशल छुट्टी पर है, मेरे अलावा केंद्र में और कोई भी स्टाफ उपलब्ध नहीं है। इसीलिए सेंटर को बंद रखा गया है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**कांडी।** प्रखंड के राणाडीह पंचायत मुख्यालय में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

शिविर में पंचायत के विभिन्न गांव से काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्या को दूर करने को लेकर पदाधिकारियों को लिखित रूप से दस्तावेज के साथ आवेदन दिया। शिविर में समस्या निवारण हेतु अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। जिसमें अबुआ आवास में 804, पेंशन हेतू 17, पीडीएस से संबंधित 40, भूमि सुधार का 11, बालविकास परियोजना 6, जेएसएलपीएस विभाग 6, मनरेगा विभाग 15, पशुपालन विभाग 22, आयुष्मान कार्ड 43, कृषि 5, ई श्रम पोर्टल 23, पन्द्रहवां वित्त में 2 सहित अन्य विभागों को मिला कर समाचार लिखे जाने तक कुल 1062 आवेदन प्राप्त हुए।

# रजवार कोल ब्लॉक को लेकर कई गांव के रैयतों ने की ग्राम सभा

## जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार, गैरमजरूआ जमीन पर हक व सामूहिक वन पट्टा समेत कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड को प्रस्तावित रजवार कोल ब्लॉक को लेकर विस्थापित हो रहे कई ग्राम के रैयतों ने गुरुवार को रेन्ची जतरा टांड में ग्राम सभा किया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बिगू उरांव व संचालन सुशील उरांव व मंटू कुमार ने की। ग्राम सभा मे रजवार कोल ब्लॉक से प्रभावित हल रहे गावो के रैयतों के साथ राज्य के कई जिलों से वक्ता शामिल थे। जिन्होंने सभा के दौरान ग्राम सभा की महता, सीएनटी एक्ट, वन अधिकार अधिनियम, सामूहिक वन पट्टा, हाल सर्वे में त्रुटि समेत कई बिंदुओं पर गम्भीरता वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा। रजवार ग्राम प्रधान बिंदेश्वर उरांव, शिव मंगल भगत डड़या, रजवार मुखिया देवराज उरांव, आरागुंडी मुखिया रवि भगत, झारखंड जंगल बचाओ अभियान के बोकारो प्रभारी राजेश कुमार महतो, रामगढ़ जिला ग्राम सभा मंच के कोषाध्यक्ष धनेश्वर रजवार, चंदवा प्रखंड प्रभारी सुधीर मुंडा, रामेश्वर महतो (पतरातू रामगढ़) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सभा क्या है? इसे हम सभी को जानने व समझने की जरूरत है। जिस प्रकार लोकसभा व विधान सभा है ठीक उसी प्रकार ग्राम सभा की एक अंग है। भारत सरकार ने 1965 में ग्राम सभा को स्वतंत्र इकाई बनाई गयी है, जो हमारी हितों की रक्षा करता है। लेकिन कंपनियों के द्वारा लोगो को गुमराह कर हकों को मारा जा रहा है। जिस जल जंगल व जमीन को पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति देकर बचा कर रखा है, उसे कौड़ी के भाव लेना चाह रहे है। हम सभी को आज बिचौलियों एवं दलाल प्रवृति के लोगो से बचने की है।


बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

### ग्राम सभा मे लाये गए कई प्रस्ताव

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने हाल सर्वे में भूमि संबंधी मामलों में व्यापक पैमाने पर हुए त्रुटि में सुधार करने, गैरमजरूआ जमीन जिनका पूर्व में रसीद काट रहा था उस पर मालिकाना हक देने व सामूहिक वन पट्टा मुहैया कराने व बिना ग्राम सभा के अनुमति व सूचना के किसी प्रकार के कार्य नही करने कई प्रस्ताव लाये गए व सर्वसम्मति से निर्णय भी लिया गया। ग्राम सभा के मौके पूर्व मुखिया चंद्रदेव उरांव, महेश उरांव, चिंतामणि भगत, कमलेश्वर यादव, मुनेश्वर उरांव, मनोज साहू, सकेन्द्र भुइयां, बाबूलाल उरांव, संतोष भगत, लक्ष्मीलाल भगत, शिलामनी देवी, राजदेव उरांव, राजु उरांव, कृष्णा यादव, मनोहर भगत, बिनोद उरांव समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## अज्ञात ट्रेलर वाहन ने बाईक सवार को मारी टक्कर, घायल

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के वन शक्ति मंदिर के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सुलेन्द्र उरांव पिता स्व. रूपन उरांव (किता सासंग) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। दुर्घटना में सुलेन्द्र उरांव का एक पैर टूट गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुलेन्द्र उरांव खाद्यान लेने सासंग आया हुआ था। वहीं से वह बाइक से कहीं जा रहा था, इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही ट्रेलर चपेट में लेते हुए फरार हो गयी।

## स्पीड न्यूज

### राप्राविं हिसरी के विद्यार्थियों के बीच स्वेटर-जूता का हुआ वितरण

**चंदवा।** राप्रावि हिसरी के स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर, ड्रेस, जूता आदि का वितरण किया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने स्वेटर, ड्रेस, जूता-मोजा का वितरण करते उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया। बेहतर शिक्षा के लिए संकल्पित होने की बात कहीं। बैंक खाते में प्राप्त राशि का प्रयोग संबंधित सामग्री की खरीददारी मे करने की बात कही। मौके पर वार्ड सदस्य सुमन देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सीमा देवी, शिक्षिका ललिता देवी समेत कई अभिभावक और अन्य मौजूद थे।

### डीटीओ सुरेंद्र कुमार की माता का निधन


मौके पर मौजदू डीटीओ व अन्य।

**लातेहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार की माता का निधन आज हो गया है। उनके निधन की सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, आफताब आलम, भाजपा नेता पंकज सिंह जिला परिवहन पदाधिकारी के सरकारी आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया एवं उन्हें सांत्वना दी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद परवेज, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, त्रिभुवन पांडेय व अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

### हेरहंज में चला स्वच्छता अभियान


सफाई करते लोग।

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड परिसर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेरहंज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ब्लॉक परिसर में उपस्थित कर्मियों एवं पदाधिकारियों ने प्रखण्ड परिसर की सफाई की। जिसमे मुख्य रूप से बीडीओ प्रदीप कुमार दास, एसआई विश्वजीत तिवारी, सीआई अलीमुद्दीन अंसारी, जेएसएलपी एस प्रखण्ड समन्वयक शिव कुमार सहित कई कर्मी उपस्थित रहे। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में निरंजन सिंह, संजय कुमार, अभय कुमार, सावित्री कुमारी, उर्मिला कुमारी, रिया कुमारी, प्रमिला देवी सहित स्वास्थ्य कर्मी समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

### झामुमो जिला अध्यक्ष ने मनिका और दूबियाखाड़ में कार्यकताओं से की मुलाकात


मुलाकात करते जिलाध्यक्ष।

**लातेहार।** चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने पलामू में आयोजित प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बैठक में शामिल हुए। इसके पूर्व जिला अध्यक्ष ने डालटनगंज जाने के क्रम में मनिका और दूबियाखाड़ में कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान मनिका में जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मोती नाथ शाहदेव का स्वागत फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से किया। जहां मोती नाथ शाहदेव ने आगामी 2024 चुनाव को लेकर कार्यकताओं को जी जान से जुट जाने का आह्वान किया। मोती लाल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही राज्य की एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसपर प्रदेश की जनता को पूरा विश्वास है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने राज्य के विकास के लिए कई आवश्यक कदम उठाए है, और अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उठाकर लोगों को विकास से जोड़ने का काम किया है। प्रदेश में दूसरी पार्टियां विकास कार्यों में अड़ंगा डालने की कोशिश करती रही है लेकिन उनकी सभी साजिशे नाकाम साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के सत्ता में आने के बाद झारखंड राज्य के लुटेरों का दरवाजा बंद हो गया है।

## पशु से भरे कंटेनर ने खड़ी ट्रक को मारी टक्कर कई पशु की मौत, जांच में जुटी पुलिस


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा स्थित एनएच 39 में बुधवार की सुबह लगभग 30 पशुओं से भरे कंटेनर ट्रक नंबर बीआर24 जीसी7288 ने सड़क किनारे खड़े ट्रक नंबर सीजी 04 एनयू 4085 में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कंटेनर में लदे कई पशु घायल हो गये व चार पशु की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटनास्थल से चालक फरार है। आस-पास के लोगों ने बताया कि कंटेनर ट्रक तेज रफ़तार से जा रहा था। इसी दौरान घटना घटी। इस मामले में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**पशु से भरा कंटेनर ट्रक का दुर्घटना का जांच कर करवाई करें प्रशासन: नितीश :** इस मामले में बजरंग दल के जिला सह संयोजक नितीश कुमार यादव ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि जब मै घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि कंटेनर के अंदर पशुओं को ठूस कर भरा गया था। जो नियम के विरूद्ध है, साथ ही लातेहार के रास्ते पशुओं की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि पशु तस्करों पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो और उन्हें चिन्हित कर जेल भेजा जाए। साथ ही कंटेनर में ठूस कर रखे गए पशुओं को उचित व्यवस्था की जाए।

## नवजात को फेंकते ग्रामीणों ने तीन को दबोचा, किया पुलिस के हवाले

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड स्थित ग्रिनगोला से ग्रामीणों ने एक नवजात शिशु को रोता हुआ देखकर नवजात को फेकने वाले को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। ग्रीनगोला के पास फेंके गए नवजात शिशु को रोते सुनकर उस नवजात को देखने के लिए धीरे-धीरे ग्रामीणों एवं राहगिरों की भींड़ ईकट्ठा हो गई। अपने सूझबुझ से ग्रामीणों ने नवजात शिशु को फेंकने वाले दो महिला एंव एक पुरूष को दबोच लिया। तीनो से पुछताछ करते हुए घटना की सुचना थाना को दिया गया। सूचना पाकर बारियातू थाना के एएसआई द्वारिका नाथ पांडेय महिला पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और तीनो से सख्ती से पुछताछ करते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बड़ाईक से दूरभाष से वार्ता कर जच्चा बच्चा एवं साथ में रह रहे एक महिला व एक पुरूष को अपने वाहन से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना के संबंध में नवजात शिशु को फेंकने में शामिल मंगरू उरांव ने बताया कि मैं हेरहंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कशमार के रहने वाला हूँ। मैं अपने पत्नी सुजिता देवी और कशमार के एक विधवा महिला (काल्पनिक नाम दिव्या मासोमात) के साथ हजारीबाग के इचाक ग्राम के क्रेशर में पत्थर फोड़ने का कार्य करते थे। इसी बीच विधवा महिला के साथ मेरा संबंध हो गया और गर्भवती हो गई। बीते रात बारियातू बस स्टैंड के समीप यात्री शेड में मेरी पत्नी ने ही गर्भवती विधवा को प्रसव कराया। प्रसव के पश्चात हम तीनो ने योजना बनाकर नवजात बच्ची को फेंक दिया था। नवजात बच्ची को देखने आये लोगों मेंसे दर्जनों महिला-पुरूषों ने पालन पोषण करने का इच्छा जताया। नवजात शिशु के संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बड़ाईक से बात करने पर बताया कि नवजात को स्वास्थ्य जांच कर लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है।


गिरफ्तार अपराधी।

## हेमंत सरकार में गाय और पशु की तस्करी बेलगाम जारी: प्रतुल शाहदेव

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में गाय और पशु की तस्करी करने वालों का हौसला बुलंद है। पशु तस्करी लगातार जारी है। प्रतुल ने कहा कि लातेहार के उदयपुरा के पास हुए एक्सीडेंट ने पूरी तस्वीर की सच्चाई को बयां कर दिया। प्रतुल ने कहा कि इस एक्सीडेंट से आठ गाय, बैल की ऑन द स्पॉट दर्दनाक मौत हो गई। दर्जनो पशुओं को कंटेनर में ठूस कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। प्रतुल ने कहा कि गाय और पशु की तस्करी करने वाले का संगठित गिरोह है जो सीमा पर और गढ़वा, पलामू, लातेहार होते हुए इन पशुओं को लोहरदगा के गैर कानूनी वधशाला और अन्य जगहों पर ले जाता है। प्रतुल ने कहा कि यह बेहद संगीन मामला है। गायों की तस्करी सनातनियों के धार्मिक भावना से खिलवाड़ है। हेमंत सरकार में सनातनियों की धार्मिक भावनाओं पर लगातार प्रहार होता रहा है। पुलिस को फौरी कार्रवाई करके इस गिरोह के असली सरगनाओ की गिरफ्तारी करनी चाहिए ।ड्राइवर और खलासी तो सिर्फ प्यादे हैं। इस गिरोह को चलाने वाले असली पशु तस्करों की गिरफ्तारी आवश्यक है। सरकार और पुलिस सनातनियों के धैर्य की परीक्षा ना ले।


जानकारी देते प्रतुल शाहदेव।

## कल प्रखंड कार्यालय में दिव्यांगता जांच शिविर का होगा आयोजन: बीडीओ

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आगामी दो दिसंबर को आहूत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में दिव्यांगता जांच शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि इसके लिए लातेहार जिला सदर अस्पताल से संबंधित डॉक्टरों की एक टीम शिविर में मौजूद रहेगी। जिसमें पूरे बरवाडीह प्रखंड के दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड जांचोपरांत ऑन द स्पॉट बनाया जाएगा। बीडीओ ने बरवाडीह के दिव्यांगजनों से अनुरोध किया है कि जिनका यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है, वे दो दिसंबर को प्रखंड कार्यालय बरवाडीह में आहूत आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जरूर आयेंगे। वहीं उन्होंने सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने पंचायत के वैसे दिव्यांगजनों को इस संबंध में जरूर सूचित करें ताकि वह इस कार्यक्रम में पहुंच कर शिविर का लाभ उठा सकें।


राकेश सहाय
बीडीओ बरवाडीह।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया आयुष मेला, 485 मरीज का किया गया ईलाज

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को आयुष मेला लगाया गया। इस मेले में कुल 485 मरीज की ईलाज की गई। जिसमें ओपीडी मरीज 383 एवं आयुष ओपीडी 102 मरीज का ईलाज किया गया। वहीं 107 मरीज का बीपी एवं शुगर की जांच की गई। वहीं 45 दांत के मरीज का भी ईलाज किया गया। जबकि 45 लोगों के मलेरिया की जांच की गई। इस आयुष मेला में 70 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आए हुए मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। आयुष मेला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. संजय सिद्धार्थ, आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, दंत चिकित्सक डॉक्टर एलिसा टोप्पो द्वारा आए हुए मरीजों की जांच की। इस मौके पर सीएचओ अनु किरण, अलका एलेन, एमटीएफ पंकज कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, बीडीएम योगेंद्र राम, एमपीडब्ल्यू गुलाम कुरैशी, अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार, दीपांशु कुमार, एएनएम रीता टोप्पो, विमला कुमारी, स्वास्थ्य कर्मी गंगोत्री समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## एक नजर में

### पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों के घर-घर जाकर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं किया सम्मानित


सम्मानित करते पदाधिकारी।

**चंदवा।** उप निर्वाचन पदाधिकारी लातेहार के निदेर्शानुसार सहायक निबंधक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार के द्वारा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्र और वरिष्ठ नागरिकों के घर-घर जाकर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। प्रखंड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उप समाहर्ता निम्न कुजूर पर्यवेक्षिका, नीरू झा, पूजा विनायक ज्योति एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मतदान केंद्र एवं वरिष्ठ नागरिकों के घर जाकर उन्हें सम्मानित कर उनसे हाल-चाल जाना और उनसे मतदान का के प्रति उनके अनुभव को साझा किया। तिलैयाटांड़ निवासी किसुन बैठा पिता स्वर्गीय सुखलाल बैठा 90 वर्ष को कंबल देकर सम्मानित किया किया। गौरतलब की सरकार के आदेश के अनुसार 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के घर जाकर उन्हें सम्मानित करना है। उनका पंजीकरण वरिष्ठ नागरिक मतदाता सूची में पंजीकृत करना है। अगर कहीं शिफ्टेड है तो उसका विवरण भी भरना है। क्षेत्र में कम से कम दो वरिष्ठ मतदाताओं को यह सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसके लिए पांच बिंदु पर काम करने का निर्देश दिया गया है।

### बुजुर्ग को किया गया सम्मानित



सम्मानित करते बीडीओ।

**बारियातू।** लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व मे गुरुवार को प्रखण्ड के सभी बीएलो द्वारा मतदान केंद्रों में शिविर लगाकर 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया। बीडीओ कुमारी ने सदर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 68 व 69 पर पहुंचे। जहां 97 वर्षीय जगदेव महतो, व 87 वर्षीय सनीचरी देवी को फुल व ठंड से बचने को लेकर कंबल देकर सम्मानित किया। मौके पर सुपरवाईजर प्रकाश कुमार सहित कई पंचायत प्रतिनिधि के साथ बीएलो मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिजली चोरी कर विभाग को लगा रहे करोड़ों का चूना

**लातेहार।** सदर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली चोरी बेखौफ तरीके से हो रही है। जबकि बिजली विभाग के माध्यम से बिजली बिल माफी योजना चलाई जाती है इंटरनेट मीडिया गांव-गांव शिविर आदि लगवाकर बिजली चोरी रोकने की कवायद की जाती है। बिजली चोरी कानून अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बाद भी चोरी का कलंक नहीं मिट रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में देखे तो हक लगाकर बिजली की चोरी की जा रही है। बिजली विभाग को इसकी जानकारी है फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। जिसके कारण बिजली चोरी करने वालों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। वही सरकारी राजस्व का करोड़ नुकसान हो रहा है। इससे बिजली उपभोक्ताओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बिजली चोरी के कारण काफी देर तक बिजली गुल रहती है। तो कई जगह फाल्ट भी हो जा रहा है। जिसके कारण बिजली उपभोक्ता परेशान है। ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाए तो मोटर से पानी पटाने को लेकर बिजली चोरी कर अपने कार्य का निष्पादन कर रहे हैं। जिससे कई बार बिजली फाल्ट हो रहा है एवं कई बड़ी दुर्घटना भी हो जाती है। फिर भी बिजली विभाग के अधिकारी अपने कुर्सी में आराम से सो रहे हैं। यही हाल रहा तो आने वाले समय में बिजली विभाग का क्या होगा।

### आगामी नौ दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक


बैठक करते पदाधिकारी।

**लातेहार।** वृहस्पतिवार को अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के प्रकोष्ठ में नौ दिसंबर को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर संबंधित बैठक आहूत की गयी। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारीयों को नौ दिसंबर को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निबटारा सुलह/समझौते के आधार पर करवाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्हें यह भी निर्देशित किया गया कि लंबित वादों में पक्षकारों को नोटिश निर्गत कर नौ दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों को बेंच के समक्ष प्रस्तुत कर सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सकें एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ ने किया सामग्री का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** कुमंडी में दिन गुरुवार को सीआरपीएफ कैंप कुमंडी सीआरपीएफ 214 बटालियन के कंपनी के द्वारा कुमंडी मे सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेड केडी जोशी द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद सहायक कमांडेड पहलाद रजक के नेतृत्व में आसपास ग्रामीणों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमांडेड केडी जोशी, कमान अधिकारी अभिनव आनंद, सहायक कमांडेड पहलाद रजक मौजूद थे। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के अथक प्रयास एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम के सौजन्य से 214 बटालियन के कंपनी के क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्रामीणों को पिछले कुछ सालों से जरूरतमंद लोगों को वस्त्र बर्तन कमल बच्चों के पढ़ाई हेतु स्टेशनरी, स्कूल बैग बच्चों को खेलकूद हेतु स्पॉट आइटम एवं जल संग्रह करने पानी टंकी जिसके मकान में छत नहीं है। उसके लिए टीन सेट, जिसके घर में लाइट की सुविधा रात के समय में रोशनी हेतु सोलर लाइट, कीड़े मकोड़े एवं मच्छर से बचाव हेतु मच्छरदानी का वितरण किया गया। जिसे प्रकार बुजुर्ग असहाय लोग पाकर काफी खुशी देखी गई। वहीं सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी ने बताया कि कंपनी के द्वारा क्षेत्र में रह रहे लोगों को हर समय सहायता मुहैयाकराई जाती है। इस तरह के कार्यक्रम करवा कर भटके लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास करती है। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ 214 बटालियन के कई जवान समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।


सामग्री वितरण करते सीआरपीएफ अधिकारी।

**भटके के लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास: कमांडेड केडी जोशी**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना योगदान देने की दिलाई गई शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के तरवाडीह पंचायत अंतर्गत कोने गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना योगदान देने की शपथ दिलायी गयी। लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आपलोगो को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा अनेक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में कई लाभुकों ने योजना का लाभ लेने के बाद अपने जीवन में आये सकारात्मक बदलाव के बारे लोगों को बताया। इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाया गया। आयोजित स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से लोगों के बीच निःशुल्क दवाईयों का वितरण व लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। प्रखंड प्रमुख के द्वारा 2 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कृषि विभाग के द्वारा ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए और पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत आमजनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, पीएम उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, जन धन योजना, वन धन योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, स्किल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, फसल बीमा योजना, पीएम कृषि सम्मान निधि योजना, जल जीवन मिशन, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, गरीब कल्याण योजना, खेलो इंडिया, नैनो फटीर्लाईजर, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, पोषण अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जन औषधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्वायल हैल्थ कार्ड योजना, पीएम स्वनिधि योजना, सौभाग्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय अन्न योजना व अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा इसके लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान नुक्कड़-नाटक के माध्यम से भी लोगों को डायन प्रथा के प्रति जागरूक किया गया। आईईसी वैन के माध्यम से लोगों को योजनाओं की


मौके पर मौजूद लोग।

## हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे चिराग पासवान

**पटना।** हाजीपुर सीट पर किसकी दावेदारी, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस या फिर चिराग पासवान अब इस सवाल पर एक बार फिर से बहस शुरू हो गयी है। एक तरफ पशुपति कुमार पारस हाजीपुर पर अपना दावा ठोक रहे हैं तो दूसरी तरफ चिराग पासवान की पार्टी की तरफ से साफ किया गया है कि हाजीपुर से चिराग पासवान ही चुनाव लड़ेंगे। बता दें, जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है अलग-अलग पार्टी की गतिविधियां तेज हो गई हैं। लोक जनशक्ति पार्टी का स्थापना दिवस केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस में इस बार हाजीपुर में मनाया। उन्होंने कहा कि एक तरीके से हाजीपुर में यह उनका चुनावी शंखनाद है यह वहीं दूसरी तरफ जमुई सांसद चिराग पासवान ने पार्टी का स्थापना दिवस पटना के बापू सभागार में मनाया। चिराग पासवान के साथ केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की सांसद वीणा देवी भी नजर आयीं।

# पांच साइबर ठग गिरफ्तार

## 59 मोबाइल, 82 सिम कार्ड व 11 एटीएम सहित दो बाइक किया जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाकुड़।** पाकुड़ पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के बलियाडांगा निवासी शकील आलम उर्फ गुड्डू के मकान में चल रहे साइबर ठग गिरोह का खुलासा किया है। एसपी हरदीप पी जनार्दनन ने अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी ने कहा कि शकील के घर को भाड़ा में लेकर साइबर ठग गिरोह का संचालन करता था। देवघर व जामताड़ा पुलिस की दबिश बढ़ने के बाद साइबर अपराधी अपना सुरक्षित स्थल खोजकर इस गिरोह का संचालन करते है। साइबर ठग पाकुड़ में भाड़े का मकान लेकर लिंक, केवाईसी आदि के नाम पर लोगों को ठगने का काम करते थे। पुलिस ने छापेमारी कर गिरिडीह जिला के गांडेय थाना क्षेत्र के चरकमारा निवासी दिलीप कुमार दास, भेरेनमंडा निवासी चंदन कुमार वर्मा, देवघर जिले के मारगोमुण्डा निवासी गौरव तिवारी, पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के तांतीपाड़ा निवासी पवन कुमार व महेशपुर थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक निवासी मकान मालिक शकील आलम को गिरफ्तार किया है। अन्य तीन अभियुक्त फरार है। फरार अभियुक्तों के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। फरार अभियुक्त में एक अभियुक्त का आपराधिक इतिहास है इसे पूर्व भी वह कई बार जेल जा चुका है। पुलिस ने छापेमारी के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों के पास विभिन्न कंपनियों के 59 मोबाइल (एप्पल का इफोन 5 पीस), एयरटेल का वाईफाई राउटर, 17500 रुपये नगद, एक दर्जन विभिन्न कंपनी का मोबाइल चार्जर, विभिन्न कंपनी का 11 एटीएम, पिला जैसा धातु का एक चेन, दो बाइक, 82 पीस अलग-अलग कंपनी का सीम, एक्सिस बैंक का चेकबुक को बरामद किया है। गिरफ्तार सभी युवकों का उम्र 23-24 के बीच है। पढ़ाई के नाम पर कमरा भाड़े में लेकर इस गिरोह का संचालन करते थे। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ अजित कुमार विमल, प्रशिक्षु डीएसपी अजय आर्यन, नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, एसआई शुभम कुमार आदि मौजूद थे।

## सीएम नीतीश कुमार की तबीयत खराब, डॉक्टरों ने दी आराम की सलाह

**पटना।** इस वक्त बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले चार-पांच दिनों से बीमार चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को वायरल फीवर हुआ है, जिसके बाद से डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने कि सलाह दी है। डॉक्टर लगातार सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए बिहार सरकार के मंत्री और नीतीश कुमार के करीबी संजय झा ने बताया कि मुंगेर में कार्यक्रम के दौरान ही नीतीश जी को फीवर आया था, पिछले दिन-चार दिनों से बुखार है। डॉक्टरों के अनुसार वायरल फीवर है, दो-चार दिन में ठीक हो जाएगा। फिलहाल डॉक्टरों ने नीतीश कुमार को आराम करने की सलाह दी है।

## एक नजर में

### गोवर्धन पूजा मनाने को लेकर बैठक आयोजित

**डंडई।** गोवर्धन पूजा मनाने को लेकर डंडई स्थित नंदु यादव के आवास पर प्रांतीय यादव महासभा के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रारो गांव स्थित खेल स्टेडियम में अगले माह गोवर्धन पूजा धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर 51 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विनोद यादव को अध्यक्ष, नंदु यादव एवं कन्हाई यादव को उपाध्यक्ष, प्रिंस कुमार यादव को सचिव, पप्पू यादव को उपसचिव, प्रमोद यादव को कोषाध्यक्ष, मनदीप यादव को उप-कोषाध्यक्ष, शिवनारायण यादव को संयोजक, प्रेम यादव को उपसंयोजक, ओम प्रकाश यादव, अरुण कुमार यादव एवं नरेंद्र यादव को मीडिया प्रभारी, रामजी यादव, ललमुनिया यादव, बजरंगी यादव, विनायक यादव, रामवृक्ष यादव, मुंशी यादव, मंगल यादव, बंशीधर यादव, शिवपूजन यादव, रामशरण यादव, बालेश्वर यादव, अमरिका यादव, राजकुमार यादव, सुदामा यादव, जानकी यादव एवं सूर्यदेव यादव को संरक्षक बनाया गया है।

### प्रदेश संगठन मंत्री ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

**मयूरहंड।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने बुधवार को दिवंगत भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह के परिजनों से मुलाकात करने उनके पैतृक गांव कदगावा खुर्द पहुँचे।

# मुख्यमंत्री के इशारे पर शिक्षा विभाग के जारी आदेशों से अपमानित हुए शिक्षक: सुशील मोदी

**पटना (हि.स.)।** राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के इशारे पर शिक्षा विभाग लगातार ऐसे आदेश जारी कर रहा है, जिनसे स्कूली शिक्षक ही नहीं, कालेज-विश्वविद्यालय के शिक्षकों तक के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और वे अपमानित अनुभव कर रहे हैं। मोदी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि शिक्षा विभाग के तानाशाही रवैये के विरुद्ध शिक्षक संगठनों के सामने आंदोलन करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जिन्हें शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव (एसीएस) बनाया है, वे किसी भी विभाग में एक साल से अधिक नहीं टिके। उनके इस विभाग से भी जाने का समय आ गया है। उन्होंने शिक्षा मंत्री का ऐसा अपमान किया कि वे 26 दिन तक कार्यालय नहीं गए। सुशील मोदी ने कहा कि शिक्षा विभाग के अफसरों का मन इतना बढ़ गया है कि अब वे विश्वविद्यालय शिक्षकों के संगठन फूटा के महासचिव और शिक्षक-सह-विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह के बयान देने पर उनका वेतन रोकने का आदेश जारी कर रहे हैं। ऐसे आदेश बिना नीतीश कुमार की सहमति के जारी नहीं हो सकते। मोदी ने कहा कि सरकार के पास शिक्षकों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं, इसलिए नित नए आदेश जारी कर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है, ताकि वे खुद ही नौकरी छोड़ दें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सामूहिक नियुक्ति पत्र देकर सरकार ने केवल अपनी ब्रांडिंग का मकसद पूरा किया, उसे शिक्षकों की कोई चिंता नहीं।

## निषाद को आरक्षण देने वालों को ही वीआईपी की नाव पर मिलेगी सवारी : मुकेश सहनी

**सहरसा।** जिले के सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोशी तटबन्ध के अंदर कोसी के दियारा क्षेत्र फरकिया स्थित कोशी उच्च विद्यालय धाप के मैदान में गुरुवार को वीआईपी पार्टी के संकल्प यात्रा के तहत जनसभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रेशमा शर्मा व मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी सह वीआईपी नेता मिथिलेश विजय ने किया। आयोजित जनसभा में जुटी भीड़ को अपने हक, अधिकार और संघर्ष के लिए हाथों में गंगा जल लेकर लोगों से संकल्प करवाया। वीआईपी सुप्रीमों मुकेश सहनी ने सभा को संबोधित कर लोगों का आभार व्यक्त करते कहा कि आपके प्यार और समर्थन से संघर्ष करने की ताकत मिलती है। अपने परिवार, समाज के अधिकार की लड़ाई लड़ता रहूंगा। आज नहीं तो कल जीत हमारी होगी। साथ ही कहा कि अगर हमलोग एकजुट रहे तो पटना क्या दिल्ली की सत्ता तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता है। आज निषादों की जितनी संख्या है, उस अनुपात में उनके विकास के लिए राशि नहीं खर्च की जाती है।

# दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** युवती को अपहरण कर एक घर में बंधक बनाकर कई दिनों तक दुष्कर्म करने के आरोपी सोमलाल मिर्धा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय राकेश मिश्रा की अदालत ने 376 में 20 साल की सजा सुनायी है। अदालत ने दोषी युवक पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर 2 साल की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने भादवि की धारा 366 के तहत दोषी को 10 साल की सजा एवं 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं भादवि की धारा 343 के तहत 2 साल की सजा सुनायी गई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। बंधक बनाकर दुष्कर्म की। यह घटना टोंगरा थाना क्षेत्र के में हुई थी। आरोपी युवक सोमलाल मिर्धा जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के नवाडीह गांव का रहने वाला है। इस केस में 11 गवाहों की गवाही हुई है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक सोमलाल मिर्धा ने 5 मार्च 2020 को युवती को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया। युवती टोंगरा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। आरोपी किसी रिश्तेदार के घर में युवती को बंधक बनाकर रखा था। आरोपी युवक ने उसके साथ कई दिनों दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। बाद में युवती को युवक ने छोड़ दिया। वह घर पहुंचकर आपबीती परिजनों को बतायी थी और युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया था।

# वरिष्ठ नागरिकों के मतदाता पंजीकरण लिए विशेष अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत समावेशी मतदाता सूची तैयार करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखंड के निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज वरिष्ठ नागरिकों के मतदाता पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

वरिष्ठ नागरिकों द्वारा चुनावी लोकतंत्र में निभाई गई हिस्सेदारी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए उपायुक्त, गोड्डा द्वारा आज बुजुर्ग नागरिकों के घर जाकर उन्हें सम्मान स्वरूप शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट की गई।

उपायुक्त, गोड्डा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से अपील की गई कि वे



नई पीढ़ी से अपने पूर्व के मतदान अनुभव साझा करें और चुनावी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु अपने आस पास के नए या भविष्य के मतदाताओं को प्रोत्साहित करें ताकि लोकतंत्र को और सुदृढ़ किया जा सके। 80+ आयु के कोई वरिष्ठ नागरिक का नाम यदि मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है या त्रुटिपूर्ण विवरणी है या मतदाता पहचान पत्र जीर्ण है तो ऐसी समस्याओं का निदान कर समावेशी मतदाता सूची का निर्माण करने के लिए आज वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित विशेष अभियान चलाया गया। मतदाता सूची में निबंधित वरिष्ठ नागरिकों का शत प्रतिशत सत्यापन करते हुए सूची में उनकी मार्किंग का भी कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि निराकरण या अन्य वांछित संशोधनों के लिए दिनांक 2 दिसंबर को सभी पात्र ट्रांसजेंडर, सेक्स वर्कर्स या संवेदनशील परिस्थितियों से ग्रस्त महिलाओं को समर्पित विशेष निबंधन अभियान चलाया जाएगा, जबकि 03 दिसंबर को दिव्यांगजनों के पंजीकरण, निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इससे पूर्व पीवीटीजी समुदाय एवं आश्रयगृहों में आवासित पात्र नागरिकों, गृहविहीन नागरिकों के मतदाता सूची में निबंधन हेतु अभियान चलाए जा चुके हैं।

# आपकी सरकार आपके द्वार योजना के तहत शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के दिग्घी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय देवनचक परिसर खेल मैदान में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाई गई। शिविर में मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, जॉब कार्ड निर्माण, बाल विकास परियोजना, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पशुपालन, बिजली सहित दर्जन भर से अधिक स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टालों पर संबंधित विभाग के अधिकारी सहयोगी और कर्मी ग्रामीणों के आवेदन को जमा ले रहे थे। कई ग्रामीणों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की गई और ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। विधायक दीपिका पांडे सिंह ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कई समूह की महिलाओं को फूलों झानो आशीर्वाद योजना सहित अन्य योजनाओं से संबंधित डेमो चेक वितरित किया। वहीं तीन महिलाओं का गोद भराई भी किया गया।तीन बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। कई छात्रों को छात्रवृत्ति, जाति, निवासी प्रमाण पत्र, साइकिल की राशि से संबंधित डेमो चेक, आंगनबाड़ी की बच्चों को स्वेटर आदि वितरित की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार की यह सोच है की एक भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहे। जो भी ग्रामीण जिस योजना



के योग्य लाभुक होंगे उन्हें हर परिस्थिति में संबंधित योजनाओं का लाभ मिलेगा। किसी ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्याओं या सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।हर प्रकार की समस्याओं का समाधान होगा और विभिन्न प्रकार की योजनाओं से योग्यता के आधार पर लाभूकों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि जो भी ग्रामीण शिविर में अपना आवेदन जमा कर रहे हैं उन्हें निश्चित रूप से योग्यता के आधार पर तो लाभ मिलेगा ही। लेकिन आवेदन जमा करने वाले लाभुक भी जागरूक रहे कि उनके आवेदन पर क्या कार्रवाई की गई है। उन्होंने भी कहा कि प्राथमिकता के आधार पर लाभकों को योग्यता अनुसार योजनाओं का लाभ हर संभव दिया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी आलोक भाषण वरन केसरी ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि जो लाभुक शिविर में अपना आवेदन जमा करते हैं अगर उनके आवेदन पर तत्काल कार्रवाई नहीं हो पाती है या वैसी योजनाएं हैं जो विलंब से स्वीकृत होकर उसे पर काम कराए जाने का प्रावधान होगा। वैसे ग्रामीण शिविर के बाद भी प्रखंड कार्यालय में आकर या मोबाइल फोन के माध्यम से भी जानकारी ले सकते हैं। कि उन्होंने जो आवेदन जमा किया था उस पर अब तक क्या कार्रवाई हुई और कब तक उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। बताया कि शिविर के बाद भी यह प्रयास रहेगा की एक भी आवेदक ऐसा नहीं बच्चे जिन्होंने कि शिविर में या प्रखंड कार्यालय में आकर आवेदन दिया है उनका कोई कार्य लंबित रहे। प्रयास रहेगा कि सत प्रतिशत आवेदकों के आवेदन पर योग्यता के अनुसार कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द लाभान्वित कराया जाए। बीस सुत्री प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो, मुखिया शीला देवी, पंचायत समिति सदस्य, कई वार्ड सदस्य, बी पी ओ हसदा बेंजामिन, दिलान कुमार हांसदा,आनंद रंजन झा, राजू मुरमू, अखिलेश कुमार सिंह, मुरारी मंडल, राहुल कुमार, पप्पू कुमार, इलाही अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी,सहायक और कर्मी सहित सैकड़ो ग्रामीण, मजदूर, किसान, महिला, पुरुष, युवक, युवती, बच्चे शामिल थे।

# जनजाति सुरक्षा मंच मांगों को लेकर रहेगी धरना प्रदर्शन 16 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संताल परगना जनजाति सुरक्षा मंच ने धर्मांतरित व्यक्ति को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाए जाने के लिए देशभर में 2006 से लगातार आन्दोलनरत है। यह मंच अब तक 221 जिलों में जिला रैली एवं 14 राज्यों में प्रांत स्तर की रैलियों का आयोजन कर चुका है। इन रैलियों में लगभग 60 हजार ग्रामों में सम्पर्क किया गया एवं 10 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी रही है। जिसमें सभी आयु, वर्ग, सामाजिक समूह की उपस्थिति रही। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राज किशोर हाँसदा ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि ऐसी ही रैली दुमका में 16 दिसम्बर आयोजित होगी। कुछ अन्य राज्यों में भी आगामी दिनों में प्रांत स्तरीय रैलियां होनी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा मंच पूरे देश में जनजाति समाज की अस्मिता एवं अस्तित्व के संरक्षण के लिए संघर्ष कर रहा है। जनजातियों के हक, अधिकार और न्याय के लिए प्रयासरत है। मांगों में पुरखों की संस्कृति ही हमारे हक का संवैधानिक आधार बनाने, संस्कृति व जनजाति पहचान छोड़ने वाले आरक्षण भी छोड़ दें। अनुसूचित जाति की भाँति अनुसूचित जनजाति से ईसाई और इस्लाम में धर्मांतरित सदस्यों का डी-लिस्टिंग हो, क्योंकि वे लोग कानूनन अल्पसंख्यक हो गए हैं।वर्ष 1970 ई से डी-लिस्टिंग बिल, संसद में पारित कराना, 10



फीसदी धर्मांतरित लोग मूल जनजाति की 70 फीसदी आरक्षण का लाभ लेने के अन्याय पर रोक लगाने, धर्मांतरित जनजाति को जनजाति के आरक्षण से वंचित करने एवं यदि जनजाति समाज की महिला किसी दूसरे धर्मावलम्बि पुरूष के साथ शादी कर लेती है तो उस महिला को जनजाति समाज का जाति प्रमाण-पत्र नहीं देने का मांग किया। उक्त सात बिन्दुओं पर मुख्यतया इस डी-लिस्टिंग महारैली में फोकस करने की बात कही। उन्होंने बताया कि तथ्यों बताते हैं कि अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण, संरक्षण एवं विकास के फण्ड संबंधित संवैधानिक अधिकार वे लोग छीन रहे हैं, जो पात्रा नहीं है। जो मानक पर खरे नहीं उतरते हैं। ऐसे धर्मांतरित लोगों की संख्या कुल जनजातियों की 10 फीसदीसे कम है, लेकिन ये लोग 70 फीसदी अधिकारों को हड़प रहे हैं। इस ऐतिहासिक अन्याय के विरूद्ध जनजाति समाज ने यह आन्दोलन खड़ा किया है। समाज की सज्जन शक्ति व जनजातियों की हित चाहने वाले कई अन्यान्य लोग इसमें जुड़ते जा रहे हैं। आप सभी से भी हम अपेक्षा करते हैं कि अस्मिता, अस्तित्व और विकास के इस महत्वपूर्ण विषय पर देश की लगभग 12 करोड़ जनजातियों के साथ खडे रहे और उनकी आवाज बनें। इस अवसर जिला संयोजक माईकल मुर्मू, कार्यक्रम सह संयोजक संतोष पुजहर आदि उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर विधायक के प्रतिनिधि की सक्रियता से बदली गई

**गोड्डा।** प्रखंड अंतर्गत भंडारकोली ग्राम का 25 केवी का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिसकी लिखित सूचना गोड्डा विधायक अमित मंडल जी को ग्रामीणों ने दिया अनुसंसित पत्र बिजली विभाग प्रतिनिधि गप्पू सिन्हा को देकर ट्रांसफार्मर दिलाने का निर्देश दिया गया गप्पू सिन्हा ने सभी विभागीय आवश्यक कार्रवाई करवाते हुए भेड़ा भंडारकोली 25 केवी ट्रांसफॉर्मर निर्गत कराया मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने गोड्डा विधायक एवं प्रतिनिधि को धन्यवाद आभार व्यक्त किया है और माननीय विधायक सेवा करते रहे। मौके पर रामनरेश यादव भूदेव दास फंटूश दास चुलाही दास के साथ-साथ अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### एमपी-राजस्थान में ...

पोलस्ट्रैट के सर्वे में कांग्रेस को 49 से 59, बीआरएस को 48 से 58, बीजेपी के पांच से दस, एआईएमआईएम को छह से आठ सीटें मिलने का अनुमान है। सीएनएक्स ने कांग्रेस के लिए 63-79 सीटें, बीआरएस के लिए 31-47, भाजपा के लिए 2-4 और एआईएमआईएम के लिए 5-7 का अनुमान लगाया है। मैट्रिज ने भविष्यवाणी की है कि तेलंगाना में कांग्रेस को 58-68 सीटें, बीआरएस को 46-56, बीजेपी को 4-9 और एआईएमआईएम को 5-9 सीटें मिलेंगी।

**मिजोरम विधानसभा :** 40 सीटों वाली मिजोरम विधानसभा में जन की बात के सर्वे में एमएनएफ को 10 से 14 सीटें, जेडपीएम को 15 से 25 सीटें, कांग्रेस को पांच से नौ सीटें, भाजपा को दो सीटें मिलने का अनुमान है। सीएनएक्स के अनुसार एमएनएफ को 14-18, जेडपीएम को 12-16, कांग्रेस को 8-10 और भाजपा को 0-2 सीटें मिलेंगी। सी वोटर ने कहा कि एमएनएफ को 15-21, जेडपीएम को 12-18 और कांग्रेस 2-8 को सीटें मिलने का अनुमान है।

### बाबा की भूमि से...

मेरी इच्छा यही है कि आपके पैसे बचने चाहिए। आपको बीमारी से भी बचाना और आपके जेब में भी पैसे बचाना। इसका मतलब है मोदी की दवाई की दुकान, यहां दो हजार से अधिक दवाइयां 50 से 90 फीसदी दवाओं में डिस्काउंट मिलेंगी। पीएम जन औषधि केंद्र में सरकारी जेनरिक दवाइयों के साथ-साथ कुल 1600 दवाइयां उपलब्ध होंगी।

**रामगढ़ की महिला से भी चर्चा :** इसके साथ ही पीएम ने झारखंड के रामगढ़ जिला में जन औषधि केंद्र चलाने वालीं फार्मासिस्ट से भी इस विषय पर उनसे बातचीत की। उन्होंने बताया कि एम्स में पीएम जन औषधि केंद्र खुलने से मरीजों को अमृत फामेर्सी में लंबी लाइन लगाकर दवा लेने से राहत मिलेगी। इसके साथ ही औषधि केंद्र में सस्ती दर पर सभी दवाई मिलेगी। इमरजेंसी सेवा शुरू होने पर यहां 24 घंटे ये सुविधा मिलेगी। पीएम जन औषधि केंद्र में 50 से 90 फीसदी तक मरीजों को रियायत दर पर दवाइयां मिलेंगी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि अब तक 12 हजार से ज्यादा पंचायतों तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच चुकी है। सबसे बड़ी बात कि माताएं-बहनें बहुत बड़ी संख्या में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंच रही हैं। पीएम ने 15 नवंबर 2023 को झारखंड के खूंटी से देश में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की थी। इसका उद्देश्य केंद्र की प्रमुख योजनाओं का लाभ आम लोगों तक समय पर पहुंचाना है।

### 50 हजार युवाओं ...

मैं सभी शिविरों में तो नहीं जा सकता, लेकिन कुछ शिविरों में शामिल हो रहा हूं। इन शिविरों में पहुंच कर मैं यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि सरकार ने आपके लिये जो योजनाएं बनाई है, उसका लाभ वास्तव में आपको मिल रहा है या नहीं। योजनाएं धरातल पर उतरेए इसी प्रतिबद्धता के साथ सरकार काम कर रही है। इस मौके पर सीएम ने 211 करोड़ 36 लाख 62 हजार 562 रुपए की लागत वाली 1255 योजनाओं का किया उदघाटन व शिलान्यास किया। लाभुकों के बीच 7 करोड़ 49 लाख 63 हजार 745 रुपये की परिसंपत्ति बांटी।

**बुढ़ापे की लाठी है पेंशन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर किसी को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। अब सभी बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन मिल रहा है। अब पेंशन के लिए विधवाओं और दिव्यांगों के लिए कोई उम्र सीमा की बाध्यता नहीं है। 5 वर्ष के दिव्यांग बच्चों को भी पेंशन दे रहे हैं।

**बूढ़ा पहाड़ में विकास की लंबी लकीर खींची :** सीएम ने कहा कि गढ़वा का बूढ़ा पहाड़ इलाका कभी आतंक और दहशत का पर्याय था। लोग भय के साये में जीते थे। हमारी सरकार के प्रयासों से यह इलाका अब उग्रवाद मुक्त हो चुका है। मैं स्वयं बूढ़ा पहाड़ पहुंचकर लोगों के साथ मिल बैठ कर उनके दुःख-दर्द और परेशानियां को साझा किया। आज यहां लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रहा है। पूरे इलाके में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की लंबी लकीर खीची जा रही है ।

### आज रांची पहुंचेंगे...

एक दिसंबर को इंडिगो की फ्लाइट से सभी शाम 8 बजे रांची पहुंचेंगे। फिर सभी को उनके घर भेजा जायेगा। हादसे के तुरंत बाद ही राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए एक टीम घटनास्थल पर भेजी थी। करीब 41 मजदूर 17 दिनों से टनल में फंसे हुए थे।

### दोषी करार दंपती...

**क्या था मामला :** दोनों अभियुक्त ने साजिश रचकर चान्हो निवासी महिला सोफिया परवीन ने धारदार दाउली से गला रेतकर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया था। शव दफना दिया था। घटना को लेकर ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। यह हत्या अवैध संबंध को लेकर पहली पत्नी साबो खातून को तलाक देने के दबाव में की थी। महिला का सिर रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र के चंदवे बस्ती स्थित खेत में दफना दिया गया था, जिसे पुलिस ने 12 जनवरी 2021 को बरामद किया था। घटना के 12 वें दिन पुलिस ने पहले साबो खातून को गिरफ्तार किया था। इसके बाद भाग रहा शेख बेलाल को सिकिदिरी में ऑटो में धर दबोचा था। दोनों 15 जनवरी 2021 से लगातार जेल में ही है। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 19 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

**सिर खोजने पर पांच लाख का इनाम था :** पुलिस ने सिर कटी लाश मिलने के बाद सिर खोजने वाले को पांच लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की थी। घटनास्थल पर स्निफर डॉग को भी ले जाया गया था। जंगल में सिर ढूंढने के लिये 400 पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। पुलिस मुख्यालय की ओर से 15 दिन का समय मिला था, लेकिन, पुलिस ने 12 दिनों के भीतर ही पूरे मामले का उदभेदन करते हुए अभियुक्तों को भी धर दबोच लिया था। चान्हो के चटवल निवासी ने मृतका को अपनी बेटी बतलाया। इसके बाद माता-पिता से डीएनए मैच कराया गया। तब जाकर इसकी पुष्टी हुई थी। युवती की लाश मिलने के बाद लोग आक्रोशित हो गये थे। इसी मामले में रांची के किशोरगंज चौक पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सीएम हेमंत सोरेन का काफिला रोकने की कोशिश की। गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई थी।

स्पीड न्यूज

# पांच साल में 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये : मोदी

## प्रधानमंत्री ने 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को वितरित किये नियुक्ति पत्र

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश के 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आये हैं। इससे पता चलता है कि सरकार की योजनाओं का गरीब तक पहुंचना कितना बड़ा परिवर्तन लाता है।

प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। यह रोजगार मेला देशभर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के लिए 'विकसित भारत' का निमार्ता बनने का मार्ग प्रशस्त करता है।

रोजगार मेले में नवनियुक्त युवाओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने



कहा कि देश में लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है। आज 50 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिये गये हैं। ये नियुक्ति पत्र आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि अब आप राष्ट्र निर्माण की उस धारा से जुड़ने जा रहे हैं, जिसका सीधा संबंध जन कल्याण से है। विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति पाने वालों की प्राथमिकता देशवासियों के जीवन को सुगम बनाना होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान के मुख्य वास्तुकार, बाबासाहेब आंबेडकर ने एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था, जो सभी को सामाजिक न्याय और अवसर की समानता प्रदान करे। दुर्भाग्य से स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक समानता के सिद्धांत की अनदेखी की गयी। 2014 से पहले समाज का एक विशेष वर्ग कुछ मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक देश में समानता के सिद्धांत की अनदेखी की गयी। मोदी ने कहा कि 2014 से हमने 'वंचितों को वरीयता' मंत्र को लेकर आगे बढ़ना आरंभ किया। सरकार खुद चलकर उन लोगों तक पहुंची, जिन्हें कभी योजनाओं का लाभ नहीं मिला।

प्रधानमंत्री ने एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि पांच वर्षों में देश के 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आये हैं। इससे पता चलता है कि सरकार की योजनाओं का गरीब तक पहुंचना कितना बड़ा परिवर्तन लाता है। आज सुबह ही आपने देखा होगा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' किस तरह गांव-गांव में जा रही है। आपकी तरह ही सरकार के कर्मचारी, सरकार की योजनाओं को गरीब के दरवाजे पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की नीति और निर्णयों ने आज देश की अर्थव्यवस्था को नयी ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। दुनिया की बड़ी-बड़ी संस्थाएं भारत में विकास दर को लेकर बहुत सकारात्मक हैं। मोदी ने कहा कि रेरा (रियल एस्टेट विनियम अधिनियम) के कारण रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता आयी है।

### पीएम मोदी विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने को दुबई रवाना

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को सीओपी-28 के विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री वहां तीन उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन के शुरुआती सत्र को संबोधित करेंगे और तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें से दो का भारत सह आयोजनकर्ता है। भारत को उम्मीद है कि सीओपी-28 में जलवायु वित्त पर एक स्पष्ट रोडमैप पर सहमति बनेगी। पीएम शिखर सम्मेलन के इतर अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। प्रधानमंत्री 1 दिसंबर की शाम को वहां से स्वदेश वापसी करेंगे।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे 14 देशों के कलाकार

**आयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी 2024 को रामलीला कमेटी 'अयोध्या की रामलीला' ने रामलीला मंचन की विशेष तैयारी की है। 17 से 22 जनवरी तक होने वाले इस आयोजन में 14 से अधिक देशों के विदेशी कलाकार शिरकत करेंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी भी रामलीला में इतनी बड़ी संख्या में विदेशी कलाकार शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेशी मेहमानों की मौजूदगी में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। 'अयोध्या की रामलीला' के अध्यक्ष सुभाष मलिक के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह को और खास बनाने के लिए ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, रूस, मलेशिया, अमेरिका, इजराइल, अफगानिस्तान, जापान, चीन, जर्मनी, थाईलैंड, बांग्लादेश, पाकिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों के कलाकार अयोध्या आने वाले हैं।

### कोटा में तीन दिन में दो कोचिंग विद्यार्थियों ने की आत्महत्या

**कोटा।** शिक्षा नगरी कोटा में पिछले तीन दिन में दो कोचिंग विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर ली। इस वर्ष कोचिंग के लिए शहर में आये 29 विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। गुरुवार को महावीर नगर प्रथम के एक हॉस्टल में रहने वाली उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के नगला जोधा गांव की 22 वर्षीय छात्रा निशा यादव ने आत्महत्या कर ली। वह एक कोचिंग संस्थान से नीट की तैयारी कर रही थी। इससे तीन दिन पहले पश्चिम बंगाल के एक कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली थी।

### लोस महासचिव यूके सिंह का कार्यकाल बढ़ा

**नयी दिल्ली।** लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। एक सरकारी आदेश के अनुसार लोकसभा और लोकसभा सचिवालय के महासचिव (कैबिनेट सचिव के पद और स्थिति में) के रूप में उत्पल कुमार सिंह का कार्यकाल 1 दिसंबर, 2023 से 30 नवंबर, 2024 तक 1 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है।

### ज्ञानवापी सर्वे : एएसआइ को और 10 दिन का समय

**वाराणसी।** जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए गुरुवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) को दस दिन का और समय दे दिया। एएसआइ ने जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर 21 दिन के समय की मांग की थी। यह चौथी बार है, जब सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एएसआइ को मोहलत मिली है।

### पं. विजयशंकर को डॉ हेडगेवार प्रज्ञा सम्मान

**कोलकाता।** कोलकाता महानगर की सुप्रसिद्ध साहित्यिक-सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय द्वारा प्रवर्तित डॉ हेडगेवार प्रज्ञा सम्मान के 34वें वर्ष का सम्मान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जीवन प्रबंधन गुरु तथा ध्यान केंद्र शांतम के संस्थापक पं. विजयशंकर मेहता (उज्जैन) को भारतीयता युक्त जीवन प्रबंधन के सूत्र से समाज को नयी दिशा प्रदान करने के लिए दिया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन 17 दिसंबर को होगा।

### इजराइल-हमास के बीच युद्धविराम बढ़ा

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध विराम एक और दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। दोनों पक्ष युद्धविराम को 24 घंटे और बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। बताया जाता है कि हमास की तरफ से 10 बंधकों की लिस्ट इजराइल को सौंपी गयी है।

### काठमांडू में गुटखा व तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में गुटखा सहित सभी तंबाकू पदार्थों की बिक्री व वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया गया है।

## हेनरी किसिंजर का सौ वर्ष की आयु में निधन

**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिका के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैसे अहम पदों पर काम कर चुके हेनरी किसिंजर का बुधवार को कनेक्टिकट स्थित आवास पर 100 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें राजनेता व सफल राजनयिक के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मामलों पर कई किताबें लिखीं। जर्मनी में पैदा हुए किसिंजर, यहूदियों के खिलाफ नाजी अभियान से पूर्व परिवार सहित अमेरिका आ गये थे। आगे चलकर 1943 में अमेरिकी नागरिक बने और कई अहम वैश्विक घटनाक्रमों में अमेरिकी गतिविधि का प्रमुख हिस्सा रहे। वियतनाम के साथ शांति समझौते में हेनरी ने सक्रिय भूमिका निभायी थी। हालांकि, वे कई बड़े विवादों में भी रहे, जिसमें 1971 के



भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनपर आरोप था कि उन्होंने बांग्लादेश के लोगों के नरसंहार में पाकिस्तान का साथ दिया था। उन्होंने इराक पर अमेरिका के हमले में जॉर्ज बुश सरकार का समर्थन किया था। चीन के साथ अमेरिकी संबंधों के हिमायती किसिंजर को चीन के साथ अमेरिका की कूटनीतिक वार्ता की शुरुआत का श्रेय दिया जाता है। किसिंजर को 1973 में शांति का नोबेल पुरस्कार देने की पेशकश हुई, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

### शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक कल

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को दिन में 11:00 बजे संसद पुस्तकालय भवन, नयी दिल्ली में होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर को शुरू होगा और 22 दिसंबर को समाप्त हो सकता है। 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी। सामान्य तौर पर सर्वदलीय बैठक सत्र शुरू होने से एक दिन पहले ही बुलायी जाती है, लेकिन तीन दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना होने के कारण इस बार बैठक दो दिसंबर को बुलायी गयी है।

## बीसीसीएल ने शुरू किया 5 मिलियन टन मधुबंद वाशरी का वाणिज्यिक परिचालन

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की अत्याधुनिक 5.0 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाली मधुबंद वाशरी का वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो गया है। यह इस्पात क्षेत्र में कोकिंग कोल आपूर्ति को बढ़ाने के लिए सबसे बड़ी और अत्याधुनिक वाशरी है।

कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि बीसीसीएल ने अत्याधुनिक 5.0 मिलियन टन मधुबंद वाशरी का वाणिज्यिक परिचालन 29 नवंबर को सीएमडी समीरन दत्ता की उपस्थिति और मार्गदर्शन में शुरू किया। मंत्रालय के मुताबिक यह भारत में सबसे बड़ी कोकिंग कोल



वॉशरी में से एक है, जो तकनीकी रूप से उन्नत, लॉजिस्टिक दक्षता और अत्याधुनिक तकनीक से संपन्न है।

मंत्रालय ने बताया कि यह कोकिंग कोल वॉशरी देश को इस्पात क्षेत्र को अधिक धुले हुए कोकिंग कोयले की आपूर्ति करने में सक्षम बनाकर आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करेगी, जिससे कोकिंग कोयले के आयात के माध्यम से विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम किया जा सकेगा। कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 24 मार्च 2022 को औपचारिक रूप से वाशरी का उद्घाटन किया था।

## रक्षा मंत्री ने की भारतीय तटरक्षक बल की प्रशंसा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल (आइसीजी) से देश की तटीय सुरक्षा और समुद्री क्षमताओं को मजबूत बनाने की दिशा में पूरे समर्पण और पेशेवर अंदाज के साथ लगातार काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने नयी दिल्ली में 40वें तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए खोज, बचाव और प्रदूषण प्रतिक्रिया के क्षेत्र में अग्रणी रहकर समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल की प्रशंसा की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आइसीजी ने अपनी स्थापना के बाद से सभी परिस्थितियों में नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में उनकी महत्वपूर्ण सेवा की है। उन्होंने प्रतिबंधित पदार्थ और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने की जरूरत पर भी जोर दिया। सम्मेलन के दौरान आइसीजी के महानिदेशक राकेश पाल ने रक्षा मंत्री को मौजूदा विकास परियोजनाओं, परिचालन तत्परता और भविष्य की विस्तार योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन समुद्री चुनौतियों का समाधान करना और देश के तटीय निगरानी तंत्र को मजबूत बनाना है। इस सम्मेलन में रक्षा मंत्रालय और आइसीजी के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी अधिकारी भविष्य के लिए रोडमैप सामने रखते हैं और विभिन्न नीति और रणनीतिक मुद्दों के बारे में चर्चा करते हैं। इसका उद्देश्य सेवा के लिए एक भविष्यवादी विजन तैयार करना और चुनौतियों को कुशलतापूर्वक दूर करने के तौर-तरीकों के बारे में विचार-विमर्श करना है।

### नौसेना के तीन जहाज एक साथ कोच्चि में लांच

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए बनाये जा रहे 8 एक्स एएसडब्ल्यू शैलो वॉटर क्राफ्ट (सीएसएल) परियोजना के प्रथम तीन जहाज माहे, मालवन और मंगरोल गुरुवार को एक साथ कोच्चि में लांच किये गये। समुद्री परंपरा को ध्यान में रखते हुए तीनों जहाजों को नौसेना के अधिकारियों की पत्नियों ने अथर्ववेद के मंगलाचरण के साथ लांच किया। इन शैलो वॉटर क्राफ्ट्स के नाम भारत के तट से सटे रणनीतिक महत्व के बंदरगाहों के नाम पर रखे गये हैं और ये अपने हमनाम पूर्ववर्ती युद्धपोतों की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में शैलो वॉटर क्राफ्ट माहे को आइएनए के कमांडेंट वाइस एडमिरल पुनीत बहल की पत्नी अंजलि बहल ने, मालवन को सी-इन-सी वाइस एडमिरल सूरज बेरी की पत्नी कंगना बेरी ने और मंगरोल को नौसेना उप-प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह की पत्नी जरीन लॉर्ड सिंह ने लांच किया।

### वायु सेना के लिए 97 एलसीए तेजस और 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को वायु सेना के लिए 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके-1ए और 156 लाइट कांबैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड खरीदने को मंजूरी दे दी। इसके अलावा नौसेना के लिए मध्यम दूरी की एंटी-शिप मिसाइलों को मंजूरी दी गयी है। सेना के लिए टोड आर्टिलरी गन सिस्टम की खरीद को भी सरकार से मंजूरी मिल गयी है। रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के लिए 98 फीसदी हथियार घरेलू उद्योगों से खरीदे जायेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में 2.23 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के संबंध में मंजूरी दी गयी।

### देशभर के 52 सैनिक स्कूलों के लिए प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी को

**जयपुर।** देश के रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित 33 सैनिक स्कूलों और 19 नये सैनिक स्कूलों में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इनके लिए ऑनलाइन आवेदन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की वेबसाइट पर 16 दिसंबर तक चलेंगे। रक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार इस साल चुनिंदा स्कूलों की कक्षा-9 में भी लड़कियों को प्रवेश मिल सकेगा। इससे पहले लड़कियों को केवल छठी कक्षा में ही दाखिला मिलता था। अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा -2024 के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 जनवरी 2024 को किया जायेगा। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। देशभर में परीक्षा 186 शहरों में आयोजित होगी। प्रवेश के लिए पात्रता कक्षा छह के लिए उम्मीदवार की आयु 31 मार्च 2024 को 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। लड़कियों के लिए भी आयु मानदंड वही है। कक्षा नौवीं के लिए आयु 31 मार्च 2024 को 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए और किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए।

## हम 70 से अधिक सीटों के साथ सत्ता में आयेंगे : केटीआर

**हैदराबाद (हि.स.)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्य के मंत्री केटीआर ने विश्वास जताया कि वे 70 से अधिक सीटें जीतेंगे और हैट्रिक बनायेंगे। गुरुवार की शाम एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ गये हैं। उसके मुताबिक, तेलंगाना में कांग्रेस को 58 से 67 सीटें मिल सकती हैं, जबकि बीआरएस को 41-48 सीटें, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम को छह से आठ सीटें और भाजपा को 5 से 10 सीटें मिल सकती हैं।


इस एग्जिट पोल के रुझानों को बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव (केटीआर) ने खारिज करते हुए कहा कि यह सब बकवास है और असत्य है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि एग्जिट पोल उनके खिलाफ हैं। उन्होंने मतदान के बाद तेलंगाना भवन हैदराबाद में आयोजित एक मीडिया सम्मेलन में यह बात कही। एग्जिट पोल में कहा गया था कि बीआरएस 2018 में हारेगी, लेकिन भारत राष्ट्र समिति ( बीआरएस) अपनी सरकार बनायी।

केटीआर ने भविष्यवाणी की है कि बीआरएस 70 से ज्यादा सीटों के साथ सत्ता में आयेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि एग्जिट पोल इतने वैज्ञानिक होते हैं। एग्जिट पोल सर्वेक्षण तब आयोजित किया जायेगा, जब मतदान चल रहा होगा। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ताओं को सलाह दी है कि वे एग्जिट पोल की भविष्यवाणियों के बारे में चिंता न करें।

### जी किशन रेड्डी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की शिकायत

**नयी दिल्ली।** तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने मुख्य चुनाव आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवारों और उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ चुनावी कदाचार का आरोप लगाया है। गुरुवार को मतदान के दौरान जी किशन रेड्डी ने अपनी शिकायत में कहा कि बीआरएस के कार्यकर्ता पोलिंग स्टेशन में लोगों को अपने पक्ष में वोट डलवाने का काम कर रहे हैं। पोलिंग स्टेशन पर तैनात अधिकारी और पुलिस भी मौन हैं और कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### 'सैम बहादुर' की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान रेखा ने जीता सबका दिल



विक्की कौशल की आने वाली फिल्म 'सैम बहादुर' की स्पेशल स्क्रीनिंग में कई बॉलीवुड कलाकार और मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक है और विक्की कौशल पर्दे पर उनका किरदार निभाते नजर आयेंगे। फिल्म की स्क्रीनिंग में बॉलीवुड की सदाबहार एक्ट्रेस रेखा भी शामिल हुईं। कैमरे के सामने रेखा की हरकतों ने वहां मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। 'सैम बहादुर' की स्पेशल स्क्रीनिंग में रेखा काले कांजीवरम साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। रेखा की मौजूदगी ने सेलेब्रिटी के इस क्रेज में चार चांद लगा दिये। रेड कारपेट पर रेखा को देखकर मीडिया भी खुश हो गयी। कैमरे के सामने आते ही रेखा फिल्म के पोस्टर की ओर मुड़ीं और दोनों हाथ जोड़कर पोस्टर को प्रणाम किया। रेखा के इस कदम की सोशल मीडिया पर खूब सराहना होती नजर आ रही है। सैम मानेकशॉ की छवि के आगे झुकने वाली रेखा को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। कई लोगों ने कमेंट किया है कि रेखा सच्ची देशभक्त हैं। रेखा, कैटरीना कैफ के अलावा विक्की कौशल के माता-पिता भी फिल्म की स्क्रीनिंग में शामिल हुए। कैमरे के सामने विक्की कौशल अपने पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लेते नजर आये और उनकी इस अदा ने लोगों का दिल जीत लिया। फिल्म 'सैम बहादुर' में विक्की के साथ सान्या मल्होत्रा भी हैं। इस फिल्म में सान्या सैम मानेकशा की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। फातिमा सना शेख भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आयेंगी।

### दिल्ली में फिर से लागू हो सकती हैं ग्रैप-3 की पाबंदियां

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से आयोग क्रमिक कार्रवाई कार्ययोजना (ग्रैप) के तीसरे चरण की पाबांदिया लागू हो सकती हैं। गुरुवार को दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 398 दर्ज किया गया। इस स्थिति को देखते हुए गुरुवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उपसमिति ने समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद आयोग ने जानकारी दी कि स्थिति की निगरानी की जा रही है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के साथ एक्यूआइ के पूवार्नुमान का भी जायजा लिया गया। अगर यही स्थिति अगले एक दो दिन और रही तो ग्रैप के चरण-3 की पाबंदियां लगायी जा सकती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के शाम के एक्यूआइ बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआइ आज 398 दर्ज किया गया।

## मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** पूरे दिन सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव के बीच कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को मामूली बढ़त के साथ नवंबर महीने के कारोबार का अंत किया। नवंबर महीने के दौरान शेयर बाजार में करीब 5.5 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गयी, जिसके कारण एक महीने में निवेशकों की संपत्ति में करीब 24 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। वहीं, सिर्फ आज के कारोबार से शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में 2.35 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गयी।

लिवाली के सपोर्ट से सेंसेक्स 86.53 अंक की बढ़त के साथ 66,988.44 अंक के स्तर पर बंद होने में सफल रहा। दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद कारोबार के आखिरी 1 घंटे के दौरान हुई खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 36.55 अंक की मजबूती के साथ 20,133.15 अंक के स्तर पर




बंद हुआ। आज दिन भर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, रियल्टी और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह मेटल, ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी सेक्टर में भी तेजी बनी रही।

### राजकोषीय घाटा अक्टूबर में सालाना लक्ष्य के 45 फीसदी पर

**नयी दिल्ली।** सरकार का राजकोषीय घाटा अक्टूबर महीने के अंत में पूरे साल के बजट अनुमान के 45 फीसदी पर पहुंच गया है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में जानकारी दी कि वास्तविक संदर्भ में चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान राजकोषीय घाटा 8.03 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 45.6 फीसदी रहा था। सरकार के व्यय और राजस्व के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहते हैं। इसको हम दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि राजकोषीय घाटा तब होता है, जब सरकार का व्यय एक वित्त वर्ष में उत्पन्न राजस्व से अधिक होता है। सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 17.86 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है।

VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# उज्जवल भविष्य की ओर: भारत की जी-20 अध्यक्षता और बहुपक्षवाद की शुरूआत



**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**




**भारत** द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के आज 365 दिन पूरे हो गए हैं। यह 'वसुधैव कुटुंबकम', की भावना को प्रतिबिंबित करने, इसके लिए पुनः प्रतिबद्ध होने और इसे जीवंत बनाने का क्षण है।

जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा थाः कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट, जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं। इसके अलावा, कमजोर होता मल्टीलैटरलइज्म यानी बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा।

जी-20 का अध्यक्ष बनने के बाद, भारत ने दुनिया के सामने जीडीपी-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव-केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया। भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंततः, भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया, वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी।

समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक - ये चार शब्द जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी), जिसे सभी जी-20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ (एयू) को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी-20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है।

भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक ह्यवॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरूआत की। इस बैठक के दो संस्करण आयोजित हुए। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरूआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नरैटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा।

समावेशिता की वजह से ही जी-20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जोकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था। ह्लजनभागीदारीह्व कार्यक्रमों के माध्यम से, जी-20 1.4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा और इस प्रक्रिया में सभी राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों (यूटी) को भागीदार के रूप में शामिल किया गया। भारत ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्य विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जी-20 के दायित्वों के अनुरूप विकास के व्यापक लक्ष्यों की ओर हो।

2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) में तेजी लाने के लिए जी-20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर एक व्यापक एक्शन ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाया।

इस प्रगति को संचालित करने वाला एक प्रमुख क्षेत्र मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है। इस मामले में आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसे डिजिटल इनोवेशन के क्रांतिकारी प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाले भारत ने निर्णायक सिफारिशें दीं। जी-20 के माध्यम से, हमने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी को सफलतापूर्वक पूरा किया जोकि वैश्विक तकनीकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। कुल 16 देशों के 50 से अधिक डीपीआई को शामिल करने वाली यह रिपॉजिटरी, समावेशी विकास की शक्ति का लाभ उठाने के लिए ग्लोबल साउथ को डीपीआई का निर्माण करने, उसे अपनाने और व्यापक बनाने में मदद करेगी।

हमने तात्कालिक, स्थायी और न्यायसंगत बदलाव लाने के महत्वाकांक्षी एवं समावेशी लक्ष्य पेश किए। घोषणा का ह्यग्रीन डेवलपमेंट पैक्टह्व एक व्यापक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करके भुखमरी से निपटने और पृथ्वी की रक्षा के बीच चुनाव करने की चुनौतियों का समाधान करता है। इस रोडमैप में रोजगार एवं इकोसिस्टम एक-दूसरे के पूरक हैं, उपभोग जलवायु परिवर्तन के प्रति सचेत है और उत्पादन पृथ्वी के अनुकूल है। साथ ही, जी-20 घोषणा में 2030 तक रीन्यूबल एनर्जी की वैश्विक क्षमता को तीन गुना करने का महत्वाकांक्षी आह्वान किया गया है। ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस की स्थापना और ग्रीन हाइड्रोजन को अपनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास के साथ एक स्वच्छ एवं हरित दुनिया बनाने संबंधी जी-20 की महत्वाकांक्षाएं निर्विवाद हैं। यह हमेशा से भारत का मूल्य रहा है और सतत विकास के लिए जीवनशैली (छ्रऋए) के माध्यम से, दुनिया हमारी सदियों पुरानी परंपराओं से लाभान्वित हो सकती है।

इसके अलावा घोषणापत्र में जलवायु न्याय और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है, जिसके लिए ग्लोबल नॉर्थ से पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता देने का अनुरोध किया गया है। पहली बार विकास के वित्तपोषण से जुड़ी कुल राशि में भारी बढ़ोतरी की जरूरत को स्वीकार किया गया जो अरबों डॉलर से बढ़कर खरबों डॉलर हो गई है। जी-20 ने यह माना कि विकासशील देशों को वर्ष 2030 तक अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने के लिए 5.9 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता है।

इतने ज्यादा संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए जी-20 ने बेहतर, ज्यादा विशाल और अधिक प्रभावकारी मल्टीलैटरल डेवलपमेंट बैंक के महत्व पर विशेष जोर दिया। इसके साथ-साथ भारत संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लागू करने, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे प्रमुख संस्?थानों के पुनर्गठन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे और भी अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

नई दिल्ली घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्र में रखा गया, जिसकी परिणति अगले वर्ष महिलाओं के सशक्तिकरण पर एक विशेष वर्किंग ग्रुप के गठन के रूप में होगी। भारत का महिला आरक्षण विधेयक 2023, जिसमें भारत की लोकसभा और राज्य विधानसभा की एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है, महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रति हमारी वचनबद्धता का प्रतीक है।

नई दिल्ली घोषणापत्र इन प्रमुख प्राथमिकताओं में सहयोग सुनिश्चित करने की एक नई भावना का प्रतीक है, जो नीतिगत स्पष्टता, विश्वसनीय व्यापार, और महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। यह बड़े गर्व की बात है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान जी-20 ने 87 परिणाम हासिल किए और 118 दस्तावेज अपनाए, जो अतीत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से काफी अधिक है।

जी-20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जियो-पॉलिटिकल मुद्दों और आर्थिक प्रगति एवं विकास पर उनके प्रभावों पर व्यापक विचार-विमर्श की अगुवाई की। आतंकवाद और नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य है, और हमें जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाकर इससे निपटना चाहिए। हमें शत्रुता से परे जाकर मानवतावाद को अपनाना होगा और यह दोहराना होगा कि यह युद्ध का युग नहीं है। मुझे अत्यंत खुशी है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं: इसने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की, और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। अब जबकि हम जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं, तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।


# भारत यायावर की कृतियां सदा हिन्दी सेवियों का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी

**विजय केसरी**

**भारत** यायावर ने साठ से अधिक पुस्तकों का सृजन किया था। फणीश्वर नाथ रेणु रचनावली एवं महावीर प्रसाद द्विवेदी रचनावली कुल सोलह खंडों में है। शेष उनकी पुस्तकें काव्य संग्रह, आलोचना, समीक्षा एवं विविध साहित्यिक विषयों पर आधारित है। इसके अलावा भी विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं एवं फेसबुक पर इनकी अनगिनत रचनाएं बिखरी पड़ी हुई हैं। वे नियमित रूप से लिखते थे। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में अपनी सामग्रियां भेजा करते थे। अब चूंकि वे इस धरा पर नहीं है। उनका सृजन रुक गया। उनकी सामग्रियां जहां की तहां पड़ी हुई हैं। उनकी कविताएं, आलोचनाएं, समीक्षाएं और हिंदी साहित्य के विविध विषयों पर लिखे लेख बहुत ही महत्वपूर्ण है। उनकी रचनाएं नए लेखकों कवियों, समीक्षकों, संपादकों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। आज भारत यायावर की रचनाएं एक प्रश्नावली की मांग कर रही हैं। जब तक भारत यायावर इस धरा पर रहें, सदा गतिशील रहें, सदा रचना रत रहें। साहित्य के अलावा उन्होंने इधर उधर बिल्कुल झांका नहीं। हिंदी साहित्य ही उनके जीवन का सब कुछ था। वे हिंदी साहित्य के इनसाइक्लोपीडिया बन गए थे। हिंदी साहित्य पर क्या कुछ लिखा जा रहा है ? उनके पास बिल्कुल ताजा जानकारी रहती थी। पूर्व के रचनाकारों ने हिंदी साहित्य को किस तरह समृद्ध किया है ? इस पर उनकी टिप्पणी सुनते बनती थी। उनकी बातों को सुनकर प्रतीत होता था कि उन्हें हिंदी साहित्य की कितनी जानकारी थी।

भारत यायावर की प्रकाशित व अप्रकाशित रचनाओं की खोज हिंदी साहित्य के लिए बहुत जरूरी है।? भारत यायावर एक तपस्वी की तरह अपना संपूर्ण जीवन हिंदी साहित्य को समर्पित कर दिया था। उन्होंने साहित्य की गहराइयों में जाकर जीवन भर खोज, चिंतन और मनन किया था। उन गहराइयों की खोज को अपनी कलम से लिपिबद्ध भी किया था। उनकी खोज पूर्ण रचनाएं समय-समय पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपती रहती थीं। उनकी कई महत्वपूर्ण रचनाएं हिंदी दैनिक अखबारों में भी छपती रहती थी। वे पिछले लगभग आठ दस वर्षों से फेसबुक पर नियमित रूप से कुछ ना कुछ लिखा करते थे। उनके एक-एक लेख पर सैकड़ों टिप्पणियां आती थीं। अब जरूरत है, उनके लेखों को संकलित कर एक रचनावली का रूप देने की।

भारत यायावर का जन्म हजारीबाग के एक छोटे से गांव कदवा में जरूर हुआ था, लेकिन उनका साहित्यिक संसार बहुत ही विशाल था। उन्होंने प्रांत की सीमा को अपनी विशिष्ट लेखकीय प्रतिभा के बल पर बहुत ही कम उम्र में लांघ दिया था। उन्होंने राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनकी गिनती देश के एक वरिष्ठ साहित्यकार के रूप में होने लगी थी। उनकी रचनाएं देशभर में पढ़ी जाने लगी। देशभर से उन्हें बड़ी बड़ी गोष्ठियों से आमंत्रण मिलता था। वे इन गोष्ठियों में बहुत ही गर्मजोशी के साथ शिरकत करते थे। इन गोष्ठियों में उनकी साहित्यिक बातों एवं कविताओं को सुनने के लिए लोग दूर दूर से आया करते थे। वे इन गोष्ठियों के मुख्य वक्ता बन जाते थे। उनकी विद्वता पूर्ण बातों की चर्चा आज भी होती है। अपने वक्तव्य की तारीफ सुनकर भारत यायावर कहा करते थे, 'वक्तव्य दिया, लोग सुने। बातें वहीं खत्म हो जाती हैं। अगर बातें कागज पर दर्ज हो जाती हैं, वही बातें जीवित रह पाती हैं। इसलिए बोलने से कई गुना महत्वपूर्ण है,लिखना।' आज उनकी कही बातों पर मनन करने से प्रतीत होता है कि वे कितने दूरद्रष्टा थे। उन्होंने बात ही बात में कितनी बड़ी बात कह दी थी। यह बात समाज में कहीं जाती है कि लिखतम के आगे वक्तम नहीं।



भारत यायावर निश्चित तौर पर एक बड़े साहित्यकार थे। वे एक सहज, सरल, प्रकृति के साहित्यकार थे। जीवन पर्यंत नए लेखकों को प्रोत्साहन करते रहे थे। उन्होंने नए लेखकों को आगे बढ़ाने में कभी भी कोई कोर कसर छोड़ा नहीं। उनसे पढ़ें- सीखे कई साहित्यकार आज राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक रहे हैं। भारत यायावर सभी से समान रूप से प्यार किया करते थे। वे हिंदी के साहित्यकार होने के बावजूद देश दुनिया में विभिन्न भाषाओं में क्या लिखा जा रहा है ? इसका भी व्यापक अध्ययन किया करते थे।

भारत यायावर की पुस्तकों की खासियत यह है कि एक बार जो भी पाठक पढ़ने की शुरूआत करता है, अंत करके ही छोड़ पाता है।

आज उनके जन्मदिन पर उनकी एक महत्वपूर्ण कृति 'कविता फिर भी मुस्कुराएगी' कविता संग्रह की विशेष रूप से चर्चा करना चाहता हूं। इस संग्रह में कुल उनहत्तर कविताएं दर्ज हैं। सभी कविताएं विविध विषयों पर लिखी गई हैं। कविताओं के पाठन के उपरांत मैं यह विमर्श कर रहा था कि आखिर भारत यायावर ने इस संग्रह का नामकरण 'कविता फिर भी मुस्कुराएगी' शीर्षक कविता को ही क्यों चुना ? इस संग्रह की कविताओं के पाठन से लगा कि उन्हें संपादन की भी बड़ी अच्छी समझ थी। इस संग्रह का नामकरण इससे बेहतर और कुछ हो भी नहीं सकता था।

'कविता फिर भी मुस्कुराएगी' कविता के माध्यम से कवि भारत यायावर ने दर्ज किया है। टहनियां सूख जाएंगी/ अपना होने का अर्थ मिट जाएगा/ कविता फिर भी मुस्कुराएगी। इन पंक्तियों के माध्यम से कवि कहते हैं कि टहनियां सुख जाएंगी। अपना होने का अर्थ मिट जाएगा। फिर भी कविता मुस्कुराएगी। अर्थात यह जीवन एक वृक्ष के समान है। समय के साथ एक वृक्ष का उदय होता है। समय के साथ वृक्ष पुष्पित और पल्लवित होता है और अपना संपूर्ण आकार ग्रहण करता है। लेकिन एक न एक दिन उसकी टहनियां धीरे धीरे कर सूखती चली जाती है। एक समय ऐसा आता है, जब वृक्ष का अस्तित्व मिट जाता है। लेकिन मनुष्य के जीवन के वृक्ष से निकले उदगार और कर्म कविता के रूप में फिर भी मुस्कुराते रहेंगे। भारत यायावर की पंक्तियां एक जीवन के समान हैं। उनकी पंक्तियां चंद शब्दों के मिलान भर नहीं है, बल्कि मनुष्य का संपूर्ण जीवन है। मनुष्य का जीवन अनंत काल से है। और अनंत काल तक बना रहेगा। कविता का जन्म ना मरने के लिए होता है। कविता की पंक्तियां कालजई होती हैं। कविता अमरता का वरदान लेकर ही पैदा होती हैं। कविता जब भी किसी पाठक के पास पहुंचती हैं। कविता पुनः गतिशील हो जाती हैं। कविता गीता के श्लोकों की तरह सदा साक्षी भाव में रहती हैं। कविता दुःख - सुख दोनों में सदा मुस्कुराती रहती हैं। यही कविता की खूबसूरती है।

# एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के हों गंभीर प्रयास

**विश्व एड्स दिवस (1 दिसम्बर) पर विशेष**

**योगेश कुमार गोयल**

**एड्स** न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए आज भी एक भयावह शब्द है, जिसे सुनते ही भय के मारे पसीना छूटने लगता है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2022 के अंत तक 3.9 करोड़ से भी ज्यादा लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ ह्यविश्व एड्स दिवसह्व मनाया जाता है, जो इस वर्ष ह्यलैट कम्युनिटी लीडह्व विषय के साथ मनाया जा रहा है।

वैसे एड्स के इतिहास पर नजर डालें तो 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी साकोर्मा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे ह्यगे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसीह्व (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है।

यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला कर-के मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति ह्यएड्सह्व कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में करीब 42 फीसदी की कमी आई है।

फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे।

वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।

एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी।

इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।


(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# योगदा कॉलेज में जीएसटी पर सेमिनार

योगादा सत्संग महाविद्यालय में जीएसटी (वस्तु और सेवा कर) के क्षेत्र में विशेषज्ञ सीएमए अजय दीप वाधवा द्वारा 30.11.23 को एक सत्र आयोजित किया गया। छात्रों और शिक्षकों के लिए जीएसटी की महत्वपूर्ण अवधारणाओं को समझने का एक अमूल्य अवसर साबित हुआ।

अजय दीप वाधवा सर, जिनके पास व्यापक ज्ञान और व्यावसायिक अनुभव है, उन्होंने सत्र के दौरान जीएसटी के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की, जिससे छात्रों को आनंद आया और प्रेरित हुए।

प्रोफेसर हेमंत कौशिक, जो इस विषय को बीकॉम के छात्रों को पढ़ाते हैं, ने सीएमए संदीप कुमार को सर्टिफिकेशन कोर्स लेने के लिए आमंत्रित किया, और 47 छात्रों ने मास्टरिंग दी जीएसटी एक सर्टिफिकेशन पाठ्यक्रम को पूरा किया। छात्रों को 7 सितंबर को सुधा डेयरी को यात्रा करने का भी अवसर प्राप्त किया। गुरुवार को अजय दीप वाधवा सर, अंतरराष्ट्रीय नवोदया चैंबर ऑफ कॉमर्स के झारखंड हेड, ने योगोदा कॉलेज का दौरा किया और अपने व्यावसायिक ज्ञान को साझा किया। योगोदा सत्संग महाविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय नवोदया चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीच एमओयू भी साइन किया गया।




# खुर्शीद अहमद दुबई में हुए सम्मानित

**पीएलएफ** के संस्थापक और सचिव खुर्शीद अहमद को मुशायारा-इन-दुबई में किया सम्मानित। यह सम्मान उन्हें शेख सुहैल मोहम्मद जरूनी ने शेख राशिद ऑडिटोरियम में दिया। यह सम्मान उन्हें पटना में पीएलएफ और अंदाज-ए-बयां और की ओर से आयोजित सफल कवि सम्मेलन और मुशायरा के आयोजन के लिए दिया गया है। बता दें कि कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन 13 अगस्त को पटना के प्रसिद्ध होटल रॉयल बिहार में किया गया था, जिसमें 600 दर्शकों ने शिरकत की थी। पटना में पहली बार किसी मुशायरे की टिकट बुक माई शो पर बिकी थी। ऐसा पहली बार हुआ था कि दर्शकों को एक ही छत के नीचे देश के कई बड़े कवियों को सुनने का मौका मिला था। अंदाज-ए-बयां और ने पहली बार पीएलएफ के साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में जयपुर, हैदराबाद, झारखंड और बिहार के जिलों से लोग आए थे। पटना में आयोजित कवि सम्मेलन और मुशायरा ने लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली। दुनियाभर के करीब 3.5 करोड़ लोगों ने अभी तक इस कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से देखा है। जबकि 10 लाख (1 मीलीयन) लोगों ने सिर्फ पीएलएफ के संस्थापक और सचिव खुर्शीद अहमद के भाषण को सुना है। यह पटना के लिए गर्व की बात है कि दुनियाभर के दर्शकों ने पटना को देखा। खुर्शीद अहमद पटना लौट चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षण गर्व और खुशी का है। बिहार के दर्शक ने मुझे यह तोह्फा दिया है। यह गर्व सिर्फ बिहार के लिए नहीं है बल्कि पूरे भारत के लिए है। दर्शकों ने इस कार्यक्रम को बेइंतहा प्यार दिया है और आगे भी देते रहेगे। इसके साथ ही जिम्मेदारियां भी बढ़ गई है। उन्होंने पीएलएफ और एडवांटेज